माघ कृष्ण पक्ष, दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

हल्द्वानी
सोमवार, 5 फरवरी 2024
वर्ष 3, अंक 353, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अयोध्या में राम मंदिर के बाद दहशत में बांग्लादेशी हिंदू 16

पहली बार मुंबई आते ही शाहरुख को पड़ा था थप्पड़ 15

मैदानों में बारिश और पहाड़ों में बर्फबारी ने ठिठुराया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ पहाड़ी जिलों में भारी बर्फबारी के कारण कई स्थानों पर गाड़ियों की आवाजाही बंद

अमृत विचार: उत्तराखंड में शनिवार से बदले मौसम ने एक बार फिर लोगों को ठिठुरा दिया है। रविवार तक बर्फबारी से उत्तराखंड की पहाड़ियां ढकनी शुरू हो गई हैं। देवभूमि में पहाड़ों ने खुद को बर्फ की सफेद चादर से ढक लिया है।

उत्तराखंड के चारों धामों में लगातार बर्फबारी हो रही है। उत्तराखंड में चारधाम के साथ ही रुद्रप्रयाग में कालिशिला, चोपता तुंगनाथ, मदमहेश्वर घाटी के साथ ही चमोली जिले में हेमकुंड साहिब औली समेत हिमालय की चोटियों पर भी लगातार बर्फबारी हो रही है। पहाड़ी जिलों में भारी बर्फबारी के कारण कई जगहों पर गाड़ियों की आवाजाही बंद हो गई है।

राज्य के मैदानी इलाकों में कहीं भारी तो कहीं बारिश के साथ घना कोहरा लग रहा है। उत्तराखंड के अधिकतर क्षेत्रों में तापमान में 4 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, अगले दो दिन राज्य में मौसम का मिजाज बदला रह सकता है। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में 3,000 से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी मात्रा में बर्फबारी होगी। मैदानी जिलों में कुछ जगह ओलावृष्टि को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

मंडल-चोपता मार्ग से बर्फ हटाकर यातायात सुचारू किया

चमोली जिले में बदरीनाथ हाईवे हनुमान चट्टी से 3 किमी आगे बीते दिनों हुई बर्फबारी के चलते बंद हैं। वहीं मंडल-चोपता मोटर मार्ग पर किलोमीटर 42 से 46 तक बर्फबारी के चलते मार्ग अवरुद्ध था। लेकिन शाम को साढे.4 बजे मोटर मार्ग की बर्फ को हटाकर रास्ते को यातायात के लिए सुचारू कर दिया गया है। चमोली जिले के औली जोशीमठ मोटर मार्ग कवांड बैंड से आगे बर्फबारी से अवरुद्ध मार्ग भी यातायात के लिए सुचारू कर दिया गया है।

यमुनोत्री हाईवे राड़ी टॉप के पास पाला व बर्फ के कारण फंस ट्रक।

एक नजर

ब्रांड इंडेक्स-24 में मुकेश अंबानी दुनिया में नंबर 2

नई दिल्ली। ब्रांड संरक्षण सूचकांक 2024 में मुकेश अंबानी शीर्ष भारतीय के रूप में शामिल हुए हैं। जबकि विश्व स्तर पर दूसरा स्थान मिला है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक ने माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला और गूगल के सुंदर पिचाई को पीछे छोड़कर वैश्विक स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया। सूचकांक में उनसे आगे सिर्फ टेनसेंट के हुआतेंग मा हैं। प्रशासन ब्रांड फाइनेंस के अनुसार ब्रांड संरक्षक सूचकांक उन सीईओ की पहचान करता है, जो सभी हितधारकों – कर्मचारियों, निवेशकों और व्यापक समाज की जरूरतों को संतुलित करके, स्थायी तरीके से व्यावसायिक मूल्य का निर्माण कर रहे हैं। इस सूचकांक में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को पांचवां स्थान मिला है।

पुलिसकर्मी ने गोली मारकर की आत्महत्या

जम्मू। जम्मू में एक पुलिसकर्मी ने थाने के अंदर अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि पुंछ निवासी कांस्टेबल इकबाल हुसैन शनिवार देर रात को शहर के नवाबाद पुलिस थाने में मृत पाया गया और उसके शरीर पर गोली लगने के निशान थे। अधिकारियों ने कहा कि प्रथम दृष्टया उसने खुद को गोली मारने के लिए अपने सर्विस हथियार का इस्तेमाल किया। अभी यह पता नहीं चला है कि उसने आत्महत्या क्यों की।

समान नागरिक संहिता के मसौदे को कैबिनेट की मंजूरी

विधानसभा के आज से शुरू होने वाले सत्र में रखा जाएगा सदन के पटल पर

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : प्रदेश की कैबिनेट बैठक में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को मंजूरी दे दी गई है, जिससे इसे सोमवार से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में विधेयक के रूप में रखे जाने का रास्ता साफ हो गया।

अब 5 से 8 फरवरी तक होने वाले विधानसभा सत्र में सदन के पटल पर यूनिफॉर्म सिविल कोड का मसौदा रखा जाएगा।

उत्तराखंड में धामी कैबिनेट की 24 घंटे के भीतर दूसरी बैठक आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आवास पर संपन्न हुई। इस बैठक में यूनिफॉर्म सिविल कोड के मसौदे का प्रस्तुतिकरण व अवलोकन किया गया। मंत्रिमंडल के सदस्यों ने ड्राफ्ट पर चर्चा कर इसे मंजूरी दे दी और साथ ही इसे आहूत विधानसभा सत्र में सदन के पटल पर रखने का अनुमोदन कर दिया। सदन में इसके पारित होते ही उत्तराखंड देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला पहला राज्य बन जाएगा।

चार खंडों में 740 पन्नों के यूसीसी के अंतिम मसौदे को सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाली समिति ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को सौंपा था।

समान नागरिक संहिता में देश में सभी धर्मों, समुदायों के लिए एक समान, एक बराबर कानून बनाने की वकालत करता है।

उत्तराखंड विधानसभा का सत्र आज से

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा का सत्र 5 से 8 फरवरी तक होगा। विधानसभा सत्र संचालन के संबंध में सर्वदलीय नेताओं की बैठक मे सत्र की तिथि का निर्धारण किया गया। बैठक में चर्चा के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने सभी दलों के नेताओं से सत्र को व्यवस्थित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संचालित करने में सहयोग की अपील की। साथ ही कार्यमंत्रणा बैठक में कल के सत्र संचालन को लेकर कार्यसूची पर चर्चा की गई। बैठक में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, बसपा से मो. शहजाद, कांग्रेस के प्रीतम सिंह व भाजपा से खजान दास सदस्य के रूप में उपस्थित रहे।

ये हैं मसौदे के संभावित प्रावधान

- लड़कियों की विवाह की आयु बढ़ाई जाएगी, जिससे वे विवाह से पहले ग्रेजुएट हो सकें।
- विवाह का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। बगैर रजिस्ट्रेशन किसी भी सरकारी सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा। ग्राम स्तर पर भी शादी के रजिस्ट्रेशन की सुविधा होगी।
- पति-पत्नी दोनों को तलाक के समान आधार उपलब्ध होंगे। तलाक का जो ग्राउंड पति के लिए लागू होगा, वही पत्नी के लिए भी लागू होगा। फिलहाल पर्सनल लॉ के तहत पति और पत्नी के पास तलाक के अलग-अलग ग्राउंड हैं।
- पॉलीगैमी या बहुविवाह पर रोक लगेगी।
- उत्तराधिकार में लड़कियों को लड़कों के बराबर का हिस्सा मिलेगा। अभी तक पर्सनल लॉ के मुताबिक लड़के का शेयर लड़की से अधिक है।
- नौकरीशुदा बेटे की मृत्यु पर पत्नी को मिलने वाले मुआवजे में वृद्ध माता-पिता के भरण पोषण की भी जिम्मेदारी होगी। अगर पत्नी पुनर्विवाह करती है तो पति की मौत पर मिलने वाली राशि में माता-पिता का भी हिस्सा होगा।
- मेंटेनेंस : अगर पत्नी की मृत्यु हो जाती है और उसके माता पिता का कोई सहारा न हो, तो उनके भरण पोषण का दायित्व पति पर होगा।
- एडॉप्शन : सभी को मिलेगा गोद लेने का अधिकार। मुस्लिम महिलाओं को भी मिलेगा गोद लेने का अधिकार, गोद लेने की प्रक्रिया आसान की जाएगी।
- हलाला और इद्दत पर रोक होगी
- लिव इन रिलेशनशिप का डिक्लेरेशन आवश्यक होगा। ये एक सेल्फ डिक्लेरेशन की तरह होगा, जिसका एक वैधानिक फॉर्मेट लग सकती है।
- गार्जियनशिप : बच्चे के अनाथ होने की स्थिति में गार्जियनशिप की प्रक्रिया को आसान किया जाएगा।
- पति-पत्नी के झगड़े की स्थिति में बच्चों की कस्टडी उनके ग्रैंड पैरेंट्स को दी जा सकती है।
- जनसंख्या नियंत्रण को अभी सम्मिलित नहीं किया गया है।

वेब सीरीज 'फर्जी' देखकर छापे 4 लाख के नकली नोट

हैदराबाद। हैदराबाद में पुलिस ने नकली भारतीय करेंसी छापने और उन्हें चलाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि दोनों अभियुक्तों के पास से चार लाख रुपये से ज्यादा के नकली नोट बरामद किए गए गए हैं।

▸▸ हैदराबाद पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

पुलिस इंस्पेक्टर अंजनेयुलु के मुताबिक मुख्य अभियुक्त वनम लक्ष्मीनारायण ने नकली नोट छापने के लिए एक स्क्रीन प्रिंटर, ग्रीन फॉइल पेपर, जेके एक्सेल बॉन्ड पेपर, कटर और एक लेमिनेशन मशीन का इस्तेमाल किया था। पुलिस का कहना है कि अभियुक्तों ने वेब सिरीज 'फर्जी' से प्रेरित होकर नकली नोट छापे और उन्हें बाजार में चलाने का काम किया।

मुख्य अभियुक्त के कथित दोस्त एरुकला प्रणय कुमार को फल-सब्जी बाजार में 20 हजार के नकली नोट चलाने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त के पास से 500 रुपये के 810 नकली नोट जब्त किए गए हैं। इसके अलावा पुलिस ने प्रिंटर, स्कैनर और अन्य चीजें भी जब्त की हैं। अभियुक्त लक्ष्मीनारायण पर पहले भी धोखाधड़ी का केस दर्ज हो चुका है।

भारतीय दूतावास के कर्मचारी को एटीएस ने किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए करता था जासूसी

▸▸ मास्को स्थित दूतावास में है सिक्योरिटी असिस्टेंट

अमृत विचार : यूपी एटीएस ने रूस स्थित भारतीय दूतावास में काम करने वाले कर्मचारी को मेरठ से गिरफ्तार किया है। सत्येंद्र सिवाल का नाम का यह कर्मचारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम कर रहा था। सत्येंद्र 2021 से मास्को (रूस) स्थित भारतीय दूतावास में इंडिया बेस्ड सिक्योरिटी असिस्टेंट के पद पर कार्यरत है।

एटीएस को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि आईएसआई के हैंडलरों द्वारा कुछ लोगों से विदेश मंत्रालय के कर्मचारियों को धन का लालच देकर भारतीय सेना से संबंधित देश की सामरिक व रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण, गोपनीय सूचनाएं प्राप्त की जा रही हैं। एटीएस ने तफ्तीश को विस्तार दिया तो हापुड़ जिले के हापुड़ देहात थानान्तर्गत शहमहीउद्दीनपुर निवासी सत्येंद्र सिवाल की पहचान सामने आई। पता चला कि वह विदेश मंत्रालय में एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) के पद पर तैनात है। वर्तमान में मॉस्को, रूस स्थित भारतीय दूतावास में कार्यरत है। वह आईएसआई के हैंडलर्स के संजाल में संलिप्त होकर भारत विरोधी कृत्यों में लिप्त है। रुपयों के लालच में भारत के दूतावास, रक्षा मंत्रालय एवं विदेश मंत्रालय तथा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों की सामरिक गतिविधियों के संबंध में महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनाओं को आईएसआई के हैंडलर्स को उपलब्ध करा रहा है। पुख्ता सबूत के बाद सत्येन्द्र सिवाल को एटीएस फील्ड यूनिट मेरठ पर बुलाकर पूछताछ की गई। बाद में सख्ती से पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

विदेश मंत्रालय भी जांच में शामिल

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय मॉस्को में पदस्थ भारतीय दूतावास के कर्मचारी को कथित तौर पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में यूपी पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने से संबंधित मामले में जांच अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को कहा कि विदेश मंत्रालय इस मामले में जांच अधिकारियों के साथ काम करना जारी रखेगा।

युवती का अपहरण कर चलती कार में तीन घंटे तक सामूहिक दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ कार रोककर जबरन अगवा किया, पकड़े जाने के डर से युवती व कार छोड़कर भागे अपहर्ता

अमृत विचार: कार सवार अपहर्ताओं ने शादी में जा रही एक युवती को अगवा कर लिया। वे करीब तीन घंटे तक उसे लेकर इधर से उधर शहर में घूमते और चलती कार में दुष्कर्म करते रहे। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी युवती को मुखानी चौराहे पर उतार कर फरार हो गए। मामले में चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

22 वर्षीय पीड़िता के मुताबिक शनिवार शाम 7 बजे वह एक शादी समारोह से टुकटुक से निकली और एसटीएच के पास उतर गई। यहां उसका भाई उसे लेने स्कूटी से आने वाला था। भाई देर तक नहीं आया तो वह पैदल ही घर की ओर निकल पड़ी। वह लाइफ लाइन वाली गली में पहुंची, तभी कार सवार वहां पहुंच गए। कार सवारों ने उसे कार में खींच लिया और गलियों में लेकर घूमते और दुष्कर्म करते रहे। आरोपियों ने शराब पी थी और पीड़िता को भी जबरन पिलाने की कोशिश की। घटना को अंजाम देने के बाद पीड़िता को मुखानी चौराहे पर छोड़कर फरार हो गए।

पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने मनोज, ऋषि, सोनू और आशु पर आरोप लगाए हैं। चारों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कहा जा रहा है कि घटना में शामिल ऋषि और मनोज को गिरफ्तार कर लिया गया है।

फोन पर रोने की आवाज से हुआ अंदेशा

लड़की का कहना है कि घटना के दौरान उसके मोबाइल पर उसके एक दोस्त का फोन आया। उसने कॉल रिसीव किया और दोस्त ने उसका रोना फोन पर सुन लिया, जिसके बाद उसने घटना की सूचना परिजनों को दी। जब तलाश शुरू हुई तो परिजनों ने रामपुर में एक संदिग्ध कार देखी। पीछा करने पर आरोपी कार छोड़ कर भाग गए।

यूपी की सरकारी गोशाला में ठंड से 12 गोवंशों की मौत

संवाददाता, गंजडुंडवारा (कासगंज)

▸▸ गोवंशों को सर्दी से बचाव न ही चिकित्सीय सेवा के इंतजाम

अमृत विचार : कासगंज जिले के गंजडुंडवारा क्षेत्र के गांव रायो में कई करोड़ की लागत से करीब दो माह पहले खोले गए वृहद गोसंरक्षण केंद्र अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। जिम्मेदारों की अनदेखी और लापरवाही के चलते अलग-अलग शेड में बंधे गोवंशों को ठंड से बचाने का कोई इंतजाम नहीं किया गया जिसके चलते शनिवार रात में एक साथ 12 गोवंशों की मौत हो गई।

लापरवाही का आलम यह है कि भीषण सर्दी में शेडों के ऊपर तिरपाल तक नहीं ढका गया है। गोशाला में हर तरफ कीचड़ है। गोवंश खुले शेड में बांधे गए हैं। गोवंशों की मौत होने के बाद अब जिम्मेदार एक दूसरे की कमियां बताते हुए जांच कराकर दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की बात कह रहे हैं।

वहीं रायो के ग्राम प्रधान राधाकृष्ण का कहना है कि बैंक में खाता न खुलने की वजह से प्रशासन की ओर से गोशाला के लिए कोई अनुदान नहीं दिया गया है। अभी ठेकेदार और पंचायत स्तर से रखरखाव के इंतजाम कराए जा रहे हैं। जिला प्रशासन की अनदेखी की वजह से हालात बिगड़े हैं।

वे चाहते हैं हम भाजपा से जुड़ें : केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ हम झुकेंगे नहीं, भले ही मुझे जेल भेज दिया जाए

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) चाहती है कि हम उनकी पार्टी से जुड़ें, लेकिन हम झुकेंगे नहीं। केजरीवाल की टिप्पणी ऐसे समय आई है जब दिल्ली पुलिस भाजपा द्वारा आप विधायकों की कथित खरीद फरोख्त करने संबंधी आरोप की जांच से मुख्यमंत्री को जुड़ने को कह रही है। वह आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में भी ईडी के समन का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की ओर से किए जा रहे विकास कार्य नहीं रुकेंगे, भले ही उन्हें जेल भेज दिया जाए। मुख्यमंत्री उत्तर पश्चिमी दिल्ली के किराड़ी गांव में दो सरकारी स्कूलों के शिलान्यास समारोह में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे।

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया गया, क्योंकि उन्होंने स्कूल बनाए। सत्येन्द्र जैन को जेल भेजा गया क्योंकि उन्होंने मोहल्ला क्लीनिक बनाए। ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों को आप नेताओं के पीछे लगा दिया गया है। उन्होंने दावा किया कि भले ही आप केजरीवाल को जेल में डाल दें, लेकिन स्कूल और मोहल्ला क्लीनिक बनाने और दिल्ली के लोगों को मुफ्त इलाज प्रदान करने के काम नहीं रुकेंगे। केंद्रीय बजट पर कहा कि इसमें स्कूलों और अस्पतालों के लिए कुल बजट का केवल चार प्रतिशत आवंटित किया गया है।

आतिशी को दिया नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा का एक दल रविवार को वित्त मंत्री आतिशी के आवास पर पहुंचा और भाजपा द्वारा आम आदमी पार्टी के विधायकों की खरीद-फरोख्त की कोशिशों के आरोपों के संबंध में उन्हें एक नोटिस दिया। अपराध शाखा का दल रविवार अपराह्न 12 :55 बजे दूसरी बार आप नेता के आवास पर पहुंचा और उनके कर्मचारी को नोटिस सौंपा। उन्हें नोटिस पर पांच फरवरी तक जवाब देने को कहा गया है।

चीफ जस्टिस रितु बाहरी ने ली पद की शपथ

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार: उत्तराखंड हाईकोर्ट की नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितु बाहरी को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह ने रविवार को राजभवन में पद की शपथ दिलाई। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने भारत की राष्ट्रपति द्वारा न्यायमूर्ति रितु बाहरी को उत्तराखंड हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश बनाए जाने से संबंधित अधिपत्र पढ़ा।

शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रथम महिला गुरमीत कौर, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, डॉ. धन सिंह रावत, सांसद नरेश बंसल, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, डीजीपी अभिनव कुमार, अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन, नैनीताल हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल आशीष नैथानी, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही सहित वरिष्ठ न्यायमूर्तिगण उपस्थित रहे। जस्टिस रितु बाहरी पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की पहली महिला कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश थीं। उन्होंने 14 अक्तूबर 2023 को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का चार्ज लिया था।

जस्टिस रितु बाहरी को पद की शपथ दिलाते राज्यपाल गुरमीत सिंह।

बच्चे ने पिल्ले को ऊंचाई से फेंका मामला दर्ज

ग्रेटर नोएडा। पुलिस ने एक नाबालिग लड़के द्वारा कथित तौर पर ऊंचाई से एक कुत्ते के बच्चे को जानबूझकर सड़क पर फेंकने की घटना को लेकर की कई शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि इस घटना में कुत्ते के बच्चे की मौत हो गई। गैर लाभकारी संगठन 'पीपुल फॉर एनिमल्स' के एक स्वयंसेवी द्वारा दर्ज कराई प्राथमिकी के अनुसार, तकरीबन 9-10 साल का लड़का एवेन्यू गौड़ सिटी-2 का निवासी है। लड़के ने एक वयस्क की देखरेख में करीब एक माह के कुत्ते के बच्चे को बेरहमी से उठाया, उसे एक ओर ले गया, जबकि कुत्ता मिमियाता रहा और छूटने की कोशिश करता रहा, लेकिन लड़के ने उसे ऊंचाई से फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

कानूनी एजेंसियां सीमाओं से बंधी नहीं : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ गृहमंत्री ने राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन को किया संबोधित

राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन (सीएएसजीसी-24) के समापन सत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कानून का राज स्थापित करने को लेकर सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधी भौगोलिक सीमाओं का सम्मान नहीं करते हैं, इसलिए विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों को किसी भी सीमा को बाधा न मानकर आपराधिक मामलों को सुलझाने के लिए इन सीमाओं को अहम बिंदु के रूप में देखना चाहिए।

शाह ने सीएएसजीसी को संबोधित करते हुए कहा कि जब हाल ही में बनाए गए तीन आपराधिक न्याय कानून लागू हो जाएंगे, तो प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर ही लोगों को हाईकोर्ट के स्तर तक न्याय मिल सकता है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब वाणिज्य और अपराध के मामलों में भौगोलिक सीमाओं का कोई मतलब नहीं रह गया है।

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि न्याय मिलने की प्रक्रिया के लिए सीमा पार चुनौतियां मौजूद हैं, लेकिन वाणिज्य, संचार, व्यापार तथा अपराध के लिए कोई सीमा नहीं है। उन्होंने कहा, 'अपराध और अपराधी भौगोलिक सीमाओं का सम्मान नहीं करते हैं। इसलिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भौगोलिक सीमाओं को बाधा नहीं मानना चाहिए। भविष्य में आपराधिक मामलों के समाधान के लिए भौगोलिक सीमाएं एक अहम बिंदु होनी चाहिए।' शाह ने कहा कि सरकारों को इस दिशा में काम करने की जरूरत है, क्योंकि साइबर धोखाधड़ी के छोटे मामलों से लेकर वैश्विक संगठित अपराध तक, स्थानीय विवाद से लेकर सीमा पार विवाद तक, स्थानीय अपराध से लेकर आतंकवाद तक, सभी में कुछ न कुछ संबंध हैं।

भारत में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी

अमित शाह ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का जिक्र करते हुए कहा कि तीन नए कानूनों के पूर्ण कार्यान्वयन के बाद भारत में दुनिया की सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी। ये कानून क्रमश: औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। गृहमंत्री ने कहा कि सरकार ने इस मॉडल पर काम किया है कि न्याय के अनिवार्य रूप से तीन पहलू होने चाहिए- सुलभ, किफायती और जवाबदेही। शाह ने कहा, 'मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इन तीन कानूनों के लागू होने के बाद देश में दर्ज किसी भी प्राथमिकी के मामले में हाईकोर्ट के स्तर तक तीन साल के भीतर न्याय होगा।'

मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी माओवादी मारा गया

भुवनेश्वर। ओडिशा के कंधमाल जिले में शनिवार की रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक शीर्ष माओवादी कैडर मारा गया। छत्तीसगढ़ के दसरू पर पांच लाख रुपये का नकद इनाम था और वह नागरिकों की हत्या, आगजनी तथा सुरक्षा बलों पर हमलों में घटनाओं में शामिल था।

पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि मुठभेड़ शनिवार रात कंधमाल जिले के बालीगुडा पुलिस सीमा के अंतर्गत कंबेरिकिया जंगल के अंदर हुई। गोलीबारी में जिला स्वैच्छिक बल (डीवीएफ) का एक जवान भी गोली लगने से घायल हो गया और उसे बेरहामपुर के एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर है।

चिड़ियाघर और रेस्क्यू सेंटर के इन जीवों को सेंट्रल जू अथॉरिटी के नियमों के तहत सप्ताह में रखा जाता है एक दिन भूखा

सेहत : बाघ-गुलदार मंगलवार को रहते हैं डाइटिंग पर

गौरव जोशी

नैनीताल, अमृत विचार : शरीर को फिट रखना केवल इंसानों को ही नहीं बल्कि जानवरों को भी पसंद है। शरीर को चुस्त और दुरुस्त रखने के लिए नैनीताल चिड़ियाघर में बाघ, गुलदार को सप्ताह में एक दिन डाइटिंग पर रखा जाता है।

ताकि उनका शरीर स्वस्थ रह सके। चिड़ियाघर के डॉ. हिमांशु पागंती बताते हैं कि चिड़ियाघर और रेस्क्यू सेंटर में बंद बाघ और गुलदार को सेंट्रल जू अथॉरिटी के नियमों के आधार पर डाइटिंग में रखा जाता है।

जंगल में इन मांसाहारी जानवरों का मूवमेंट शिकार की तलाश में रहता है और ये जानवर खाने की तलाश में कई किलोमीटर तक जंगल में घूमते रहते हैं, जिससे भोजन आसानी से पच जाता है, जबकि जू और रेस्क्यू सेंटर में वह केवल बाड़े तक सीमित रहता है। इसी हिसाब से डाइट चार्ट भी तैयार होता है।

नैनीताल चिड़ियाघर में मौजूद बाघ। ● अमृत विचार

ढाई से आठ किलो मांस रोज दिया जाता है

चिड़ियाघर व रेस्क्यू सेंटर में कुल 11 बाघ व तेंदुए हैं। इनकी उम्र 2 साल से 12 साल तक की है। बाघ को रोज आठ किलो मांस दिया जाता है, जबकि बड़े तेंदुए को पांच और छोटे को ढाई किलो भोजन चाहिए।

भूखा रखने से बनी रहती है जानवरों की पाचन क्रिया

नैनीताल के डीएफओ चन्द्रशेखर जोशी ने बताया कि सेंट्रल जू अथॉरिटी के नियमों के तहत मांसाहारी पशुओं को एक दिन भूखा रखा जाता है ताकि चिड़ियाघर में बंद जानवरों की पाचन क्रिया बनी रहे। चिड़ियाघर के साथ साथ रेस्क्यू सेंटर में रहने वाले बाघ गुलदार की डाइट भी इसी तरह रहती है और जानवरों का खास ध्यान रखा जाता है।

जंगल से ज्यादा चिड़ियाघर में होती है इनकी जीवन की अवधि

डीएफओ चन्द्रशेखर जोशी बताते हैं कि बाघ व गुलदार को जंगल में रहने व भोजन के लिए संघर्ष करना पड़ता है, जबकि चिड़ियाघर में सब कुछ आसानी से मिल जाता है। जंगल में बाघ की औसत उम्र 15-16 साल व गुलदार की 14-15 वर्ष मानी जाती है। वहीं चिड़ियाघर में दोनों की आयु का औसत 18 से 20 साल रहती है।

नैनीताल चिड़ियाघर में है तीन बाघ

नैनीताल चिड़ियाघर में इस समय छः तेंदुए व तीन बाघ हैं, जबकि रानीबाग स्थित रेस्क्यू सेंटर में एक बाघिन व गुलदार है। सप्ताह में पांच दिन इन्हें गोश्त और एक दिन चिकन उपलब्ध करवाया जाता है, जबकि सातवें दिन डाइटिंग यानी भोजन नहीं मिलता है। इसकी वजह उनके पाचन तंत्र को व्यवस्थित रखना है ताकि बेवजह की चर्बी व मोटापा न बढ़े।

बिंदुखत्ता ने भीमताल को हराया

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिला खेल कार्यालय द्वारा रविवार को स्पेशल कंपोनेंट प्लान के तहत अनुसूचित जाति की जिला स्तरीय कबड्डी (पुरुष) व बास्केटबॉल (महिला) प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बास्केटबॉल में 6 व कबड्डी में 4 टीमों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में रामनगर, कालाढूंगी, भीमताल व बिंदुखत्ता की टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला मैच भीमताल व रामनगर के मध्य खेला गया, जिसमें भीमताल ने रामनगर को 16-10 से पराजित कर दिया। दूसरा मैच बिंदुखत्ता व कालाढूंगी के मध्य खेला गया, जिसमें बिंदुखत्ता ने कालाढूंगी को 24-18 से पटखनी दी।

फाइनल मुकाबला बिंदुखत्ता व भीमताल के बीच खेला गया, जो काफी रोचक रहा। इसमें बिंदुखत्ता की टीम ने भीमताल को 24-18 से मात देकर विजेता ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। इसी क्रम में बास्केटबॉल विधा में रामनगर ने स्टेडियम-ए को 14-8 से पराजित किया। कबड्डी प्रतियोगितायों में राजेंद्र सिंह नेगी, नमिता पाठक, मोनिका नयाल व विमला रावत, जबकि बास्केट बॉल में अंकुश रौतेला, दीपिका जोशी, गंगा कांडपाल, किरण, अनुभा रावत निर्णायक रहे। पुरस्कार वितरण में सहायक निदेशक खेल रशिका सिद्दीकी, उत्तराखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव गोपाल खोलिया, जिला खेल अधिकारी जानकी कार्की, उप जिला खेल अधिकारी वरुण बेलवाल, जिजुत्सु एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय जोशी, विमला रावत आदि उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय कबड्डी और बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

आर्टिजन, काफ्ट्समैन किए जाएंगे पंजीकृत

भीमताल। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डे की अध्यक्षता में पीएम विश्वकर्मा योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई।

इस दौरान सीडीओ ने केंद्र सरकार द्वारा घोषित पीएम विश्वकर्मा योजना अन्तर्गत चिन्हित 18 व्यवसायों (कारोबार) में पारम्परिक रूप से कार्य करने वाले आर्टिजन एवं काफ्ट्समैन को योजना अन्तर्गत पंजीकृत कराने के निर्देश दिए।

वहीं इन को लाभावित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को पोर्टल में वर्तमान तक ऑनबोर्ड नहीं हुए ग्राम प्रधानों को अतिशीघ्र ऑनबोर्ड कराने के लिए, डीपीआरओ को योजना के सफल संचालन और जन-जन तक योजना की जानकारी पहुंचाने के लिए, योजना का प्रचार-प्रसार, ग्राम पंचायत-अर्बन लोकल बॉडीज स्तर पर प्राप्त आवेदनों को सत्यापित कर अतिशीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी, नगर निकाय, नगर पालिका और नगर निगम को प्राप्त लक्ष्यों के सापेक्ष लक्ष्य आवंटित करने के लिए निर्देश दिए।

नैनीताल और हल्द्वानी में बारिश से ठंड बढ़ी, हिमपात का अलर्ट जारी

पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम बदला, हल्द्वानी में न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री रहा

कोहरे के बीच रविवार को नैनीझील में नौकायन करते पर्यटक।

नैनीताल के पर्यटक स्थल में घूमते पर्यटक। ● अमृत विचार

हल्द्वानी/नैनीताल

अमृत विचार : पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से एक बार फिर से मौसम में परिवर्तन हो गया है। नैनीताल जिले के अधिकांश स्थानों में बारिश हुई है। साथ ही मौसम विभाग ने सोमवार को बर्फबारी व हिमपात होने का अनुमान लगाया है।

नैनीताल में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बीते दिनों हुई बर्फबारी के बाद के बाद शनिवार देर रात से बारिश शुरू हुई जो रविवार दोपहर तक जारी रही। शहर में रुक-रुक कर बारिश होती रही। बारिश होने से कड़ाके की ठंड बढ़ने लगी है।

शहर में अचानक हुई बारिश के कारण स्थानीय लोगों के साथ-साथ नैनीताल घूमने पहुंचे पर्यटकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने सोमवार को नैनीताल, मुक्तेश्वर, रामगढ़ जैसे ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है जिसको देखते हुए दिल्ली समेत आस पास के महानगरों से पर्यटक घूमने के लिए नैनीताल, मुक्तेश्वर में पहुंच रहे हैं। बारिश के बावजूद भी रविवार को शहर के अधिकांश पर्यटक स्थलों में भीड़-भाड़ देखी गई। नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने नैनी झील में नौकायन का लुत्फ उठाया तो अधिकांश पर्यटक जू, कैव गार्डन,रोप वे, हिमालय दर्शन समेत आसपास के पर्यटक स्थलों तक पहुंचे। वीकेंड के मौके पर पर्यटकों की संख्या बढ़ने से पर्यटन कारोबारी खुश नजर आए। हल्द्वानी में रविवार तड़के से ही शहर में बारिश हो रही थी। सुबह तक बारिश रुक गई। जिसके बाद थोड़ी देर के लिए मौसम साफ हुआ और चटक धूप निकल गई। बाद में फिर से बादल छाने लगे और अपरान्ह में एक बार फिर से रिमझिम बारिश हुई।

बारिश और शीतलहर की वजह से ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को भी बारिश होने के आसार हैं। रविवार को हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 20.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्र कम दर्ज किया गया है।

गौलापार में रविवार को बारिश होने के बाद मौसम सुहावना हो गया, इससे खेतों में गेहूं और सरसों की फसल भी लहलहा उठी।

पहली बारिश में ही उखड़ गया डामरीकरण

भीमताल। लोक निर्माण विभाग के द्वारा अभी छह माह पूर्व ही बाई पास मार्ग में डामरीकरण का कार्य किया गया था। यह कार्य एक बरसात भी नहीं झेल पाया नतीजन भीमताल के बाई पास मार्ग में हल्द्वानी की तरफ से मात्र एक किमी में इस मार्ग में मोटर मार्ग में गड्ढे हो गए हैं। स्थानीय जनता की माने तो लोक निर्माण विभाग के द्वारा इस मोटर मार्ग में पैच वर्क भी किया गया था। पर बरसात के चलते मार्ग पूर्व की भांति हो गया है। स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग से गुणवत्ता के साथ कार्य संपन्न कराने की मांग की है।

स्कूलों में अस्थायी रूप से शिक्षकों की तैनाती

भीमताल। शिक्षा विभाग ने उन विद्यालयों में जहां शिक्षकों की संख्या विद्यार्थियों की संख्या की अपेक्षाकृत कम है वहां अस्थायी रूप से शिक्षकों की तैनाती की है। उप शिक्षाधिकारी मान सिंह के हस्ताक्षर से जारी आदेश के तहत शिक्षिका रेखा जोशी को रा .प्रा .वि . सांगड़ी गांव, सुनीता चमियाल रा .प्रा .वि .आडिटरूप, केवलानंद भट्ट रा .प्रा .वि . आर्यसमाज, राकेश कुमार वर्मा रा .प्रा .वि . अधौड़ा, उमेश पलड़िया रा .प्रा .वि .मौना, अमित दुर्गापाल रा .प्रा .वि रौशिल, अनिल चंद्र पांडे रा .प्रा .वि . थपलिया मेहरागांव, जीवन सिंह बिष्ट रा .प्रा .वि .डहरा और आनंद सिंह को रा .प्रा .विद्यालय खुर्पाताल में अस्थायी रूप से तैनात किया है।

भीमताल क्षेत्र पंचायत की बैठक सात को

भीमताल। भीमताल क्षेत्र पंचायत की बैठक 7 फरवरी को प्रात 11 : 00 बजे से विकास खंड सभागर में आयोजित होगी। बैठक की सूचना देते हुए ब्लॉक प्रमुख डॉ . हरीश सिंह बिष्ट ने विकास खंड के सभी क्षेत्र पंचायत पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधान और विभागीय अधिकारियों को संपूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित रहने को कहा।

आज से स्टार भारत पर दिखेंगे हल्द्वानी के रोमांच

▸▸ रात 9 बजे से प्रसारित होने जा रहे बाघिन सीरियल के मुख्य किरदार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : रामपुर रोड निवासी रोमांच मेहता एक बार फिर टीवी सीरियल्स में दिखाई देंगे। वह 5 फरवरी रात 9 बजे से स्टार भारत पर प्रसारित होने जा रहे बाघिन सीरियल में मुख्य किरदार में दिखेंगे।

देवों के देवमहादेव, कुल्फी कुमार बाजेवाला, कभी-कभी इत्तेफाक से और सिया के राम जैसे टीवी शो में अपनी भूमिकाओं के लिए लोकप्रिय रोमांच ने हाल ही में 'बाघिन' नामक अपनी आगामी श्रृंखला के बारे में रोमांचक विवरण दिए। इस शो में अनेरी वजानी और अंश बागरी प्रमुख भूमिकाओं में हैं, जो तीन भाइयों के जीवन पर केंद्रित है, जिसमें रोमांच इनमें से एक भाई का किरदार निभा रहे हैं। रोमांच बताते हैं कि यह एक सीमित ओटीटी श्रृंखला है, जिसमें 112 एपिसोड शामिल हैं। वह जो किरदार निभा रहे हैं वह वास्तव में दिलचस्प है। कहानी में आश्चर्यजनक मोड़ हैं जो धीरे-धीरे सामने आएंगे और दर्शकों को आश्चर्यचकित कर देंगे।

रोमांच मेहता।

घर-घर पहुंचाएंगे योजनाएं

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल मंडल में गांव चलो घर चलो अभियान की कार्यशाला का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष कमला आर्या ने बताया कि कार्यक्रम के तहत 9, 10 व 11 फरवरी तक बूथ अध्यक्ष बूथ प्रभारी बूथ प्रवासी द्वारा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचने का कार्य किया जाएगा।

आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कमला आर्य ने की। मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष हरिमोहन अरोड़ा ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

इस दौरान विस्तारक योजना प्रदेश प्रमुख कुंदन सिंह परिहार, लोकसभा विस्तारक दिनेश आर्य, मंडल प्रभारी प्रताप बोरा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बीना आर्य, जिला मंत्री नितिन राणा, योगेश रजवार, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा, गांव चलो अभियान के मंडल संयोजक विशन पोखरिया, मंडल के महामंत्री योगेश तिवारी, पंकज जोशी, दीपक, खीमा शर्मा, कमलेश रावत और सभी मंडल पदाधिकारी जिला कार्यकारिणी सदस्य सभी मोर्चों के अध्यक्ष बूथअध्यक्ष शक्ति केंद्र संयोजक, कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

भीमताल मंडल में गांव चलो घर चलो अभियान कार्यशाला में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

नियुक्ति का इंतजार स्वरोजगार योजनाओं समेत तमाम अनुदान आधारित कार्य अधूरे

सात महीने से पर्यटन अधिकारी नहीं

संतोष बोरा

नैनीताल : एक ओर सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने की बात कर रही है वहीं दूसरी ओर बीते 7 माह से भी अधिक समय से जनपद में पर्यटन अधिकारी की तैनाती नहीं हुई है। व्यवस्था के तौर पर साहसिक खेल अधिकारी को प्रभार दिया गया।

सक्षम अधिकारी नहीं होने से सरकारी अनुदान, होम स्टे पंजीकरण व लाइसेंस संबंधित कार्य बाधित हैं तो जिले में नई पर्यटन विकास योजनाओं को लेकर नये प्लान बनाना व अन्य कार्य भी ठप पड़े हैं, जिससे लोगों को भी अनावश्यक भाग दौड़ करनी पड़ रही है। बता दें कि बीते नौ जून को जिला पर्यटन अधिकारी के पद पर तैनात बिजेंद्र पांडेय का स्थानांतरण हो गया था। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर जिले में ही तैनात साहसिक खेल अधिकारी बलवंत कपकोटी को जिले का प्रभार दिया गया।

प्रमाण पत्रों से संबंधित कार्य भी ठप

जिले में स्थाई जिला पर्यटन अधिकारी तैनात नहीं होने से विभागीय स्तर पर लोगों को दीन दयाल उपाध्याय होमस्टे, वीरचंद्र गढ़वाली स्वरोजगार योजना समेत तमाम अनुदान आधारित कार्य अधूरे पड़े हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व से बने भवनों को होम स्टे बनाये जाने से पूर्व पर्यटन अधिकारी द्वारा निरीक्षण कर रिपोर्ट लगानी होती है। मगर लंबे समय से सक्षम अधिकारी तैनात नहीं होने के कारण पंजीकरण समेत लोगों को विभाग की ओर से दिये जाने वाले प्रमाण पत्रों संबंधित कार्य भी ठप पड़े हैं।

जनपद में पूर्णकालीन पर्यटन अधिकारी की नियुक्ति के लिए पर्यटन सचिव को पत्र भेजा गया है, जिसमें जल्द कार्रवाई की उम्मीद है।
-वंदना सिंह, डीएम

संयुक्त संघर्ष समिति 11 को करेगी प्रदर्शन

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : बिन्दुखत्ता राजस्व गांव व गौला नदी में तटबंध निर्माण करने सहित 6 सूत्रीय मांग को लेकर बिन्दुखत्ता संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से 11 फरवरी को लालकुआं में सांकेतिक प्रदर्शन किया जाएगा।

संयुक्त संघर्ष समिति की पूर्व सैनिक कुंदन सिंह मेहता की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक का संचालन पुष्कर सिंह दानू ने किया। बैठक में संघर्ष समिति के संयोजक कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी ने कहा की समस्याओं के समाधान के लिए भारत के इतिहास में अब तक जन आंदोलन ही कामयाब रहे हैं, इसलिए हमें एकजुट होकर राजस्व गांव के लिए संघर्ष करने की आवश्यकता है। बैठक में समिति का विस्तार कर सर्वसम्मति से पूर्व सैनिक कुंदन सिंह मेहता को अध्यक्ष भुवन जोशी सचिव के साथ ही पूर्व सैनिक अध्यक्ष खिलाफ सिंह दानू ,विमल रौथाण, उर्मिला धामी, गुरुदयाल सिंह मेहरा, रमेश कुमार, अमित बोरा, एडवोकेट मान सिंह तुलेड़ा, पुष्कर सिंह दानू आदि को संयोजक मंडल का सदस्य बनाया गया। बैठक में समिति के संयोजक कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी,अमित बोरा, रमेश सिंह राणा, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री राजेन्द्र खनवाल आदि जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें * | मुफ्त भर्ती एवं पलंग * | मुफ्त फेफड़ों के टी.वी. की दवा * | मुफ्त टीकाकरण *
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन * | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा *
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे *
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्यता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफ्वे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

एक नजर

कल नहीं चलेगी संपर्क क्रांति

हल्द्वानी : काठगोदाम और दिल्ली रेलवे स्टेशन के बीच चलने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस मंगलवार 6 फरवरी को संचालित नहीं होगी। वहीं काठगोदाम-कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस भी पहले से ही 26 फरवरी तक निरस्त की जा चुकी है। इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि कोहरे के चलते ट्रेनों को निरस्त किया गया है।

आठ घंटे गुल रही बिजली

भीमताल : भीमताल बाईपास मार्ग में ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण विद्युत व्यवस्था बाधित रही। सवेरे लगभग 10 बायोटेक के सामने ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई, जिसके चलते बाईपास मार्ग और उससे लगे आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रही। रात 8 बजे तक भी कई क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था सुचारू नहीं हो पाई। मामले में विद्युत विभाग कार्मिकों से संपर्क करने करने पर उनका मोबाइल बंद मिला।

पहली बार तीन साल पहले बनभूलपुरा के हजारों को घरों को ढहाने के आए थे आदेश, इसी आदेश से जुड़े कागज ने बचाया मस्जिद और मदरसा

बनभूलपुरा में बवाल फिर टला, दहशत तीन साल बाद भी बरकरार

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

अमृत विचार : 20 दिसंबर 2021, ये तारीख बनभूलपुरा के हजारों आशियानों को ढहाने का आदेश लेकर आई। तीन साल पहले हजारों दिलों में बैठी छत गंवाने की दहशत बरकार अब भी बरकार है। हालांकि भारी बवाल की आशंका तब सुप्रीम कोर्ट के स्टे से टल गई थी। यही स्टे मलिक का बगीचा में तब फिर काम आया, जब फिर खुफिया ने भारी बवाल की आशंका जाहिर की थी। ये आशंका खुफिया ने मस्जिद और मदरसा ढहाने पर जाहिर की थी। एक कागज ने बवाल को एक बार फिर टाल तो दिया है, लेकिन दहशत अब भी बरकार है।

दरअसल, बनभूलपुरा की रेलवे पटरी की ओर जमीन पर रेलवे ने दावा किया और उस पर अतिक्रमण की बात कही। हाईकोर्ट ने अतिक्रमण की बात मानी और 20 दिसंबर 2021 को अतिक्रमण ढहाने के आदेश दिए। आठवें दिन 28 दिसंबर रेलवे अपने दावे की जमीन पर प्रशासन के साथ मिलकर पिलरबंदी शुरू कर दी। हजारों लोग सड़क पर आ गए। 10 घंटे तक लगातार प्रदर्शन हुआ। अगले दिन कैंडल जुलूस निकाला गया। पुलिस बनभूलपुरा को छावनी में तब्दील कर दिया। 31 दिसंबर को अखबारों में अतिक्रमण खुद हटाने के लिए सार्वजनिक नोटिस जारी हुआ। लोग खुद नहीं हटे तो 2 जनवरी 2022 को प्रशासन ने मुनादी करा दी। उसी रोज बनभूलपुरावासी सुप्रीम कोर्ट चले गए। याचिका दायर हुई तो स्टे के लिए सार्वजनिक दुआ और नमाज में हजारों हाथ उठ गए। बनभूलपुरावासियों को राहत मिली और 5 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने बनभूलपुरावासियों के पक्ष में स्टे दे दिया। अब फिर तीन साल पहले वाला दौर है। उस वक्त भी भारी बवाल की आशंका को स्टे ने टाल दिया था, लेकिन बीती 28 जनवरी को माहौल फिर गर्म हो गया, जब प्रशासन की टीम मलिक का बगीचा पहुंच गई। कहा गया, यहां नजूल की डेढ़ एकड़ जमीन पर मस्जिद और मदरसा बनाया गया है, जिसे ढहाया जाएगा। फिर लोगों ने विरोध किया, लेकिन प्रशासन ने सारे विरोध को दरकिनार कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को आगे बढ़ाया। 3 फरवरी ध्वस्तीकरण की तारीख तय कर दी गई। खुफिया रिपोर्ट ने भारी बवाल की आशंका जाहिर की तो फिर बनभूलपुरा को छावनी में बदला जाने लगा। 2 फरवरी की शाम दम दिखाने के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला तो महिलाएं सामने आ गईं। फिर सार्वजनिक दुआ और नमाज शुरू हो गई। इसी आधी रात लोग रेलवे के एक नोटिस को लेकर पहुंच गए और कहा, जिस जमीन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है और उस पर स्टे भी है।

हल्द्वानी मलिक के बगीचे में की गई तारबाड़। ● अमृत विचार

कैसे बाहर निकला रेलवे बनाम बनभूलपुरा का जिन्न

2013 में एक जनहित याचिका में कहा गया कि रेलवे स्टेशन के पास गौला नदी में अवैध खनन हो रहा है। अवैध खनन की वजह से ही 2004 में नदी पर बना पुल गिर गया। याचिका पर कोर्ट ने रेलवे से जवाब मांगा। रेलवे ने 1959 का नोटिफिकेशन, 1971 का रेवेन्यू रिकॉर्ड और 2017 का लैंड सर्वे दिखाकर कहा कि यह जमीन रेलवे की है और इस पर अतिक्रमण किया गया है। हाईकोर्ट में यह साबित हो गया कि जमीन रेलवे की है। लोगों को जमीन खाली करने का नोटिस दिया गया तो लोग सुप्रीम कोर्ट चले। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट से इन लोगों का भी पक्ष सुनने को कहा। लंबी सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने अतिक्रमण की बात मानी। 20 दिसंबर 2021 को हाईकोर्ट ने हल्द्वानी में रेलवे भूमि से अतिक्रमण हटाने का आदेश दे दिया। इस बीच दो जनवरी को प्रभावितों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की।

नोटिस के परीक्षण तक मस्जिद और मदरसा रहेंगे सील

रेलवे का नोटिस दिखाने के बाद ध्वस्त किए जाने की कार्रवाई रुकी, मदरसा और बनभूलपुरा क्षेत्र में तैनात किया गया भारी पुलिस बल

कार्रवाई

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मलिक का बगीचा में मस्जिद और मदरसा को ध्वस्त किए जाने का आदेश फिलहाल रोक दिया गया है। शनिवार की मध्यरात्रि में प्रशासन ने पुलिस की मौजूदगी में मस्जिद और मदरसा में सील लगा दी। स्थानीय लोगों की ओर से पेश किए गए रेलवे के नोटिस का परीक्षण किया जा रहा है। इसके बाद प्रशासन और नगर निगम आगे का फैसला लेंगे।

मलिक का बगीचा में सरकारी जमीन पर बनाए गए मस्जिद और मदरसा को रविवार को ध्वस्त किया जाना था। शनिवार को भी पूरे क्षेत्र में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। साथ ही स्थानीय लोगों जिनमें भारी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थीं, ने प्रशासन और नगर निगम की कार्रवाई का विरोध किया। मध्यरात्रि तक यहां भारी भीड़ रही। साथ ही पुलिस भी तैनात रही, हालांकि रात को एक पक्ष की ओर से रेलवे का एक नोटिस पेश किया गया। जिसमें इस जमीन पर रेलवे की ओर से दावा किए जाने की बात कही जा रही है।

रेलवे के नोटिस पत्र को देखने के तुरंत बाद प्रशासन ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को रोक दिया और मध्यरात्रि में करीब 1.30 बजे मस्जिद और मदरसा को सील कर दिया। टॉर्च की रोशनी में सील करने की कार्रवाई की गई। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने कहा कि मदरसा एवं नमाज वाली जगह से जुड़े कागजात दिखाने के लिए कल नगर निगम में लोगों से कहा गया था कब्जेदार की ओर से कोई कागजात नहीं दिखाया गया था।

हालांकि शनिवार की देर रात रेलवे का कोई नोटिस दिखाया गया है। जिसका परीक्षण कराया जा रहा है। ऐसे में मामले की गंभीरता एवं लॉ एंड ऑर्डर को देखते हुए फिलहाल ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर रोक लगाई गई है। नोटिस को बारीकी से देखा जा रहा है, इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। रविवार को बनभूलपुरा थाना अध्यक्ष नीरज भाकुनी ने मौके पर पहुंच कर वहां तैनात पीएसी के जवानों से बातचीत की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर निगम के माध्यम से पीएसी के जवानों के रहने की उचित व्यवस्था भी की है।

मलिक का बगीचा स्थित मदरसे के बाहर तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

> कब्जाधारकों ने शनिवार की रात रेलवे का नोटिस प्रस्तुत किया है, इसलिए मस्जिद और मदरसा को सील कर दिया गया है। नोटिस की जांच की जा रही है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
> –**ऋचा सिंह**, सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी

मदरसे और मस्जिद पर प्रशासन द्वारा लगाई गई सील। ● अमृत विचार

हाईकोर्ट में विचाराधीन

बनभूलपुरा में रेलवे भूमि होने का मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है। बीती जनवरी में हाईकोर्ट के आदेश के बाद बनभूलपुरा में रेलवे के दावे वाली जमीन को खाली कराने की कार्रवाई शुरू कर दी गई थी। मामला सर्वोच्च न्यायालय में मामला पहुंच गया। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद फिलहाल बनभूलपुरा में कार्रवाई रोक दी गई है। अब बनभूलपुरा में रेलवे की जमीन का दावा सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है, जहां सुनवाई जारी है।

अस्थायी गौशाला बनी

हल्द्वानी। नगर निगम ने सरकारी जमीनों को अतिक्रमण से मुक्त करवाकर, उनका इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। नजाकत का बगीचा में गौशाला बना दी गई है और जैम फैक्ट्री में नगर निगम ने वाहनों को खड़ा करना शुरू कर दिया है। रविवार को नगर निगम ने ताड़बाड़ की जगह चारदीवारी बना दी है। साथ ही यहां गौवंशीय पशुओं को रखना भी शुरू कर दिया है। निगम का कहना है कि जल्द ही स्थाई गौशाला बना दी जाएगी। इधर जैम फैक्ट्री वाली जगह को अतिक्रमण मुक्त कराने के बाद सरकारी वाहनों को खड़ा करना शुरू कर दिया है।

5 मई 2017 का है रेलवे का नोटिस

प्रभावित पक्ष की ओर से प्रशासन को जो रेलवे का नोटिस प्रस्तुत किया गया है, वह 5 मई 2017 को जारी किया है। पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल बरेली के राज संपदा अधिकारी की ओर से नोटिस जारी किया गया था। जिसमें नोटिस प्राप्त करने वाले व्यक्ति (निवासी इंदिरा नगर पश्चिम, वार्ड 14 हल्द्वानी) से कहा गया है वह रेलवे की जमीन में अवैध रूप से निवास कर रहे हैं। इसलिए कार्यालय में आकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। उल्लेखनीय है कि यही प्रकरण आगे चलकर सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा है।

शनिवार देर रात सीलिंग की कार्रवाई करते प्रशासनिक अधिकारी। ● अमृत विचार

स्थानीय लोगों को समझाते सपा प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी। ● अमृत विचार

प्रशासन की सील, पीएसी और पुलिस की निगरानी

हल्द्वानी। मलिक का बगीचा में मदरसे और मस्जिद पर प्रशासन ने अपनी सील लगा दी है। सील कोई तोड़े न और माहौल सामान्य बना रहे, इस लिहाज से इलाके में पीएसी और पुलिस की तैनाती कर दी गई है। बता दें कि रविवार रात प्रशासन ने मदरसा और मस्जिद पर सील लगाई। इससे पहले इसे तोड़ने की तैयारी की जा रही थी। रविवार शाम फ्लैग मार्च निकलने के बाद लोग सड़क पर उतर आए थे। देर रात तक माहौल गर्म रहा था तो पुलिस और प्रशासन के साथ सपा प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी भी लोगों के बीच पहुंचे। उन्होंने लोगों और प्रशासनिक अधिकारियों से बात की। साथ ही लोगों से कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इधर, सीलिंग की कार्रवाई के बाद क्षेत्र में पीएसी और पुलिस की तैनाती कर गई। एलआईयू और इंटेलीजेंस को सक्रिय कर दिया गया। पुलिस को सोशल मीडिया टीम भी निगरानी बनाए हुए है।

नाले में गिरा राजमिस्त्री, मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : काम खत्म कर घर लौट रहे राजमिस्त्री को कार ने टक्कर मार दी। राजमिस्त्री नाले में गिर गया और एक घंटे तक वहीं पड़े-पड़े उसकी मौत हो गई। एसटीएच में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

उजालानगर नूरी मस्जिद निवासी मो. इसरार पुत्र बेंचा खां (65 वर्ष) पेशे से राजमिस्त्री था। इसरार के बेटे रेहान के मुताबिक पिता कठघरिया में भवन निर्माण के काम कर रहे थे। रोज की तरह वह शनिवार शाम को भी ऑटो से कालू सिद्ध मंदिर तक पहुंचे और वह से पैदल घर की ओर चल पड़े। गांधी स्कूल के पास तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। उनके सिर में चोट लगी और वह उछल कर कब्रिस्तान की ओर बने नाले में गिर गए। वह करीब एक घंटे तक वहीं पड़े रहे। स्थानीय लोगों ने पुलिस और रेहान को सूचना दी। जिसके बाद उन्हें एसटीएच ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रेहान के मुताबिक हादसा घटना स्थल पर लगे एक सीसीटीवी में कैद हुआ है, जिसमें दिल्ली नंबर की कार दिख रही है।

बाइक फिसलने से गड्ढे में गिरा दूधिया, जान गई

हल्द्वानी : दूध बेचकर जा रहे एक बुजुर्ग दूधिया की बाइक फिसल गई और गहरे गड्ढे में गिरने से उसकी मौत हो गई। तलिया गांव कोटाबाग निवासी आनंद राम (61 वर्ष) दूध बांटते थे। रविवार की सुबह वह कोटाबाग दूध बांटने जा रहे थे। तलिया से कोटाबाग की ओर जाने वाले एक कच्चे रास्ते पर बाइक फिसल गई और वह करीब 12 फिट के गड्ढे में जा गिरे। उन्हें कोटाबाग सीएचसी से गंभीर हालत में एसटीएच रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मेडिकल चौकी के एसआई मो. आकिल ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

कमीशन की डोर से बंधा है 'लाल' तेल का 'काला' कारोबार

फॉलोअप

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ट्रांसपोर्ट नगर में नकली इंजन ऑयल बेचने का धंधा कमीशन की डोर से बंधा है। मोटे कमीशन के खेल में वर्कशॉप लाइन से निकला छोटा धंधा आज व्यापक रूप ले चुका है। धंधे की सबसे छोटी कड़ी (मिस्त्री) इस खेल का आखिरी खिलाड़ी है।

सूत्रों के अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर में नकली इंजन ऑयल बेचने का कारोबार वर्षों से चला आ रहा है। ट्रक स्वामी बताते हैं कि जब तिकोनिया के पास वर्कशॉप लाइन में ट्रांसपोर्ट का काम होता था तब से नकली इंजन ऑयल बेचने का खेल चल रहा है। उस समय इक्का-दुक्का ही थोक कारोबारी इस काले काम में लिप्त हुआ करते थे। जब देवलचौड़ में ट्रांसपोर्ट नगर को शिफ्ट किया गया तो इनकी संख्या में इजाफा हो गया। आज स्थिति यह है कि कुछ तथाकथित थोक कारोबारियों के अलावा वाहन मिस्त्री और स्पेयर पार्ट्स की दुकानों में खुलेआम नकली इंजन ऑयल बिक रहा है। बताया जाता है कि नकली इंजन ऑयल बेचने वाले थोक कारोबारियों की स्पेयर पार्ट्स के दुकानदारों और वाहन मिस्त्रियों से गहरी सांठगांठ होती है। जब कोई ट्रक या अन्य वाहन मरम्मत के लिए मिस्त्रियों के पास आता है तो वह संबंधित दुकान से ही इंजन ऑयल खरीदवाते हैं। ऑयल वाहन में डालने के बाद जब वाहन स्वामी वहां से चला जाता है तो यह मिस्त्री दुकानदार से अपनी कमीशन लेने पहुंच जाते हैं। इस नकली इंजन ऑयल के सिंडिकेट में सबसे ज्यादा आर्थिक नुकसान वाहन स्वामियों को होता है।

एक लीटर में 60 से 70 रुपए की होती है बचत

ट्रांसपोर्ट नगर में नकली इंजन ऑयल के कारोबार को मुफाने के फेर में कारोबारी और वाहन मिस्त्री अंजाम दे रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक जहां ब्रांडेड कंपनियों के इंजन ऑयल को बेचने पर प्रति एक लीटर में मात्र 10 से 15 रुपये बचते हैं। वहीं नकली इंजन ऑयल को बेचने पर करीब 60 से 70 रुपये की बचत होती है। इन नकली इंजन ऑयल पर ब्रांडेड कंपनियों का नाम होने के कारण इनकी पहचान करना मुश्किल होता है। जिस वजह से वाहन स्वामियों को नुकसान झेलना पड़ता है।

▸▸ **थोक से फुटकर व्यापारी और फुटकर से मिस्त्री तक जुड़ी मोटे कमीशन की डोर**

बोले ट्रक स्वामी

> इंजन ऑयल के अलावा स्पेयर पार्ट्स तक नकली बिक रहे हैं। कई वर्षों से यह खेल चल रहा है। कोशित रहती है कि परिचित मिस्त्री के वहां की वाहन का काम कराऊं। क्योंकि असली और नकली में फर्क पता नहीं चल पाता है। कई बार नुकसान भी होता है।
> – **चंद्रशेखर पांडे**, ट्रक स्वामी

> नकली ऑयल की वजह से इंजन खराब होने की परेशानी आती है। कई बार वाहन माइलेज तक नहीं देते हैं। हर महीने में कोई न कोई दिक्कत आती है। इसलिए परिचित मिस्त्री के यहां ही काम कराता हूं। नकली ऑयल का कारोबार बंद होना चाहिए।
> – **अब्दुल हक**, ट्रक स्वामी

महंगाई की मार | अक्टूबर में बारिश से लहसुन की फसल खराब होने से बढ़े दाम, मार्च के बाद नई फसल बाजार में आने से दाम में गिरावट की उम्मीद

'ओ ईजा', 20 रुपये में लहसुन की सिर्फ दो ही गांठ

ललित पांडे, हल्द्वानी

अमृत विचार : मिसेज पांडे ने सब्जी खरीदकर उसके पैसे दिए, दुकानदार शेष बचे 20 रुपये लौटाने लगा तो उन्होंने कहा कि इसका लहसुन दे दो। जब दुकानदार लहसुन देने लगा तो मिसेज पांडे के मुंह से बसबस ही निकल पड़ा, 'ओ ईजा', 20 रुपये में लहसुन की सिर्फ दो ही गांठ'। इस पर दुकानदार ने कहा कि मैडम लहसुन का भाव 400 रुपये प्रति किलो चल रहा है।

मिस्टर तिवारी रसोई में सब्जी बनाने के लिए लहसुन छीलने लगे तो मिसेज तिवारी तपाक से बोली, 'आप रहने दो, मैं सब्जी बना लूंगी।' इन दिनों लहसुन के दाम आसमान छू रहे हैं व लगभग सभी घरों में लहसुन को लेकर ऐसी ही प्रतिक्रियाएं हो रही हैं। शायद, आपके घर में भी हो रही होंगी। मंगल पड़ाव सब्जी मंडी में इक्का-दुक्का लोग ही लहसुन बेच रहे हैं। एक ठेले पर हरी मिर्च, धनिया, अदरक आदि चीजें थीं लेकिन लहसुन नदारद दिखा। पूछने पर दुकानदार ने कहा कि 400 रुपये किलो लहसुन हो रहा है, लोग उसका भाव पूछकर आगे बढ़ जा रहे हैं, इसलिए हमने बेचना ही बंद कर दिया।

आढ़तियों ने बताया कि पिछले सीजन में किसानों को लहसुन के दाम ठीक नहीं मिले थे, इसलिए इस बार कम लोगों ने लहसुन लगाई। साथ ही, पिछले साल अक्टूबर में बारिश से लहसुन की फसल खराब भी हो गई, इसलिए उसके दाम बढ़ गए। उन्होंने बताया कि मार्च के बाद नई फसल बाजार में आने के बाद ही लहसुन के दाम में गिरावट आएगी। वर्तमान में मंडी में रामपुर, दिल्ली, राजस्थान आदि से लहसुन आ रहा है।

किसानों को नहीं मिल पाता बढ़े दाम का लाभ

लहसुन के दाम बढ़ने से किसानों को कोई लाभ नहीं मिल रहा। प्रगतिशील किसान नरेंद्र मेहरा ने बताया कि इस समय दाम बढ़ने का लाभ बिचौलिए उठा रहे हैं, क्योंकि किसान की फसल बाजार में मार्च-अप्रैल में आएगी।

> आजकल खाने में लहसुन डाल ही कौन रहा है, हम तो बिना लहसुन के ही सब्जी बना रहे हैं। इतनी महंगाई में रसोई चलाना बहुत मुश्किल है। – **शांति बिष्ट**, गृहिणी

> पहले अधिकांश सब्जियों में लहसुन डालते थे लेकिन अब जिसमें जरूरी होता है, उसी में डालते हैं। बिना लहसुन के सब्जी खाने की आदत हो गई है। – **खीला देवी**, गृहिणी

> 400 रुपये किलो लहसुन लेने की बजाए हम 10 रुपये का लहसुन का पेस्ट का पाउच ले आते हैं। उसी को दाल-सब्जी में डाल रहे हैं।
> – **ज्योति कंवर**, गृहिणी

> जब तक पुराना लहसुन चल रहा था, तब तक खाया, अब बाजार से लाते ही नहीं हैं। लहसुन 100 रुपये पाव है, इतना महंगा लहसुन खाना हम जैसे आम लोगों के बस का नहीं है। – **सोनिया तिवारी**, गृहिणी

बगैर सत्यापन रह रहे दो लोगों का चालान

गरमपानी : खैरना बाजार क्षेत्र में मकान मालिक व मोटर मैकेनिक को सत्यापन न कराना मंहगा पड़ गया। खैरना पुलिस की टीम ने विशेष अभियान चलाकर दोनों का दस-दस हजार रुपये चालान काट दिया। प्रभारी दिलीप कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने बाजार क्षेत्र में विशेष सत्यापन अभियान चलाया। टीम ने मोटर मैकेनिक की दुकानों में कार्य करने वाले लोगों के सत्यापन की जांच की। इस दौरान देवी मंदिर के समीप मोटर मैकेनिक की दुकान में कार्य करने वाले लड़कों का सत्यापन न होने पर दुकान स्वामी का दस हजार रुपये का कोर्ट का चालान किया। गरमपानी क्षेत्र में किराएदार का सत्यापन न करने पर एक मकान मालिक का भी चालान किया गया। बाजार में हुड़दंग कर रहे तीन लोगों का पुलिस एक्ट में चालान किया।

बनभूलपुरा से तीन लोगों को ले गई एमपी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा के साइबर क्रिमिनल ने मध्य प्रदेश के न्यायिक अधिकारी की बेटी को ठग लिया। लाखों रुपये की ठगी से जुड़े इस मामले की जांच करती मध्य प्रदेश पुलिस बनभूलपुरा पहुंची और तीन लोगों को उठा लिया। पुलिस तीनों को मध्यप्रदेश ले गई है।

बनभूलपुरा में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बीच शुक्रवार शाम मध्य प्रदेश पुलिस की एक टीम हल्द्वानी पहुंची। उच्चाधिकारियों को बताया कि कुछ शातिरों ने मध्य प्रदेश में न्यायिक अधिकारी की बेटी से करीब 8 लाख रुपये की साइबर ठगी की है और इन ठगों की लोकेशन उन्हें बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में मिली है, जिसके बाद बनभूलपुरा पुलिस की टीम के साथ मध्य प्रदेश की पुलिस ने शातिरों के ठिकाने पर अचानक छापा मारा और तीन युवकों को हिरासत में ले लिया।

अचानक हुई पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि मामला साइबर क्राइम से जुड़ा है। न्यायिक अधिकारी की बेटी से ठगी के मामले में मध्य प्रदेश पुलिस ने क्षेत्र से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

धोखाधड़ी

▸▸ **न्यायिक अधिकारी की बेटी से ठगी का है मामला**

▸▸ **झांसे में लेकर खाते में आठ लाख रुपए डलवाए थे**

सार-संक्षेप

धात एनजीओ के सदस्यों के साथ मनीष मंडल। ● अमृत विचार

ताईक्वांडो चैंपियनशिप के लिए मनीष जाएंगे दुबई

हल्द्वानी। खेल, साहित्य, कला, संस्कृति आदि को बढ़ावा देने के लिए डेवलपमेंट ऑफ हिडन एंड अमेच्योर टैलेंट (धात एनजीओ) संस्था हमेशा तत्पर रहती है। संस्था ने दुबई (यूएई) में 4 फरवरी से आयोजित होने वाली 11वीं फुजेयरा अन्तर्राष्ट्रीय ओपन ताईक्वांडो चैंपियनशिप के लिए मनीष मंडल को अर्थिक मदद की है। संस्था के संस्थापक रवि कांत राजू ने बताया कि मनीष ने पूर्व में कई अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 12 स्वर्ण, 6 रजत व 5 कांस्य पदक जीते हैं, लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से उनके लिए खेल में निरंतरता बनाए रखना अंसभव हो रहा है। मनीष जब 4 साल के थे, तभी उनके पिता का निधन हो गया। उनकी मां ने एक ब्यूटी पार्लर में काम करके अपने बेटे की शिक्षा-दीक्षा, भरण-पोषण किया व कर्ज लेकर उसकी खेल अभिरुचि को पूरा करके की कोशिश कर रही हैं।

एनसीसी की 'ए' सर्टिफिकेट की प्रैक्टिकल परीक्षा कराई

हल्दूचौड़। एनसीसी की सबयूनिट एवर ग्रीन सीनियर सेकेंड्री स्कूल तुलारामपुर में 1 यूके एयर स्क्वाड्रन एनसीसी पंतनगर ने 'ए' सर्टिफिकेट प्रैक्टिकल परीक्षा आयोजित कराई। व्यावहारिक परीक्षा भारतीय वायु सेना के अधिकारियों सार्जेंट वर्मा, सीपीएल गणेशमूर्ति, सार्जेंट तिनियार, द्वितीय अधिकारी सुरेश भट्ट व दिलीप कैरा, तृतीय अधिकारी नंदन रावत, बीसीए प्रदीप सिंह, जीसीए निकिता नेगी द्वारा आयोजित की गई। सबयूनिट में व्हाइटहॉल स्कूल, जीआईसी बिंदुखेड़ा, जीआईसी मोतीनगर और एवर ग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से एनसीसी छात्रों को उनकी परीक्षा और व्यावहारिक दिन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कैडटो की कड़ी मेहनत और तैयारी से निश्चित रूप से उन्हें सफलता मिलेगी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी।

रामनगर में परीक्षा देते एनसीसी कैडेट्स। ● अमृत विचार

184 कैडेट्स ने दी एनसीसी प्रमाण पत्र की परीक्षा

रामनगर। एमपी हिन्दू इंटर कालेज, रामनगर में एनसीसी. (आर्मी) की 'ए' प्रमाण पत्र परीक्षा 79 बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल राजेश कौशिक और कर्नल एस बी मलांगी के निर्देशन में सम्पन्न हुई। परीक्षा में कुल 190 के स्थान पर184 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। इस केन्द्र पर सम्पन्न हुई परीक्षा में एमपी हिन्दू इण्टर कालेज रामनगर, ज्ञान प्रकाश इंटर कालेज, धमोला, राइका करनपुर, राइका गौजानी, राइका मालधनचौड, राइका मंगोली, राइका ढिकुली के कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। लिखित परीक्षा और कल तीन फरवरी को ड्रिल, एफसी और बीसी, मैप रिडिंग, वेपन ट्रेनिंग प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न की गयी। प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्र सेवा और सामाजिक सुरक्षा के लिए एनसीसी कैडेट्स अपनी अहम भूमिका निभाने में सक्षम होते है। इस दौरान एनसीसी अधिकारी कैप्टन चन्द्रशेखर मिश्र, सूबेदार महेश चंद्रा, बीएचएम तारा सिंह, हवलदार त्रिलोक भट्ट, मनोज पाण्डे एवं संबंधित विद्यालयों के एएनओ आदि उपस्थित रहे।

वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह के दौरान जागरूक करते ग्रामीण।

वनों को आग से बचा लिया तो जीवन को ऑक्सीजन बचा ली

रामनगर। वनों को आग से बचा लिया तो समझिए अपने जीवन के लिए भी आपने आक्सीजन सुरक्षित रख लिया, क्योंकि अगर आग से पेड़ जले तो जीवन को मिलने वाली वायु भी समाप्त हो जाएगी। यह बात गौजानी वन चौकी में वन दरोगा नवीन चंद्र पपनै ने अग्नि सुरक्षा सप्ताह गोष्ठी के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने आग से वनों के समाप्त हो जाने, पर्यावरण दूषित होने व वन्य जीवों पर संकट जैसे कई सवाल रखे। ग्रामवासियों द्वारा वन विभाग को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान शरत सिंह बिष्ट, वन दरोगा, मानसी अरोड़ा वन दरोगा, मोहन चंद्र उप्रेती, वन आरक्षी तथा स्थानीय ग्रामवासी मौजूद रहे।

लीला मेमोरियल पब्लिक हाईस्कूल को उत्कृष्टता पुरस्कार

गरमपानी। अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर समीपवर्ती ज्याड़ी क्षेत्र में स्थित लीला मेमोरियल पब्लिक हाईस्कूल को सरकार ने प्रदेशभर में सर्वोच्च परीक्षाफल देने वाले 50 विद्यालयों की सूची में शामिल किया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय को पंडित दीनदयाल उपाध्याय शैक्षिक उत्कृष्टता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है। स्कूल के छात्र अंकित बिष्ट, करन नेगी, प्रीतम परिहार तथा मुकुल मेहरा ने बीते वर्ष हुई हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में शानदार अंक प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय अल्मोड़ा में हुए कार्यक्रम में विद्यालय को सम्मानित किया गया। विधायक मनोज तिवारी ने विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित मोहन भट्ट को प्रशस्ति पत्र सौंपा।

59 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र किए जाएंगे उच्चीकृत

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : बेतालघाट ब्लॉक के विभिन्न गांवों में संचालित मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को उच्चीकृत किए जाने की तैयारी तेज हो गई है। आंगनबाड़ी केंद्रों के उच्चीकृत होने के बाद उक्त केंद्रों में सहायिकाओं की भी तैनाती होगी। सीडीपीओ अनीता सक्सेना के अनुसार मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को उच्चीकृत किए जाने की तैयारी अंतिम चरण में है। उच्चाधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ब्लॉक के गांवों में बाल विकास विभाग की 59 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। जिसमें एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की भी तैनाती है। गांव के नौनिहालों को प्राथमिक शिक्षा का कह कहा सिखाने व व्यवस्था चाक चौबंद करने तथा अन्य जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से अब मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को उच्चीकृत करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पूर्व में सर्वे कर सभी मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। उच्चीकृत होने के बाद केंद्र में एक सहायिका की भी तैनाती होगी। सहायिका मिलने के बाद केंद्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को भी मदद मिलेगी। बाल विकास विभाग की सीडीपीओ अनीता सक्सेना के अनुसार मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को उच्चीकृत किए जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उच्चाधिकारियों से दिशा निर्देश मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कॉलेज प्रबंधन के विरोध के बावजूद निगम ने दे दिया पार्किंग का ठेका, ठेकेदार ने पार्किंग स्थल पर रस्सी बांधकर शुरू की शुल्क वूसली

जमीन जंगलात की, पट्टेदार मेडिकल कॉलेज, चौधरी बना निगम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जमीन वन विभाग की, पट्टा लिया चिकित्सा शिक्षा विभाग ने और बनाया राजकीय मेडिकल कॉलेज, अब इस जमीन पर चौधरी बनकर नगर निगम ने पेड पार्किंग का ठेका दे दिया है। हैरानी की बात है कि मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के विरोध के बावजूद ठेकेदार ने पार्किंग में रस्सी बांधकर शुल्क वसूली शुरू कर दी है।

मामला डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) के सामने लगे पेड पार्किंग बोर्ड का है। नगर निगम ने जिस जमीन पर पेड पार्किंग के बोर्ड लगाए हैं वह राजकीय मेडिकल कॉलेज की है। यह जमीन मेडिकल कॉलेज की स्थापना के समय केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने हस्तांतरित की थी।

लेकिन नगर निगम ने बिना कॉलेज प्रबंधन की अनुमति लिए जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा लेकर उसपर पेड पार्किंग के बोर्ड लगाए दिए। जब इसकी भनक कॉलेज प्रबंधन को लगी तो उन्होंने नगर निगम को बोर्ड हटाने के लिए दो बार पत्र भेजे, लेकिन निगम अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। हैरानी की बात है कि नगर निगम ने मेडिकल कॉलेज की जिस पर जमीन अवैध तरीके से कब्जा लिया, उस पर पार्किंग का ठेका भी दे दिया है। जिस पर शनिवार को ठेकेदार ने पार्किंग स्थल पर रस्सी से चौहद्दी बना दी और वाहनों से शुल्क वूसली शुरू कर दी है।

मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के विरोध के बावजूद ठेकेदार ने पार्किंग में रस्सी बांधकर शुल्क वसूली शुरू कर दी है। ● अमृत विचार

जमीन वन विभाग की है। कॉलेज को सिर्फ लीज पर मिली है। नियमानुसार जमीन पर कॉलेज के अलावा किसी का कोई अधिकार नहीं है। बोर्ड हटाने के लिए नगर निगम को तीन बार पत्र भेज दिए हैं। **-डॉ. अरुण जोशी,** प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज

जमीन पर अतिक्रमण था। जिसे हटाकर पेड पार्किंग का ठेका दिया गया है। शहर की व्यवस्था के लिए पार्किंग बनाई गई है। अगर कोई पत्र आता है तो पार्किंग को हटा दिया जाएगा। **- पंकज उपाध्याय,** नगर आयुक्त नगर निगम

बाघ नहीं पकड़े जाने पर गुस्साए ग्रामीण सड़क पर उतरे

आक्रोशित लोगों ने रामनगर-कोटद्वार मार्ग पर लगाया जाम, आवाजाही ठप कर कार्बेट से क्षमता से अधिक बाघों को हटाने को कहा

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : पिछले तीन माह से बाघ के आतंक का दंश झेल रहे ग्रामीणों ने रविवार को न केवल सावल्दे में धरना दिया बल्कि एक बार पुनः रामनगर-कालागढ़ कोटद्वार मोटर मार्ग बंद कर आवाजाही ठप कर दी। आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि 14 दिसंबर को कार्बेट प्रशासन ने ढेला धरने में आकर घोषणा की थी कि बाघ को ट्रेंकुलाइज कर हटाने की परमिशन ली जा चुकी है। दो-तीन दिन में ही बाघ को पकड़ लिया जाएगा परंतु डेढ़ महीने से भी अधिक समय बीत चुका है और आदमखोर को अभी तक नहीं पकड़ा गया।

आदमखोर दुर्गा देवी को मार चुका है तथा कई अन्य लोगों पर हमला भी कर चुका है। यदि समय रहते टाइगर पकड़ लिया जाता तो दुर्गा देवी तथा अन्य लोगों को आदमखोर के हमले से बचाया जा सकता था। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार सांवल्दे, ढेला, बासीटीला सेमलखलिया, गौजानी, कानिया, आमडंडा, मालधन आदि क्षेत्रों के ग्रामीण व महिलाएं प्रातः 11 बजे से ही धरने पर बैठ गए। संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा मांग की गई कि कार्बेट प्रशासन का कोई सक्षम अधिकारी आकर जनता को बताए कि आदमखोर बाघ को कब पकड़ा जाएगा। दिन में डेढ़ बजे तक पार्क प्रशासन का कोई भी अधिकारी ग्रामीणों के धरने पर नहीं पहुंचा तो महिलाओं ने रामनगर कोलागढ़ मोटर मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। चक्का जाम के बाद ढेला रेंज की एसडीओ ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को आश्वासन देकर जाम खुलवाया। संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक ललित उप्रेती व क्रालोस के मुनीष कुमार ने धरना स्थल पर सभा में कहा कि कार्बेट पार्क में टाइगर की संख्या 260 से अधिक है जबकि इसकी क्षमता मात्र 65 टाइगर झेलने की है। यही कारण है कि टाइगर व अन्य जंगली जानवर गांव-गांव, घर-घर में घुस रहे हैं। अतः यहां से क्षमता से अधिक टाइगरों को तत्काल हटाया जाना चाहिए। महेश जोशी ने कहा कि 3 दिन के भीतर आदमखोर टाइगर को नहीं हटाए जाने पर संघर्ष समिति पुनः आंदोलन के विवश होगी जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस दौरान ललिता रावत, तारा बेलवाल, हीरा सिंह, आनन्द नेगी, संजय मेहता, रोहित रुहेला, प्रभात ध्यानी, अनीता गुसाई, उर्मिला देवी, गंगा गिरी, सुमित, मंगली देवी, ललित पांडे, गोपाल मेहरा, राशिद,

सावल्दे धरना स्थल पर मौजूद ग्रामीण महिलाएं। ● अमृत विचार

आत्मदाह से पहले ही पूर्व ब्लॉक प्रमुख गिरफ्तार, नारेबाजी की

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : दुर्गा देवी को मौत के घाट उतारने वाले बाघ को न पकड़े जाने की घोषणा करने वाले पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी को तय कार्यक्रम से पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया।

बता दें कि संजय नेगी ने रविवार को सेमलखलिया चौराहे पर दिन में एक बजे आत्मदाह की घोषणा की थी, लेकिन इससे पूर्व ही 11 बजे नेगी के मकान के चारों ओर भारी मात्रा में पुलिस ने अपना घेरा डाल दिया। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने पुलिस कर्मियों के साथ संजय नेगी को गिरफ्तार कर लिया।

उसके बाद उन्हें पुलिस एसडीएम कार्यालय ले आयी। संजय नेगी के पीछे पीछे कई लोग भी एसडीएम परिसर में पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। एसडीएम राहुल शाह ने बांड भरवाकर उन्हें रिहा कर दिया। इसी बीच रिहा होने के बाद अपने समर्थकों का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि बाघ एक सप्ताह में नहीं पकड़ा गया तो फिर आंदोलन किया जाएगा। इसी बीच एसडीएम परिसर में लोगों के साथ मौजूद संजय नेगी की पत्नी मंजू नेगी ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पुलिस और वन विभाग सरकार के इशारे पर काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि उनके पति लगातार लंबे समय से जनता की समस्याओं को लेकर आंदोलन करते रहे हैं और आज भी उनके द्वारा जनहित की मांग को लेकर आत्मदाह करने की घोषणा की गई थी। उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्रों में जहां एक ओर सड़कों पर इंसान घूमते थे, अब उन सड़कों पर इंसानों का घूमना तो बंद हो गया है बल्कि इन सड़कों पर बाघ घूम रहे हैं, जो कि भविष्य के लिए एक बड़ा खतरा है, उन्होंने कहा कि जनता के संघर्षों के लिए उनके पति का आंदोलन आगे भी जारी रहेगा जिसमे उनकी बराबर की सहभागिता रहेगी। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य महावीर रावत, ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह बिष्ट, पूर्व प्रधान राहुल डंगवाल, तुलसी देवी, बीना गुसाई, तनुजा उप्रेती, माया नैनवाल, चंद्र कला पटवाल, जानकी देवी, राधा रावत, किशोर कुमार, नवीन सती मौजूद रहे।

संजय नेगी को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

अब स्कूल में हैंडल-पैंडल किताब पढ़ेंगे नौनिहाल

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : कक्षा 6 से 8 तक के नौनिहाल अब अपने स्कूल के पुस्तकालय में पढ़ सकेंगे हैंडल-पैंडल। पुस्तक के लेखक राज्य कर अधिकारी मितेश्वर आनंद इन दिनों रामनगर में तैनात हैं। बताते चलें कि उत्तराखंड में विद्यालयों के पुस्तकालय के लिए राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा परिषद, उत्तराखंड द्वारा ज्ञानवर्धक व शिक्षाप्रद पुस्तकों का चयन किया जाता है।

इस बार समिति द्वारा जारी सूची में हैंडल-पैंडल ने भी अपनी जगह बनाई है। मितेश्वर ने इस पुस्तक में बाल्यवस्था के जीवन की कई रोचक बातें भी उजागर की है। यदि आपने भी अपने बचपन की खट्टी-मीठी स्मृतियों को पढ़ना हो तो, लेखक की हैंडल पैंडल आपकी स्मृतियां ताजा कर सकती हैं। लेखक मितेश्वर का कहना है कि जिंदगी भी हैंडल पैंडल की तरह होती है, सही राह मिल गई तो चल पड़ती है, वरना तो जीवन का जैसा साईकल हो जाता है। यह पुस्तक विद्यार्थी जीवन में दोस्ती, दुश्मनी व शरारतों का एक मजेदार लेखा-जोखा है। जो हम सब के बचपन की कहानी कहता है। स्कूलों के पुस्तकालय में पुस्तक के चयन होने पर मितेश्वर के शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जताई है।

धामी जी! पंचायतों का कार्यकाल बढ़वा दीजिए

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: विकास खण्ड के जन प्रतिनिधियों ने पंचायतों का कार्यकाल दो साल और बढ़ाने की मांग मुख्यमंत्री से की है। उपलाधिकारी के माध्यम से भेजे ज्ञापन में ग्राम प्रधान संगठन ने कहा कि उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाए जाये तथा एक राज्य एक चुनाव के फार्मूले को सफल बनाना चाहिए। कहा कि वर्ष 2019 में त्रिस्तरीय पंचायतें चुनी गई थी। पंचायत के गठन होने के बाद दो वर्ष तक कोविड-19 का प्रकोप रहा।

इस कारण से दो वर्ष तक पंचायतों की सामान्य बैठक भी नहीं हो पाई। इन पंचायतों का मुख्य कार्य दो वर्ष तक ठप रहा। पंचायत एक्ट के अनुसार अगर पंचायतों की बैठक नहीं हुई तो उस कालखंड को पंचायतों के कुल कार्यकाल से नहीं जोड़कर देखा जा सकता है। इस लिहाज से उत्तराखंड के 12 जनपदों के त्रिस्तरीय पंचायतों का दो वर्ष कार्यकाल बढ़ाया जाना एक्ट के अनुरूप है। कार्यकाल के बढ़ने से भविष्य में हरिद्वार के चुनाव भी शेष उत्तराखंड के साथ किए जाने की संभावना भी प्रबल हो जाएगी।

ज्ञापन में कहा गया है कि प्रधानमंत्री के "एक राष्ट्र-एक चुनाव" के फार्मूले को लागू करने के लिए अडिग है। अतः जनहित में इसे धरातल में लाने की जरूरत है। उत्तराखंड राज्य में "एक राज्य एक पंचायत चुनाव" राज्य बनने के 23 वर्षों के मध्य दौरान संभव नहीं हो पाया है। इसलिए एक राज्य एक चुनाव के लिए त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल वर्ष बढ़ाया जाना लाजमी है। इस दौरान ग्राम प्रधान संगठन की अध्यक्ष मिथिलेश डंगवाल, दीप चंद्र शास्त्री, मंजू देवी, विनीता, ललित मोहन, ब्लाक प्रमुख रेखा रावत, रेखा रावत रेखा रावत, नवीन सती, बब्बू सिंह चोधरी मौजूद रहे।

रामनगर में एसडीएम को ज्ञापन देते जन प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

निष्कर्ष गीतांजलि जोशी की स्मृति में बने पुस्तकालय में हुआ कार्यक्रम, कहा- लगभग 22 फीसदी मौतों का कारण तम्बाकू सेवन

खान-पान, रहन-सहन में बदलाव से होगा कैंसर पर नियंत्रण

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: यदि हम अपने रहन सहन और खानपान के तरीकों में सुधार कर लें तो कैंसर को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है यह निष्कर्ष गीतांजलि जोशी स्मृति पुस्तकालय ,लखनपुर में कैंसर पर हुए एक कार्यक्रम में निकल कर आया।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कार्यक्रम रचनात्मक शिक्षक मंडल के संयोजक नवेंदु मठपाल ने कहा कैंसर से होने वाली लगभग 22 फीसदी मौतों का कारण तम्बाकू का सेवन है। अन्य दस फीसदी मोटापे , खराब आहार , शारीरिक गतिविधि की कमी या अत्यधिक शराब के सेवन के कारण होते हैं। कैंसर दुनिया भर में मौत का एक प्रमुख कारण है, 2020 में लगभग 10 मिलियन लोगों की मौत हुई, या छह में से लगभग एक मौत हुई।

सबसे आम कैंसर स्तन, फेफड़े, वृहदान्त्र और मलाशय और प्रोस्टेट कैंसर हैं। कैंसर से होने वाली लगभग एक-तिहाई मौतें तंबाकू के सेवन, उच्च बॉडी मास इंडेक्स, शराब का सेवन, कम फल और सब्जियों का सेवन और शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण होती हैं। कैंसर पैदा करने वाले संक्रमण, जैसे कि ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) और हेपेटाइटिस, निम्न और निम्न-मध्यम आय वाले देशों में कैंसर के लगभग 30% मामलों के लिए जिम्मेदार हैं।

यदि जल्दी पता चल जाए और प्रभावी ढंग से इलाज किया जाए तो कई कैंसर ठीक हो सकते हैं। इस मौके पर कैंसर से उभर कर अब अपना व्यवसाय कर रहे कपिल शर्मा ने अपने अनुभव भी साझा किए। उन्होंने कहा शुरू में जब उन्हें कैंसर होने की जानकारी लगी तो काफी निराशा हुई पर फिर उनके परिवारजनों, मित्रों ने उन्हें हिम्मत नहीं हारने दी। अब वे लगभग पूरी तरह स्वस्थ हैं।

उन्होंने कहा हमारे सामाजिक सरोकार भी हमें किसी भी बीमारी से लड़ने और स्वस्थ होने में काफी मददगार होते हैं,यह मेरा अनुभव है। इस मौके पर फिल्म आनंद भी देखी गई। फ़िल्म की कहानी एक कैन्सर से पीड़ित रोगी आनंद (राजेश खन्ना) की है। इस मौके पर कपिल शर्मा, सौरभ, मुकेश जोशी, नवेंदु मठपाल, नीति जोशी, नंदिता जोशी, दिव्यांश, जय नेगी, दीपांशु रावत मौजूद रहे।

कैंसर के विषय में बच्चों को जानकारी देते आयोजक। ● अमृत विचार

संघर्ष समिति के अध्यक्ष बने मदन

गरमपानी। क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर हमेशा से अहम भागीदारी निभाने वाली क्षेत्रीय जन विकास संघर्ष समिति के कार्यकारी अध्यक्ष की कमान पूर्व चीफ फार्मासिस्ट मदन मोहन कैड़ा को सौंप गई है।

क्षेत्रीय जन विकास संघर्ष समिति की बैठक मनीष तिवारी कि अध्यक्षता में हुई। पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से खैरना निवासी पूर्व चीफ फार्मासिस्ट मदन मोहन कैड़ा को समिति का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने का निर्णय लिया। इस दौरान समिति के बिशन सिंह जंतवाल, महेंद्र सिंह बिष्ट, फिरोज अहमद, संजय सिंह, मोहन सिंह, विक्रम सिंह बिष्ट, गजेन्द्र नेगी, गोविन्द सिंह, कैलाश सिंह, विरेन्द्र सिंह, पंकज नेगी, पंकज भट्ट, आंनद सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

एक नजर

पूर्व उपप्रधानमंत्री आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर जताई खुशी

हल्द्वानी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान मिलने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। इस अवसर पर रामजन्म भूमि के कारसेवक रहे हरीश पांडे ने भी खुशी जताई। हरीश पांडे ने बताया कि लालकृष्ण आडवाणी ने भाजपा को सींचकर बुनियादी जिम्मेदारी का निर्वाह किया। उन्होंने बताया कि साल 1989 में आडवाणी जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे तब वे नैनीताल के एक निजी स्कूल में मुख्यअतिथि के तौर पर आये थे। पांडे ने बताया कि उत्तरांचल राज्य का जल्दी गठन करने के संबंध में उन्होंने ज्ञापन भी सौंपा था। आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर उन्होंने शुभकामनाएं दीं।

राष्ट्रीय स्कूल शतरंज प्रतियोगिता खेलेंगे तेजस

हल्द्वानी। हल्द्वानी का तेजस राष्ट्रीय स्कूल शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगा, 6 से 10 फरवरी तक बिहार के पटना में राष्ट्रीय स्कूल शतरंज प्रतियोगिता होगी। अंडर-7 कैटेगरी में दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल हल्द्वानी के तेजस तिवारी प्रतिभाग करेंगे। अंदर-7 प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 80 प्रतिभागी प्रतिभागी कर रहे हैं। वरीयता क्रम में तेजस तिवारी की दूसरी वरीयता है। स्कूल के निदेशक समित टिक्कू, अकादमिक निदेशक स्मृति टिक्कू, प्रधानाचार्य प्रभलीन सलूजा वर्मा तेजस को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

तीन नए फिल्टर प्लांट से बुझेगी शहर की आधी से अधिक आबादी की प्यास

26 एमएलडी क्षमता का एक नया प्लांट और दो पुराने प्लांट ध्वस्त कर बनेंगे नए प्लांट, विभाग ने 164 करोड़ की डीपीआर बनाकर शासन को भेजी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: शहर में तीन नए फिल्टर प्लांट का निर्माण होने जा रहा है जिसमें 26 एमएलडी क्षमता का एक नया प्लांट जबकि 6.25-6.25 एमएलडी के दो पुराने प्लांट को ध्वस्त कर 12.5 एमएलडी का नया प्लांट बनाया जाएगा। इसके लिये पेयजल निगम ने 164 करोड़ रुपये की डीपीआर बनाकर शासन को भेजी है।

योजना में दो पुराने प्लांट में भी कुछ तकनीकी बदलाव किये जाएंगे। इनमें अतिरिक्त यूनिट ली जाएगी जिससे बरसात में सिल्ट आने के कारण प्लांट के बंद होने की समस्या से निजात मिलेगी। इसके साथ ही कुल 52 किमी. पेयजल लाइन भी बिछाई जाएगी जिसमें 36 किमी. मुख्य सप्लाई, 6 किमी. राइजिंग मेन पंप और 8 किमी. रॉ वॉटर लाइन होगी। बता दें कि शीशमहल स्थित फिल्टर प्लांट लगभग 60 साल पुराना है। पुराने फिल्टर प्लांट से शहर की आधे से अधिक आबादी को पानी की आपूर्ति होती है।

शीशमहल में चार प्लांट हैं जिनकी कुल क्षमता 34 एमएलडी है। प्लांट नंबर तीन 15 एमएलडी क्षमता के साथ सबसे अधिक क्षमता वाला प्लांट है जिससे शहर के लगभग आधे हिस्से को पानी की आपूर्ति होती है जबकि तीन अन्य प्लांट की कुल क्षमता 19 एमएलडी है। इसके अलावा शीतलाहाट में एक फिल्टर प्लांट है जिसकी क्षमता 3.5 एमएलडी है। इस लिहाज से शीशमहल फिल्टर प्लांट बहुत महत्त्वपूर्ण है।

बीते 25 जनवरी को पेयजल सचिव अरविंद ह्यांकी नैनीताल आए थे तब उन्होंने प्रोजेक्ट को हरी झंडी देते हुए डीपीआर शासन भेजने को कहा था। बता दें कि 2018 में तत्कालीन डीएम ने प्लांट का निरीक्षण किया था।

तब विभाग के अधिकारियों ने डीएम को बजट की कमी से अवगत कराया था। इसके बाद कुछ माह पूर्व वर्तमान डीएम वंदना सिंह ने पेयजल निगम के अधिकारियों को डीपीआर बनाने को कहा था जिस पर निगम ने 164 करोड़ रुपये की डीपीआर बनाकर शासन को भेजी है।

शीशमहल स्थित वॉटर प्लांट। ● अमृत विचार

नैनीताल रोड की मुख्य पेयजल लाइनें भी 40 साल से अधिक पुरानी

नैनीताल रोड की मुख्य पेयजल लाइनें भी 40 साल से अधिक पुरानी हैं जिस कारण लाइनें जर्जर हो चुकी हैं। सबसे अधिक लीकेज भी नैनीताल रोड की लाइनों से होता है जिस कारण हजारों लीटर पानी सड़कों पर बर्बाद होता है। विभाग यहां बार-बार लीकेज बनाते रहता है लेकिन बहुत पुरानी लाइनें होने के कारण फिर से लीकेज हो जाते हैं। नये प्लांट की योजना में इन पुरानी जर्जर लाइनों को भी बदला जाएगा।

9 करोड़ रुपये से बिछेगी सीवर लाइन

पेयजल निगम 9 करोड़ रुपये से शहर के तीन हिस्सों में नई सीवर लाइन बिछाएगा। पेयजल निगम ने इसके लिये टेंडर जारी कर दिये हैं। निगम की ओर से शहर के आवास विकास, हरिपुर करनल और सुभाष नगर में सीवर लाइन बिछाई जाएगी। इसके साथ ही यूयूएसडीए की ओर से शहर में 2250 करोड़ रुपये की योजनाओं के अंतर्गत शहर के कई प्रमुख हिस्सों में सीवर लाइन बिछाई जानी है। यूयूएसडीए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर कुलदीप सिंह ने बताया कि टेंडर जारी हो गए हैं और जल्दी कार्य शुरू दिया जाएगा। वहीं पेयजल निगम के ईई एके कटारिया ने बताया कि 9 करोड़ रुपये से बिछाई जाने वाली सीवर लाइन का काम भी जल्दी शुरू कर दिया जाएगा।

ठंड में बिजली व पानी संकट और गहरा गया

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कॉलटैक्स और घुनी नंबर-1 का ट्यूबवेल एक सप्ताह बाद भी ठीक नहीं हो पाया है, जिससे रविवार को ठंड व बारिश में भी लोगों को पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई। हालांकि विभाग प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर भेज रहा है, लेकिन इससे लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है।

पानी नहीं मिलने के कारण कई लोग अपनी जेब ढीली कर निजी टैंकर मंगाकर पानी पी रहे हैं। जल संस्थान के एई नीरज तिवारी ने बताया कि खराब मोटर को रिपेयर किया जा रहा है। नई मोटर भी मंगाई गई है। उन्होंने कहा कि जो भी पहले उपलब्ध होगी उससे पानी की आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी। बताया कि 2-3 दिन में आपूर्ति सुचारू हो जाएगी। वहीं, दूसरी तरफ गौलापार के देवला मल्ला का ट्यूबवेल भी खराब है जिससे ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

विभाग के टैंकरों से भी लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। गांव के लोग अन्य जगह से पानी की व्यवस्था कर रहे हैं जबकि कुछ लोग निजी टैंकर मंगा रहे हैं। जल संस्थान के ईई नंदकिशोर ने बताया कि ट्यूबवेल 2-3 दिन बाद ठीक कर लिया जाएगा। पानी के साथ ही बिजली ने भी लोगों को परेशान किया। लामाचौड़ में एक वाहन के बिजली के पोल से टकराने के कारण क्षेत्र में 2:30 घंटे से अधिक बिजली की आपूर्ति बाधित रही जिस कारण लोग परेशान रहे। इसके साथ ही शहर के अन्य हिस्सों में भी बिजली की आंख-मिचौली दिनभर चलती रही। यूपीसीएल ग्रामीण के ईई डीडी पांगती ने बताया कि सामान्य रोस्टिंग को छोड़कर शहर के सभी हिस्सों में बिजली की आपूर्ति सुचारू रही।

किल्लत

- कॉलटैक्स और घुनी नंबर-1 का ट्यूबवेल नहीं हुआ ठीक
- लामाचौड़ में 2:30 घंटे बाधित रही बिजली की आपूर्ति

रोबॉल के लिए एमबीपीजी कॉलेज में मैदान तैयार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता 15 फरवरी को रुद्रपुर में आयोजित होगी। इसकी तैयारी के लिए एमबीपीजी कॉलेज में छात्रों ने मैदान तैयार कर लिया है।

कॉलेज की छात्रा श्वेता भाकुनी ने रोहतक में हुई राष्ट्रीय अंतर विश्वविद्यालय ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था। प्रगति दुमका, दिव्या गोस्वामी आदि भी ड्रॉप रोबॉल की प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुकी हैं। खिलाड़ियों ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय खेलों में इसे शामिल किया जा सकता है। कॉलेज के खेल विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र सिंह कहते हैं कि वर्तमान में 15-17 छात्र ड्रॉप रोबॉल खेल रहे हैं।

उन्होंने बताया कि यह खेल स्वास्थ्य, मनोरंजन व प्रतिस्पर्धा तीनों श्रेणियों में फायदेमंद व कम संसाधनों में खेला जा सकता है।

ऐसा खेला जाता है ड्रॉप रोबॉल : यह खेल लॉन टेनिस से मिलता-जुलता है। इसे सिंगल, डबल, ट्रिपल, मिक्स डबल व टीम इवेंट में खेला जाता है। खिलाड़ी हथेली से गेंद को थप-थपाकर 3 या 5 के सेट में 11 अंकों की स्कोरिंग के लिए खेलते हैं। इसमें गेंद का आकार छोटा (एक नंबर) होता है। इसे आउटडोर व इनडोर खेला जा सकता है।

कुमाऊं विश्वविद्यालय के इसी मैदान में आयोजित होगी प्रतियोगिता।

बैलपड़ाव में होने वाली ओपन टेनिस प्रतियोगिता की जानकारी देते आयोजक।

16 से 18 फरवरी तक होगी ओपन टेनिस प्रतियोगिता

हल्द्वानी, अमृत विचार : चतुर्थ राज्य स्तरीय हल्द्वानी ओपन टेनिस प्रतियोगिता शुरू होने जा रही है। प्रदेश के 85 खिलाड़ियों के प्रतिभाग करने की संभावना है। प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी शामिल होंगे। जिला टेनिस एशोसियेशन के अध्यक्ष डॉ. समीर वर्मा ने कहा कि चतुर्थ राज्य स्तरीय हल्द्वानी ओपन टेनिस प्रतियोगिता 2024 का आयोजन 16, 17 व 18 फरवरी को होगा। आपिटमम टेनिस एकेडेमी बैलपड़ाव में प्रतियोगिता होगी। सचिव हेम कुमार पांडेय ने कहा कि देहरादून, अल्मोड़ा, पौड़ी, टिहरी, नैनीताल आदि जिलों के 80 से 85 खिलाड़ियों के प्रतिभाग करने की संभावना है, जिसमें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी शामिल हैं। अविनाश कुंवर, एचएस बिष्ट, हेम कुमार पांडेय, मान सिंह, मोहित सिंह राठौर व देवेन्द्र सिंह बिष्ट जैसे प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी भी प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतियोगिता 1.25 लाख रुपये नगद पुरस्कार के साथ आकर्षक ट्राफियां भी प्रदान की जाएंगी। इस दौरान जिला टेनिस एशोसियेशन नैनीताल के संरक्षक डॉ. अमित जोशी, संदीप तिवारी, हिमांशु कुमार, देवेन्द्र सिंह बिष्ट, सहर्ष पांडेय, अक्षय साह व विकास पांडेय थे।

रिची थापल पंपिंग योजना से पानी आपूर्ति की उम्मीद

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार: महत्वाकांक्षी रिची थापल पंपिंग पेयजल योजना से उपभोक्ताओं को लाभ न मिलने का मामला तूल पकड़ गया है। उपजिलाधिकारी कोश्या कुटोली ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए। साफ कहा की कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष मनोज पड़लिया ने भी पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग उठाई।

बीते दिनों नैनीताल विधानसभा के विकास कार्यों की बैठक में करोड़ों रुपये की लागत से बनी बारगल - कफूल्टा, मझेड़ा - ब्यासी, धारी - खैरनी तथा रिची थापल पंपिंग पेयजल योजनाओं से समुचित पेयजल उपलब्ध न होने का मुद्दा जोर शोर से उठने के बाद जिलाधिकारी वंदना सिंह के सख्त रुख अपनाए जाने के बाद अब तंत्र हरकत में आ गया है। उपजिलाधिकारी कोश्या कुटोली ने महत्वाकांक्षी रिची थापल पंपिंग पेयजल योजना का निरीक्षण किया। भतरौंजखान में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। पंचायत प्रतिनिधियों से भी फीडबैक लिया। ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष मनोज पडलिया ने कहा की आए दिन पेयजल आपूर्ति ठप रहने से योजना से जुड़े बीस से ज्यादा गांवों के बाशिंदों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कभी वोल्टेज तो कभी अन्य समस्याएं बता इतिश्री कर दी जाती है। विभागीय अधिकारियों ने पंप व पाइप लाइन बिछाए जाने की जानकारी दी। उपजिलाधिकारी विपिन चंद्र पंत ने विभागीय अधिकारियों से तय समय पर कार्य पूरा करने तथा जलापूर्ति सुचारु करने के निर्देश दिए। साफ कहा की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चेतावनी दी की हिलाहवाली पर कार्रवाई भी की जाएगी। इस दौरान जल निगम की अधिशासी अभियंता पल्लवी चौधरी, सहायक अभियंता जल संस्थान दलिप सिंह बिष्ट, अवर अभियंता देवेंद्र आर्या तहसीलदार भीम सिह कुटियाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रवीण पडलिया, नीमा खुल्बे, महेंद्र गोस्वामी, प्रदीप पंत, प्रताप बोहरा, हरीश भट्ट आदि मौजूद रहे।

एसडीएम ने ली बैठक

- पंचायत प्रतिनिधियों व विभागों के साथ की संयुक्त बैठक
- जन हित के कार्यों में लापरवाही पर दी कार्रवाई की चेतावनी

कार्यशाला में खेलों संग नुक्कड़ नाटक भी हुए

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: एचएन इंटर कॉलेज में पांच दिवसीय बच्चों की कार्यशाला शुरू हो गई। कार्यशाला में खेल गतिविधियों के साथ नुक्कड़ नाटक भी हुए।

पत्रिका बाल प्रहरी, भारत ज्ञान विज्ञान समिति नैनीताल व हल्द्वानी किताब कौतिब की ओर से कार्यशाला का आयोजन हुआ। प्रोफेसर प्रभा पंत ने उद्घाटन करते हुए कहा कि बच्चों को पठन-पाठन से जोड़ने में अभिभावकों को भी स्वयं पढ़ने की आदत डालनी होगी। बच्चों का अध्यक्ष मंडल बनाया गया और साथ ही खेल भी हुए। बच्चों को तोता कहता है, जैसा मैं कहूं और कितना बड़ा पहाड़ आदि नाटक दिखाए। कार्यशाला के अंतिम दिन तक प्रत्येक बच्चे की अपनी हस्तलिखित पुस्तक तैयार करनी होगी।

बच्चों ने बाल कवि सम्मेलन, नुक्कड़ नाटक, समूह गीत आदि प्रस्तुत किए। यहां हरगोविंद सुयाल इंटर कॉलेज, जीजीआईसी धौलाखेड़ा, एचएन इंटर कॉलेज के आदि के 100 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रधानाचार्य भगवान सिंह सामंत, जगमोहन रौतेला, भारत ज्ञान विज्ञान समिति की राज्य सचिव विमला जोशी, उदय किरौला, डॉ. दिनेश कर्नाटक, हेम पंत, दयाल पांडे, एनसी पंत थे।

40 खिलाड़ियों को दिया प्रशिक्षण

हल्द्वानी, अमृत विचार : जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वधान व राव मार्शल आर्ट्स एकेडमी, हल्द्वानी के सौजन्य से शहर में रविवार को एक दिवसीय जु-जित्सू प्रशिक्षण शिविर लगाया गया।

शिविर में जनपद के 40 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। शिविर में एशियन गेम्स खिलाड़ी नव्या पांडे ने वाजा, जु-जित्सू फाइटिंग, एशियन इंडोर मार्शल आर्ट्स खिलाड़ी कृष्ण साना ने जु-जित्सू कॉन्टैक्ट व जु-जित्सू फाइटिंग इवेंट की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। शिविर में मुख्य रूप से विक्रम खनी डायरेक्टर विक्रम मार्शल आर्ट्स एंड फिटनेस एकेडमी, सूरज सिंह रावत, डायरेक्टर अंतर्शक्ति योग स्टूडियो, सीनियर खिलाड़ी प्रत्यूष गुप्ता, हेम सिंह वर्मा प्रिया आदि उपस्थित रहे।

डॉ. आलोक अध्यक्ष और डॉ. मीनाक्षी महिला उपाध्यक्ष बने

हल्द्वानी, अमृत विचार : उत्तराखंड प्रांतीय भौतिक चिकित्सा सेवा संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन रविवार को देहरादून में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग डॉ. विनीता शाह व विशिष्ट अतिथि उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन के प्रांतीय महामंत्री अशोक राम उनियाल व जिला महामंत्री उर्मिला द्विवेदी रहे। अधिवेशन में सर्वसमत्ति से डॉ. आलोक त्यागी प्रदेश अध्यक्ष, डॉ. मुनीष रस्तोगी प्रदेश महासचिव, डॉ. एसके त्यागी संरक्षक, डॉ. रमेश शाह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. उदयन कुमार उपाध्यक्ष, डॉ. एके कोषाध्यक्ष, डॉ. वसुधा वर्मा संरक्षक, डॉ. विकास संगठन मंत्री, डॉ. आभा बिष्ट महिला उपाध्यक्ष (गढ़वाल), डॉ. मीनाक्षी जोशी महिला उपाध्यक्ष (कुमाऊं), डॉ. सुनील चंद्र ठाकुर संयुक्त सचिव, डॉ. प्रमोद ओझा प्रवक्ता (कुमाऊं), डॉ. गौरव गुलाटी प्रवक्ता (गढ़वाल) चुने गए। इसके अलावा डॉ. आशीष, डॉ. शिवांग शर्मा, डॉ. वर्षा आर्या, डॉ. शिल्पा पाठक, डॉ. अरुण, डॉ. पूर्णिमा वर्मा को कार्यकारिणी सदस्यबनायागया।

केशलता अस्पताल
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली
हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ
डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएं
• निःशुल्क परामर्श
• बी.एम.डी जॉच निःशुल्क
• खून की जांचों पर भारी छूट
• एक्स-रे पर भारी छूट
• सभी दवाइयों पर भारी छूट
• आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन
• कैंप में रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट
निःशुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

खुलेगी पोल एसटीएच के ईएनटी विभाग में जल्द स्थापित होगी नई मशीन, टेंडर निकाला

बहरेपन का तुरंत चलेगा पता, सच बताएगी बेरा मशीन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) के ईएनटी विभाग में नई ब्रेन स्ट्रोम इवोक्ड रिस्पांस ऑडियोमैट्री (बेरा) मशीन लगने जा रही है। इस मशीन के लगने से जहां बहरेपन का तुरंत पता चलेगा। वहीं झूठ बोलने वालों की पोल भी खुलेगी।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के अधीन एसटीएच के नाक, कान व गला (ईएनटी) विभाग में वर्ष 2004-05 में बेरा मशीन स्थापित की गई थी। ताकि बहरेपन से पीड़ित मरीजों को तुंरत इलाज मिल सके। करीब 7-8 साल चलने के बाद अचानक मशीन में तकनीकी खराबी आ गई। जिसकी वजह से बेरा जांच बंद हो गई। ऐसे में बहरेपन से पीड़ित मरीजों को जांच के लिए हायर सेंटर भेजा जाने लगा। मरीजों की परेशानी देखते हुए कुछ समय पहले मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने ईएनटी विभाग से नई बेरा मशीन लगाने के लिए प्रस्ताव मांगा था। प्रस्ताव के आधार पर मशीन क्रय करने के लिए टेंडर आमंत्रित कर दिया गया है। उम्मीद है कि मार्च से पहले ईएनटी विभाग में बेरा मशीन स्थापित हो जाएगी। इस मशीन से कान से सुनाई न देने का बहाना बनाने वालों का झूठा भी पकड़ में आएगा। साथ ही डॉक्टर को मरीजों के कान चेक करना भी आसान हो जाएगा।

बच्चों के कान की भी होगी जांच

एसटीएच में बेरा मशीन लगने के बाद बड़ों के साथ-साथ बच्चों के कान की भी जांच होगी। कई बार जन्म के बाद बच्चों में सुनाई न देने की परेशानी आती है। ऐसे में डॉक्टर को बच्चों की जांच करने में काफी दिक्कत आती है। लेकिन अब बेरा मशीन से बच्चों के कान की जांच करना आसान हो जाएगा। जिन बच्चों के कान में दिक्कत होगी मशीन अपने आप बता देगी।

> अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहरत सुविधा देने के पूरे प्रयास हो रहे हैं। इसी क्रम में ईएनटी विभाग में बेरा मशीन लगाने की कवायद चल रही है। इसके लिए टेंडर निकाल दिया गया है। मशीन लगने के बाद मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।
> - **डॉ. अरुण जोशी**, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी

एक नजर

मौसम ने ली करवट बारिश से मौसम रहा ठंडा

काशीपुर। रविवार को बारिश होने से मौसम एक बार फिर ठंडा हो गया। हालांकि देर शाम तक हल्की-फुल्की बूंदाबांदी होती रही। दरअसल दो दिन से काशीपुर में लगातार धूप आने से दिनभर लोगों ने ठंड से राहत ली। लेकिन एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से रविवार की सुबह से ही बारिश होनी शुरू हो गई। जिससे एक बार फिर मौसम ठंडा हो गया। रविवार को जहां अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस मापा गया तो वहीं न्यूनतम 10 .9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। पंतनगर विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ .आरके सिंह ने बताया कि सोमवार को भी बारिश होने का अनुमान है। वहीं मंगलवार से मौसम साफ होने की उम्मीद है। सुबह और शाम हल्के कोहरे के साथ मौसम ठंडा बना रहेगा। वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है। उन्होंने बताया कि इस बारिश से फसलों और सब्जियों को कम नुकसान होगा।

रक्षा राज्यमंत्री भट्ट ने गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां, बोले- देश पांचवें पायदान पर पहुंचा

मोदी सरकार के कामों से बढ़ी देश की अर्थव्यवस्था: भट्ट

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि मोदी सरकार ने केंद्र की सत्ता पर काबिज होते ही देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। यहीं कारण है कि देश की आजादी के बाद जब से भारत कांग्रेस मुक्त हुई है। तभी से देश विश्व स्तर पर पांचवें पायदान पर पहुंच गया है। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि जल्द ही भारत विश्व गुरु बनकर सामने आएगा।

रविवार को केंद्रीय राज्यमंत्री भट्ट, विधायक शिव अरोरा और काशीपुर जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा सहित पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सिटी क्लब पहुंचे। जहां उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि वर्ष 2014 में जब केंद्र की सत्ता पर मोदी सरकार की दस्तक हुई थी। उस वक्त देश की अर्थव्यवस्था बेहद ही लचर थी और विकास ठप पड़ा हुआ था,लेकिन वर्ष 2014 से लेकर 2023 तक मोदी सरकार ने सैन्य शक्ति,60 देशों के साथ जी-20 सम्मेलन,अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौ पदक,पैरा एशिया में भी सौ पदक,नारी वंदन अधिनियम लागू कर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने, चार लाख सीएससी सेंटर खोलकर रोजगार देने,दस हजार किलोमीटर की गैस पाइप लाइन बिछाने, विद्युत का ही एक ग्रेड बनाने, अनगिनत सहायता समूह बनाने, गांव में 3.75 लाख किलोमीटर एवं एनएच के तहत 1.96 किलोमीटर की सड़क बनाने के साथ ही कई अनगिनत ऐतिहासिक विकास कार्यों को अंजाम दिया है। यहां तक की एनआईओएस के तहत सुरक्षा उपकरण की बिक्री करने वाला देश भी बन चुका है।

उन्होंने कहा कि यहीं कारण है कि इस बार भी देश की जनता भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को अपार समर्थन देकर इतिहास रचेगी, क्योंकि मोदी एवं योगी सरकार ने अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कर करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को सम्मान दिया है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, सुरेश कोली, अमित नारंग, विवेक सक्सेना, सोनू अनेजा, सुशील गाबा, विपिन जल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

पत्रकारों से वार्ता करते रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट और विधायक अरोरा। ● अमृत विचार

पिता को बंधक बनाकर ढाई लाख रुपये हड़पने का आरोप

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: पुत्री ने मानसिक रूप से अस्वस्थ पिता को चाचा-ताऊ व अन्य आरोपियों द्वारा जबरन अपने घर पर बंधक बनाने तथा पिता के बैंक खाते में जमा करीब ढाई लाख रुपये की धनराशि का गबन करने का आरोप लगाया है। पुलिस में आरोपी चाचा, ताऊ व अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलभट्टा थाना पुलिस को दी शिकायत में सिरौली कला, किच्छा तथा हाल निवासी ग्राम धरमपुर, गुना हट्टू, थाना देवरानियां, जिला बरेली (यूपी) निवासी आविदा पुत्री मुख्तयार अहमद ने कहा कि उसके पिता मुख्तयार अहमद मानसिक रूप से अस्वस्थ रहते हैं तथा पिता के नाम पर ग्राम सिरौली कला में खसरा संख्या 153 तथा 332 में वर्ग 1 (क) संक्रमणीय अधिकार के रूप में भूमि कागजाद दर्ज है। पीड़िता ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 74 काशीपुर सितारगंज अनुभाग में विभाग द्वारा पिता मुख्तयार अहमद की भूमि अधिग्रहित की गई थी, जिसके चलते विभाग द्वारा मुआवजे के रूप में पिता मुख्तयार अहमद के खाते में एक लाख 81 हजार 888 रुपए तथा 64 हजार 350 रुपए की धनराशि आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर की गई थी। पीड़िता ने शक जाहिर करते हुए कहा कि बैंक खाते में राशि को चाचा, ताऊ व अन्य ने निकाल लिया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मुकदमा दर्ज

- बेटी की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सुगंधित व औषधीय पौधों की खेती को अपनाएं

केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौध संस्थान में एक दिवसीय किसान मेले में निदेशक डॉ. संजय कुमार ने दी सलाह

किसान मेले में लगे स्टॉलों का निरीक्षण करते मुख्य अतिथि डॉ . संजय कुमार व अन्य। ● अमृत विचार

किसान मेले में लगे महिला स्वयं सहायता समूह के स्टॉल से खरीदारी करते किसान।

खेती-किसानी

- सगंध व औषधीय पौधों की ओर बढ़ रहा है लोगों का रुझान

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार: नगला बाईपास स्थित दवाई फॉर्म केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौध संस्थान में एक दिवसीय किसान मेले का आयोजन हुआ। मेले का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक डॉ. संजय कुमार ने वर्तमान कृषि चुनौतियों एवं कृषि में लगातार बढ़ते खर्चों को देखते हुए इंटरक्रॉपिंग द्वारा विकसित सुगंधित एवं औषधीय पौधों की खेती को अपनाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि अधिकांश औषधीय पौधे सुगंधित होते हैं। जिन्हें जंगली एवं आवारा पशु नुकसान नहीं पहुंचाते हैं और ना ही इस प्रकार की खेती में अधिक खर्च होता है। इसलिए इंटरक्रॉपिंग तकनीक से विकसित किए गए पौधों की खेती किसानों के लिए दोहरा फायदा देने वाली साबित हो सकती है।

कार्यक्रम को जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष आईएएस अभिषेक रोहिल्ला, कर्नल अशोक राठौर, सीमैप मेला समन्वयक डॉ. संजय कुमार, पंतनगर प्रभारी डॉ. आरसी पटालिया ने संबोधित कर किसानों को सीमैप द्वारा विकसित की गईं सुगंधित एवं औषधीय खेती की बारीकियों से रूबरू कराया। उन्होंने किसानों से इस तरह की खेती को अपने घरेलू उद्योग के रूप में विकसित करने की अपील की। अतिथि आभार डॉ. आरसी पटालिया एवं मंच संचालन सीनियर वैज्ञानिक डॉ. आरके उपाध्याय ने किया।

मेले में लगे स्टालों से हुई काफी खरीदारी

किसान मेले में डीआरडीओ हल्द्वानी, जैव प्रौद्योगिकी संस्थान पंतनगर, सीमैप लखनऊ तथा बिमको समेत दर्जनों महिला समूहों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं ने अपने-अपने उत्पादों के स्टाल लगाए। जहां से मेले में पहुंचे किसानों ने भारी मात्रा में अपने लिए उपयोगी आयुर्वेदिक औषधियां, मेडिसिनल पौधे, व्यावसायिक पौधे, हस्त निर्मित वस्त्र तथा खानपान की वस्तुएं खरीदीं।

मेले में किसानों को कम दरों पर दिये औषधीय पौधे

सीमैप द्वारा आयोजित किसान मेले में किसानों को मेंथा मिंट, लेमनग्रास, सिट्रोनेला, पामारोजा, खश, जिरेनियम, पिपर मिंट आदि बहु उपयोगी गुणों से भरपूर औषधीय पौधे सरकारी सस्ती दरों पर दिए गए। किसानों का कहना है कि सस्ती दरों पर पौधे मिलने से किसानों को राहत मिली है। साथ ही उनमें औषधीय व सगंध पौधों के प्रति जिज्ञासा बनी है।

सात साल में खटीमा पालिका का दूसरी बार सीमा विस्तार

परिवर्तन

- विस्तार से 60 हजार पहुंच सकती है मतदाता संख्या

ओमप्रकाश मौर्य, खटीमा

अमृत विचार: प्रदेश की कैबिनेट बैठक में नगर पालिका परिषद खटीमा का फिर से विस्तार किया गया है। वर्ष 2018 के पालिका चुनाव से पूर्व भी नगर पालिका का विस्तार किया गया था। जिसमें विकासखंड की नौ ग्रामसभाओं में से कुछ को पूरा तो कुछ का आंशिक क्षेत्र नगर पालिका में शामिल किया गया था। नये विस्तार में सितारगंज, पीलीभीत और टनकपुर रोड पर पालिका सीमा का विस्तार हुआ है, जबकि मेलाघाट रोड पर पूर्ववत है।

वर्ष 1988 में खटीमा नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा मिला था। तब नगर पालिका की जनसंख्या मात्र 15093 और क्षेत्रफल 3.2 वर्ग किमी था। नगर पालिका का यह क्षेत्रफल वर्ष 2017 तक रहा, जबकि जनसंख्या बढ़ती गई। नगर पालिका का क्षेत्रफल कम होने के कारण बजट भी नाममात्र का आता था। जिससे नगर पालिका का विकास तो दूर वह लगातार घाटे में चल रही थी। वर्ष 2017 में नगर पालिका में खेतलसंडा, पूरा अमाऊं के साथ ही भूड़ महोलिया, भुडाई, मुडेली, नौगवां ठग्गू, उमरुखुर्द, तिगरी, ऊंची महुवट के आंशिक हिस्से को नगरपालिका में किया गया था। विस्तार के बाद पालिका में कुल 20 वार्ड बनाए गए थे। वर्तमान में हुए विस्तार में भूड़ महोलिया, भुड़ाई, तिगरी, मुडेली, ऊंची महुवट, गौहर पटिया को शामिल किया गया है। जबकि उमरुखुर्द के हिस्से को बाईपास तक बढ़ाया गया है। नगर पालिका का सीमा विस्तार होने के बाद मतदाता संख्या जो 2018 में 41146 थी बढ़कर 60 हजार तक पहुंच सकती है। वहीं क्षेत्रफल बढ़ाने के साथ पालिका के बजट में बढ़ोतरी और विकास में भी तेजी आएगी।

सीमा विस्तार से बदलेंगे चुनावी समीकरण

खटीमा। नगर पालिका के सीमा विस्तार के बाद शामिल होने वाले छेत्र से पालिका के जातीय समीकरण में भी परिवर्तन आएगा। जो चुनाव को प्रभावित करता है। वर्ष 2018 के चुनाव में कुल 41146 मतदाता थे। जिनमें कांग्रेस प्रत्याशी सोनी राणा ने 17502, भाजपा प्रत्याशी मीना राणा ने 6429 और निर्दलीय पूनम मार्तोलिया ने 5457 मत हासिल किए थे जबकि 168 मत नोटा को पड़े थे।

विस्तार होने से मिलेंगी स्ट्रीट लाइट व सड़क सुविधा

मेलाघाट रोड पकड़िया निवासी राजेंद्र शर्मा कहते हैं कि नगर पालिका का विस्तार होने से अब इन क्षेत्रों को भी स्ट्रीट लाइट, पानी, सड़क की समुचित व्यवस्थाएं मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि पालिका प्रशासन को नए जुड़े हुए क्षेत्र की व्यवस्थाओं की ओर विशेष ध्यान देना होगा।

पालिका विस्तार सीएम धामी की दूरगामी सोच

पीलीभीत रोड शिव कालोनी निवासी भुवन जोशी कहते हैं कि नगरपालिका विस्तार की स्वीकृति मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की दूरगामी सोच है। विस्तार से ग्रामीण क्षेत्रों का नियोजित विकास हो सकेगा। साथ ही जलभराव की समस्या का भी समाधान हो सकेगा।

कड़ाके की ठंड में भी अनशन जारी

आंदोलन

- किसानों ने किया मांगें मनवाकर ही दम लेने का ऐलान

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: बीस गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में एक अगस्त से तहसील परिसर में चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन 188वें दिन भी जारी रहा।

कड़ाके की ठंड में भी आंदोलनकारियों के हौसले बुलंद हैं। आंदोलनकारी किसानों, मजदूरों व व्यापारियों ने मांगों को मनवाकर ही दम लेने का ऐलान किया है। सरकार द्वारा कई बार आश्वासन देने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। कड़ाके की ठंड के बीच भी किसानों का धरना अनवरत जारी है। रोजाना पांच किसान क्रमिक अनशन पर बैठ रहे हैं। रविवार को सिकंदर सिंह, हरदीप सिंह, महेंद्र सिंह, मुशब्बर व नीरज क्रमिक अनशन पर बैठे। जिन्हें भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने अनशन पर माल्यार्पण कर बैठाया। इस दौरान आंदोलनकारियों ने सामूहिक रूप से भूमि बचाने के लिए किसान प्रतिज्ञा को भी दोहराया और मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही। इस मौके पर काफी संख्या में किसान, मजदूर व व्यापारी मौजूद रहे।

बाजपुर में क्रमिक अनशन पर बैठे किसान, मजदूर व व्यापारी। ● अमृत विचार

विशाल की मौत बनी पुलिस के लिए चुनौती, टीमें जुटीं

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: रुद्रपुर काशीपुर हाईवे पर युवक का शव मिलने के मामले में पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। मामले के खुलासे के लिए पुलिस की चार टीमें लगी हुई हैं।

विशाल।

विदित हो कि शनिवार को रुद्रपुर काशीपुर हाईवे पर ग्राम मुकंदपुर के पास प्रातः 10 बजे शव मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। शव की पहचान ग्राम कुशालपुर निवासी विशाल सिंह पुत्र स्वर्गीय बच्चन सिंह के रूप में हुई थी। उसके बाद ग्राम कुशालपुर गदरपुर के धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में दर्जनों लोग थाने पहुंचे और विशाल की हत्या करने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि मृतक विशाल सिंह ग्राम लंगड़ा भोज के एक व्यक्ति के पास डीजे चलाने का काम करता था। बसंत पंचमी के अवसर और रात्रि को डीजे चलाकर उनके घर पर ही रुका था। उसके बाद क्या हुआ पता नहीं है। उन्होंने कहा कि मृतक के सर और पीठ पर चोट के निशान से साबित होता है कि उस की हत्या की गई है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष भुवनचंद जोशी का कहना है कि एसएसपी के निर्देश पर मामले के खुलासे के लिए चार टीमें बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि कुछ संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए उठाया है और पूछताछ की जा रही है। कहा कि जल्द मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। वहीं डीजे मलिक के परिजनों का कहना था कि मृतक विशाल सिंह रात्रि 12 बजे घर पर पहुंचा था और सो गया था। उसके बाद क्या हुआ जानकारी नहीं है।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

आयोजन बाबा भारामल मंदिर में एक बार फिर उमड़े श्रद्धालु, एसएसपी ने अपने हाथों से बांटा प्रसाद

बाबा हरि गिरि की हत्या के ठीक एक माह बाद भंडारा

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: सीमावर्ती सुरई रेंज के घने जंगलों में स्थित बाबा भारमल मंदिर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी द्वारा अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे जनपद के पुलिस अधिकारियों सहित भारी संख्या में श्रद्धालुजनों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

बाबा भारत मंदिर पर पहुंचे एसएसपी मंजूनाथ टीसी सहित श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा अर्चना कर बाबा को श्रद्धांजलि देते हुए आशीर्वाद लिया। साथ ही बाबा की समाधि पर चादर भी चढ़ाई। इस दौरान मंदिर पर भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया। एसएसपी सहित सभी पुलिस कर्मचारियों ने श्रद्धालुओं को स्वयं अपने हाथों से भोजन कराया। इस अवसर पर एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने समस्त क्षेत्रवासियों व प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि व कल्याण की कामना की।

खटीमा के बाबा भारामल मंदिर में पुलिस परिवार द्वारा आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी। ● अमृत विचार

बता दें कि आज ही के दिन एक माह पूर्व बाबा भारामल मंदिर के महंत बाबा हरि गिरी तथा सेवादार रूप सिंह की निर्मम हत्या हो गई थी। तीनों आरोपियों को जनपद की पुलिस द्वारा त्वरित एवं ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए पड़कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया। वहीं हत्याकांड खुलासे के समय एसएसपी द्वारा की गई घोषणा के क्रम में रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मृतक सेवादार रूप सिंह बिष्ट के परिजनों को मुआवजा देने की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने एसएसपी को ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर जिले भर के पुलिस अधिकारी व प्रशासन के लोगों के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

रुद्रपुर में रविवार को मतदान केंद्र के बाहर लगी व्यापारी मतदाताओं व समर्थकों की भीड़। ● अमृत विचार

रुद्रपुर में रविवार को लाइन में लगकर मतदाता पर्ची दिखाते व्यापारी। ● अमृत विचार

प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के संजय निर्विरोध अध्यक्ष

रुद्रपुर में महामंत्री पद पर मनोज व कोषाध्यक्ष पद पर संदीप जीते, 87.85 फीसदी हुआ मतदान, 3103 में से 2726 मतदाताओं ने डाले वोट

संवाददाता, रुद्रपुर

11 साल बाद हुआ रुद्रपुर में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल का चुनाव, व्यापारियों में चुनाव को लेकर देखा गया खासा उत्साह, राजनीतिक दिग्गजों की भी चुनाव पर पैनी नजर

16 सदस्यीय कमेटी की देखरेख में प्रातः 9 बजे शुरू हुआ व्यापार मंडल चुनाव के लिए मतदान, दो बजे तक हो चुका था 50 फीसदी मतदान इसके बाद मतदान में आई तेजी

अमृत विचारः 11 साल बाद रुद्रपुर में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल का चुनाव काफी रोमांचक रहा। जहां पहले ही निवर्तमान अध्यक्ष रहे संजय जुनेजा को चुनाव संचालन समिति ने निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया। वहीं महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद पर हुए चुनाव में काटे की टक्कर देखने को मिली। कोषाध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबले के बाद आखिरकार कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी संदीप राव ने दोनों प्रत्याशियों को पीछे छोड़ते हुए भारी मतों से विजय प्राप्त की। इसके अलावा महामंत्री पद पर हरीश अरोरा और मनोज छाबड़ा के बीच भी टक्कर देखने को मिली। मनोज छाबड़ा ने हरीश अरोरा को भारी मतों से पराजित कर महामंत्री पद पर अपना कब्जा बरकरार रखा। रविवार को हुई मतदान प्रक्रिया में 87.85 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

रविवार सुबह होते ही मुख्य चुनाव अधिकारी सुरमुख सिंह विर्क अपनी 16 सदस्यीय कमेटी के साथ मतदान की तैयारी पूरी कर चुके थे। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह नौ बजे मतदान प्रारंभ हुआ। जहां दोपहर दो बजे तक 50 फीसदी मतदान हो चुका था और शाम चार बजे तक 3103 मतदाताओं में से 2726 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर दिया। जिसके चलते रुद्रपुर व्यापार मंडल चुनाव में 87.85 फीसदी मतदान हुआ। शाम पांच बजे चुनाव संचालन समिति की देखरेख में मतगणना का कार्य प्रारंभ हुआ। इस दौरान पांच मतदान केंद्रों में हुए मतदान की पेटियों को एक साथ खोला गया और महामंत्री और कोषाध्यक्ष पर पड़े मतपत्रों को गड्डियां बनाकर रखा गया। पहले कोषाध्यक्ष पद पर मतगणना शुरू हुई। जो काफी कांटे की टक्कर में बदल गई। शाम सात बजे मुख्य चुनाव अधिकारी सुरमुख सिंह विर्क ने कोषाध्यक्ष पद पर घोषणा करते हुए बताया कि संदीप राव को 1025, पवन गाबा उर्फ पल्ली को 939 और बलविंदर सिंह बल्लू को 732 मत प्राप्त हुए। इस हिसाब से 86 वोटों से संदीप राव ने जीत दर्ज की।

इसके अलावा महामंत्री पद के दावेदार मनोज छाबड़ा ने अपने प्रतिद्वंद्वी हरीश अरोरा को 129 मतों के अंतराल से पराजित कर दिया। मनोज छाबड़ा को 1420 और हरीश अरोरा को 1291 मत मिले। चुनावी घोषणा होने के बाद समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

अध्यक्ष संजय जुनेजा।

कोषाध्यक्ष संदीप राव।


महामंत्री मनोज छाबड़ा।

जुनेजा ने दूसरी बार रचा अध्यक्ष बनने का इतिहास

रुद्रपुर। 11 साल बाद रुद्रपुर व्यापार मंडल पर हुए चुनाव के नामांकन पत्र दाखिल करने वाली तिथि को निवर्तमान अध्यक्ष संजय जुनेजा की जीत तय हो चुकी थी, क्योंकि अध्यक्ष पद पर दावेदारी के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र नहीं खरीदा था और जुनेजा के सामने खड़े होने वाले सुनील ठुकराल को पूर्वी व्यापार मंडल का कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया गया था। इसके बाद जुनेजा का रास्ता बिल्कुल साफ हो चुका था। महज चुनाव संचालन समिति की घोषणा बाकी रह गई थी। रविवार को मतगणना से पहले चुनाव संचालन समिति ने संजय जुनेजा को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित करने की घोषणा की। इसके चलते जुनेजा ने 11 साल तक शहर अध्यक्ष होने का खिताब तो रचा ही। साथ ही दोबारा अध्यक्ष बनकर भी इतिहास रच दिया।

250 महिला मतदाताओं ने भी किया मतदान

रुद्रपुर। रुद्रपुर में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव में पहली बार महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, क्योंकि 11 साल पहले महज 1600 मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया था। मगर वर्ष 2024 में हुए परिसीमन के कारण मतदाताओं की संख्या 3103 हो गई थी। इसमें से 250 महिला मतदाता व्यापारी भी है। रविवार को हुए मतदान में हर वर्ग की महिला मतदाता ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें कई मुस्लिम महिलाएं भी शामिल थी।

मताधिकार का प्रयोग करतीं महिला मतदाता। ● अमृत विचार

त्रिकोणीय मुकाबले ने समर्थकों को किया भ्रमित

रुद्रपुर। रुद्रपुर व्यापार मंडल के चुनाव में कोषाध्यक्ष पद पर बड़ा ही कडा मुकाबला देखने को मिला। जहां मतपत्रों की जैसे ही गिनती प्रारंभ हुई। तो त्रिकोणीय मुकाबला शुरू हो गया। कभी गिनती में बलविंदर सिंह बल्लू प्रतिद्वंद्वी पवन गाबा को टक्कर देते दिख रहे थे। तो वही संदीप राव तीसरे स्थान पर दिख रहे थे। मगर चौथे ही चौथे दौर की गिनती शुरू हुई वैसे ही संदीप राव का पलडा भारी होने लगा और गिनती पूरी होने तक संदीप 86 वोटों से जीत गए। मगर इस त्रिकोणीय मुकाबले ने समर्थकों को बड़ा ही भ्रमित रखा। जैसे ही प्रत्याशी आगे चलता। वैसे ही ढोल नगाड़ों की गूंज सुनाई देने लगती। मगर आखिर समय पर बल्लू व पल्ली के समर्थकों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा, जबकि संदीप चुनावी दौड में कही नहीं दिख रहे थे। मगर मतदाताओं ने संदीप पर अपना विश्वास जताया।

मतदान करतीं मुस्लिम मतदाता।

पराजित कोषाध्यक्ष के समर्थकों ने काटा हंगामा

रुद्रपुर। कोषाध्यक्ष पद पर पराजित पवन गाबा के समर्थकों ने 16 मतपत्रों की गिनती नहीं होने का आरोप लगाते हुए दोबारा मतपत्रों की गिनती करने की मांग उठाई। पराजित गाबा का बेटा भी मौके पर पहुंचा और मतगणना केंद्र के अंदर हंगामा काटने लगा और नारेबाजी व हंगामे की सूचना मिलते ही कोतवाल धीरेंद्र कुमार मय फोर्स के मौके पर पहुंचे और समर्थकों को समझाने का प्रयास किया। मुख्य चुनाव अधिकारी ने समझाने की कोशिश की कि हार का अंतर बढ़ा है। 86 मतों से पराजित होने पर दोबारा गिनती का प्रावधान नहीं है। बाद में पुलिस की मदद से हंगामा काट रहे समर्थकों को बाहर किया गया।

पूर्व विधायक ठुकराल की बिसात में फंस गए दिग्गज

मनोज आर्या, रुद्रपुर

प्रतिष्ठा का सवाल

- महामंत्री पद बन गया था विधायक एवं पूर्व विधायक की प्रतिष्ठा का सवाल
- बेहड़ के समधी हैं हरीश, ठुकराल के करीबी हैं मनोज

अमृत विचारः 11 साल बाद रुद्रपुर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल चुनाव को लेकर जितना जोश मतदाताओं में देखने को मिला। वहीं महामंत्री पद को लेकर विधायक एवं पूर्व विधायक की प्रतिष्ठा दांव पर लग गई थी। क्योंकि महामंत्री पद के प्रत्याशी जहां किच्छा के विधायक के समधी हैं। वहीं दूसरा प्रत्याशी पूर्व विधायक का बेहद करीबी व कट्टर समर्थक है। ऐसे में महामंत्री पद के अपने-अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए दोनों ही दिग्गज नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी थी। मगर आखिरी वक्त पर पूर्व विधायक द्वारा बिछाई गई बिसात के आगे दिग्गज नेता धराशायी हो गए। चर्चा यह भी है कि ठुकराल ने महामंत्री और कोषाध्यक्ष के प्रत्याशी को भीतर खाने अपना समर्थन दिया था। वहीं सत्ताधारी विधायक अरोरा को लेकर भी चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

बताते चलें कि कई सालों के लंबे इंतजार के बाद रुद्रपुर व्यापार मंडल के महामंत्री के पद पर हरीश अरोरा ने अपनी दावेदारी की। वहीं दूसरी ओर मनोज छाबड़ा भी पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरे। अब दोनों ही प्रत्याशियों के पीछे के इतिहास का परिचय दें तो हरीश अरोरा किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के समधी हैं और मनोज छाबड़ा पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के बेहद करीबी समर्थक माने जाते हैं। विधानसभा चुनाव हारने के बाद भी मनोज ने ठुकराल का साथ नहीं छोड़ा और हर राजनीतिक उठापठक के दौरान वह ठुकराल के साथ देखे गए। चूंकि हरीश अरोरा शहर के पुराने व्यापारी होने के साथ ही किच्छा विधायक के समधी हैं तो महामंत्री पद का चुनाव ज्यादा ही रोमांचक व प्रतिष्ठा वाला बन गया। हालांकि विधायक बेहड़ व पूर्व विधायक ठुकराल ने अपने-अपने करीबी प्रत्याशी के लिए खुलकर तो वोट की अपील नहीं की। मगर शहर में चर्चा है कि दोनों ही दिग्गज नेताओं ने अपने रिश्तेदार व दूसरे ने अपने करीबी को जिताने के लिए कोर कसर नहीं छोड़ी।

राजकुमार ठुकराल व शिव अरोरा एक दूसरे के धुर विरोधी रहे हैं। ऐसे में जब बात ठुकराल के करीबी की आती है। तो कहीं न कहीं विधायक शिव अरोरा उनकी बिसात को तोड़ने की कोशिश जरूर की होगी। चर्चा यह है कि सत्ताधारी विधायक ने ठुकराल के समर्थित प्रत्याशी को छोड़कर दूसरे को भीतर खाने चुनाव लड़ाया। वहीं बात कोषाध्यक्ष की भी करें तो संदीप को भी ठुकराल अंदरखाने समर्थन दे चुके थे। मगर रविवार की शाम को जब चुनाव परिणाम सामने आया तो हर कोई हैरान रह गया।

जज साहिबा का ही पर्स चोरी

संवाददाता, रुद्रपुर

वारदात

- पर्स में नगदी के साथ ही आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस था
- दो फरवरी को जज के विश्राम कक्ष से चोरी हुआ पर्स

अमृत विचारः शहर में चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि न्यायालय परिसर को भी निशाना बनाने से नहीं चूक रहे हैं। ऐसे ही बेखौफ चोरों ने जजी परिसर स्थित एसीजेएम द्वितीय सीनियर डिवीजन के विश्राम कक्ष से नगदी और जरूरी दस्तावेजों से भरा पर्स चोरी कर लिया। न्यायाधीश की तहरीर पर थाना पंतनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन द्वितीय रश्मि गोयल ने बताया कि 2 फरवरी को वह अपने न्यायालय कक्ष में थीं और पर्स विश्राम कक्ष में रखा हुआ था। सुनवाई के बाद लंच समय में भी पर्स विश्राम कक्ष की मेज पर रखा हुआ था, परंतु जब वह न्यायिक कार्य को समाप्त कर विश्राम कक्ष में पहुंचीं तो मेज पर रखा पर्स गायब था। शिकायतकर्ता महिला न्यायाधीश का कहना था कि पता चला है कि पर्स किसी अज्ञात व्यक्ति ने दोपहर दो से चार बजे के बीच चोरी किया है। पर्स के भीतर एक छोटा ग्रे कलर का हैंड पर्स भी था। जिसकी गोल्डन रंग की चेन है। इसके अलावा पर्स में हाईकोर्ट द्वारा जारी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पीएलआई की पासबुक के साथ ही तीन से चार हजार रुपये की नगदी व कई जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। एसीजेएम की ओर से तहरीर आते ही थाना पंतनगर पुलिस में हड़कंप मच गया और पुलिस ने आनन-फानन में रिपोर्ट दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है। उधर, चौकी प्रभारी सिडकुल प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस की एक टीम बनाकर सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। जल्द ही पर्स चोर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

15 मकान मालिकों के पुलिस ने काटे चालान

काशीपुर। पुलिस ने किरायेदार को लेकर सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। वही 15 मकान मालिकों के भी चालान काटे।

रविवार को थाना आईटीआई पुलिस ने पैगा व खड़कपुर देवीपुरा क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना सत्यापन के थाना क्षेत्र में निवास कर रहे कुल 11 लोगों का धारा 81 पुलिस एक्ट में चालान किया गया। बिना सत्यापन के अपने घर में किराएदार रखने के कारण कुल 15 मकान मालिकों का अंतर्गत धारा 83 पुलिस एक्ट में कोर्ट चालान किया गया। इस दौरान लोगों को अपने-अपने किरायेदारों का पुलिस सत्यापन करने के लिए हिदायत भी दी।

एरोमा पार्क की धीमी प्रगति से सचिव खफा

निरीक्षण

- कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग के सचिव ने किया औद्योगिक पार्कों का भ्रमण
- मानकों का सत्यापन किया, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचारः कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग के सचिव दीपक कुमार ने महुआखेड़ागंज औद्योगिक आस्थान स्थित हिमालयन फूड पार्क का औचक निरीक्षण कर सरकार द्वारा तय मानकों का स्थलीय सत्यापन किया। उन्होंने कुंडेश्वरी के एस्कॉर्ट फॉर्म में एरोमा पार्क की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जताई।

रविवार को सचिव दीपक कुमार ने महुआखेड़ागंज पहुंचकर वहां स्थित हिमालयन फूड पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने फूड पार्क की इकाईयों में उत्पादन देखा और प्रदूषण नियंत्रण व ग्रीन बेल्ट आदि का भी जायजा लिया। इसके बाद कार्यक्रम सचिव ने कुंडेश्वरी के एस्कॉर्ट फॉर्म में विकसित किए जा रहे एरोमा पार्क के धीमे काम पर नाराजगी जताई। 42 एकड़ में बनाए जा रहे इस पार्क में 33 प्लॉट आवंटित किए जाने हैं, लेकिन अभी तक सिर्फ 11 भूखंडों का ही आवंटन किया गया है। अभी तक किसी भी उद्यमी ने यहां काम शुरू नहीं किया है। सचिव ने सिडकुल के अधिकारियों को अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध कराने और प्लाटों के आवंटन में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि यह उत्तराखंड सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल है। इसे यथोचित समय में पूर्ण किया जाना चाहिए। सचिव ने बताया कि 133 एकड़ में शुरू किए गए। इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर में 88 प्लॉट आवंटित होने हैं, अभी तक सिर्फ आठ उद्यमियों ने ही इसमें दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने इस प्रोजेक्ट को लेकर निवेशकों को प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत बताई। यहां एसडीएम अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार पंकज चंदोला, डीआईसी के क्षेत्रीय अधिकारी गोपाल सिंह बिष्ट, सिडकुल के जेई जेके तिवारी आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में औद्योगिक पार्कों के निरीक्षण के दौरान दिशा निर्देश देते सचिव।

धर्म-कर्म श्री सनातन धर्म मन्दिर के 45 वें वार्षिकोत्सव पर्व पर राम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

गदरपुर में निकाली विशाल कलश यात्रा

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचारः श्री सनातन धर्म मन्दिर के 45 वें वार्षिकोत्सव बसंत पंचमी पर्व पर आयोजित राम कथा ज्ञान यज्ञ के शुभारम्भ पर विशाल कलश यात्रा निकाली गयी। सनातन मंदिर की अध्यक्ष वेद बजाज के नेतृत्व में कलश यात्रा सती मठ मंदिर प्रांगण से मुख्य बाजार गूलरभोज मोड मुख्य बाजार होते हुए मंदिर पहुंची।

इस दौरान वृंदावन से पधारी आचार्य नीरजा शरणार्थी एवं पंडित विजय शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के उपरान्त 108 कलशों को मन्दिर में स्थापित किया। कलश यात्रा के दौरान नगर श्री राम के नारों से राममय हो गया। मन्दिर अध्यक्ष वेद बजाज ने बताया कि 5 फरवरी फरवरी से 13 फरवरी तक सायं 3 बजे से सायं 6 बजे तक वृंदावन से पधारी आचार्य नीरजा शरणार्थी रामकथा करेंगी। 14 फरवरी को प्रातः 10 बजे महिला संकीर्तन, 11 बजे संत्सग एवं संकीर्तन व दोपहर 1 बजे से अटूट लंगर होगा। इस मौके पर सनातन धर्म मंदिर के अध्यक्ष वेद बजाज अनाज मंडी रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र बजाज भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, राजकुमार भुड्डी रहे।

गदरपुर में कलश यात्रा निकालती महिलाएं। ● अमृत विचार

पुलिस ने चार जुआरी पकड़े

किच्छा। पुलिस ने चार लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से ताश के पत्ते, 5 मोबाइल फोन तथा 81 हजार रुपए की धनराशि कब्जे में ले ली। आरोपियों के खिलाफ 13 जुआ अधिनियम की धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया है।

उपनिरीक्षक नीलम मेहरा, पुलिसकर्मी देवराज सिंह एवं ब्रजमोहन सिंह की टीम ने जुआ खेलने के आरोपी वार्ड नंबर एक किच्छा निवासी मनीष कुमार, राजेंद्र सिंह, वार्ड नंबर 12, किच्छा निवासी कयूम खान तथा वार्ड नंबर 13, ट्रांजिट कैंप, रुद्रपुर निवासी विनोद कुमार को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों पर जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है।

नशा बेचने जा रहा तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचारः कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों को गांजे की सप्लाई करने जा रहे नशा तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 4.9 किग्रा गांजा समेत 1500 रुपये की नगदी व मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान प्रतापपुर बाजार डीएमसी रोड से कुमांऊ कालोनी निवासी फैजान को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक प्लास्टिक के कट्टे में भरा 4.9 किग्रा गांजा बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उक्त गांजे को थारी रामनगर जंगल के पास से एक व्यक्ति से लाया है तथा छोटी-छोटी पुडियाएं बनाकर स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाले लड़कों तथा राह चलते नशेड़ियों को बेचता है। बताया कि वह इस गांजे को प्रतापपुर स्थित एक कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों व आसपास के नशेड़ियों को बेचने के लिए लाया था। जामा तलाशी में युवक के कब्जे से 1500 रूपये की नकदी समेत एक मोबाइल भी बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में एसआई देवेन्द्र सामंत, कांस्टेबल हेमचन्द्र, धीरज सिंह व एसओजी कांस्टेबल दीपक कठैत मौजूद रहे।

गिरफ्तार गांजा तस्कर के साथ कोतवाली पुलिस टीम। ● अमृत विचार

एक नजर

रेंहटा में अजगर दिखने से ग्रामीणों में दहशत

बाजपुर। ग्राम रेंहटा में स्थित गांधी फार्म के नजदीक नाले के किनारे विशालकाय अजगर दिखने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। बताया गया कि रविवार की दोपहर जब कुछ लोग वहां से गुजर रहे थे तो उन्हें गांधी फार्म के समीप सड़क किनारे नाले के पास अजगर सांप दिखाई दिया और इसकी सूचना कुछ ही देर में पूरे गांव में फैल गई जिसके चलते अजगर सांप को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। भीड़ को देख सांप पास ही झाड़ियों में घुस गया। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना वन विभाग को दे दी गई है।

फोन पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

बाजपुर। अनजान व्यक्ति पर फोन करके गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। आवास विकास रुद्रपुर निवासी सर्वेश कुमार पुत्र जमुना प्रसाद ने पुलिस को बताया कि वह बाजपुर स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत है। उसके मोबाइल पर अनजान व्यक्ति ने फोन किया और बिना किसी बात के गाली-गलौज शुरू कर दी। इतना ही नहीं विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देने लगा। इस घटना से वह काफी डरा है। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था, अलबत्ता पुलिस ने जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

दिनेशपुर में पुलिस ने तीन वारंटी किए गिरफ्तार

दिनेशपुर। थानाध्यक्ष अनिल जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तीन वारंटियों को गिरफ़्तार कर न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तार वारंटियों में कमलेश कुमार निवासी कोपा सिंगल गूलरभोज, थाना गदरपुर, मनदीप सिंह निवासी- खानपुर मुड़िया थाना- दिनेशपुर तथा महेश कुमार विश्वास निवासी दुर्गापुर नंबर-दो थाना दिनेशपुर, जिला उधमसिंह नगर शामिल हैं। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस टीम में एसआई मनोज कुमार, एएसआई गिरीश पंत, हेड कांस्टेबल संजय कुमार, रंजीत लाल थे।

किच्छा में मकान में आग लगने से हजारों का सामान खाक, दमकल ने पाया काबू

आवास विकास में देर रात प्लास्टिक के कूलर के ऊपर जलाई मोमबत्ती से भड़की आग

हादसा

▸▸ रात में बिजली न होने पर रोशनी के लिए जलाई थी केंडल

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: नगर के आवास विकास स्थित एक मकान में अचानक आग लग जाने से हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस दौरान तमाम लोगों ने आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। आग से करीब 60 हजार रुपये से अधिक कीमत का सामान खाक होने का अनुमान है। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस तथा दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार जिला बरेली, कोतवाली बहेड़ी अंतर्गत ग्राम निवासी सुमित कुमार नगर के आवास विकास, वार्ड नंबर 9 में ज्योति कनोडिया के मकान में किराए पर रहकर नौकरी करता है। बताया जा रहा है कि विगत रात्रि लाइट खराब होने के चलते सुमित ने घर में रोशनी के लिए मोमबत्तियां जलाकर प्लास्टिक के कूलर पर रख दीं। जलाई गई मोमबत्ती से घर में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और घर में रखे कूलर, कपड़े, बिस्तर, राशन सहित अन्य घरेलू सामान राख हो गए। मकान से आग की लपटें निकलतीं देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को देते हुए आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। सूचना पर दमकल टीम प्रभारी मदन सिंह रावत एवं पुलिस टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। पीड़ित गृहस्वामी सुमित के अनुसार घटना में करीब 60 हजार रुपये से अधिक कीमत का समान जलकर खाक हो गया है। आग बुझने के बाद स्थानीय लोगों एवं प्रशासन ने राहत की सांस ली।

बाजपुर के हरलालपुर में आग में जला घरेलू सामान। ● अमृत विचार

बाजपुर के हरलालपुर में आग लगने से घरेलू सामान खाक

बाजपुर। ग्राम हरलालपुर में शार्ट सर्किट के चलते एक घर में आग लग गई जिसमें लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। वहीं लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शनिवार की देर रात बाजपुर के ग्राम हरलालपुर निवासी रईस अहमद अपने परिवार के साथ घर में सो रहा था। इसी बीच शार्ट सर्किट के चलते घर में आग लग गई। आग ने धीरे-धीरे विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे घर में रखा सामान जलकर राख हो गया, साथ ही बाइक भी आग की चपेट में आने से जल गई।

मेलाघाट मार्ग पर पेड़ गिरने से बड़े वाहनों का आवागमन ठप

खटीमा। मेलाघाट रोड पर सुरई रेंज कार्यालय के पास गन्ने ओवरलोड ट्रक से टकराकर पेड़ का एक तना गिर जाने से लगभग एक घंटे तक आवागमन ठप रहा। अलबत्ता दोपहिया और छोटे वाहन आसपास से निकलते रहे और बड़े वाहन फंसे रहे।

मेलाघाट रोड पर दोपहर करीब दो बजे मेलाघाट की ओर से आ रहा गन्ने का ओवरलोड ट्रक पेड़ के तने से टकरा गया। जिससे पेड़ का एक तना सड़क पर गिरकर लटक गया और वाहनों का आवागमन ठप हो गया। रोड पर पेड़ गिनने की सूचना खटीमा के वन दरोगा धन सिंह अधिकारी को दी गई। जिन्होंने तत्काल टीम भिजवाकर पेड़ को काटकर हटवाया, जिसके बाद वाहनों का आवागमन शुरू हो सका।

मेलाघाट रोड पर सुरई रेंज कार्यालय के पास टूटा पेड़ का तना। ● अमृत विचार

जलभराव से खफा लोगों ने नारेबाजी संग किया प्रदर्शन

बाजपुर के ग्राम रेंहटा में विरोध स्वरूप प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

गुस्सा

▸▸ ग्राम रेंहटा में पानी निकासी की व्यवस्था न होने से आक्रोशित लोगों ने ग्राम प्रधान पर लगाया अनदेखी का आरोप

अमृत विचार: ग्राम रेंहटा में पानी निकासी की व्यवस्था न होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। उन्होंने विरोध स्वरूप प्रदर्शन कर जोरदार नारेबाजी की। उन्होंने समय रहते समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है।

पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण ग्राम रेंहटा की एक कालोनी में जलभराव की समस्या बन गई है। जिसके चलते रविवार को दर्जनों महिला-पुरुष व बच्चे घरों से निकलकर सड़क पर आ गए और ग्राम प्रधान पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि मोहल्ले के लोग ग्राम प्रधान के साथ ही प्रशासन के अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग कर चुके हैं, लेकिन आज-कल करके उन्हें टाल दिया जाता है। वहीं पानी की निकासी न होने के कारण कालोनी में रह रहे परिवारों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। शौचालय इत्यादि भी चोक होने से ग्रामीण खासे परेशान हैं तथा बाहर शौच के लिए जाने को मजूबर हो रहे हैं। उन्होंने जल्द समस्या का समाधान न होने की दशा में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर पूनम, कविता, कंचन, काजल, मीना, रिंकी, लक्ष्मी, सुरेश आदि मौजूद रहे।

रक्षा ने स्वर्ण, अपेक्षा ने जीता रजत पदक

काशीपुर में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: स्पोर्ट्स स्टेडियम में ओपन राज्य स्तरीय वाडो काई कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तराखंड एथलेटिक्स सलेक्शन कमेटी के चेयरमैन विजेंद्र चौधरी व विशिष्ट अतिथि बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि सहोता ने किया।

प्रतियोगिता में उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश राज्य की टीमों ने प्रतिभा किया। जिसमें 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग में बालिका में रक्षा ने स्वर्ण, अपेक्षा ने रजत, गौरवी शर्मा ने कांस्य पदक जीता। वहीं 9 से 10 वर्ष आयु वर्ग बालिका वर्ग में नव्या ने स्वर्ण, आही ने रजत और पंछी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने पर डॉ. रवि सहोता व डॉ. मनप्रीत सहोता को सम्मानित किया गया। वहां पर सेंसई मनदीप कौर, गोविंद राम, अमित कुमार शर्मा, अनुज कुमार, देवराजा अरोड़ा, शुभी, शालिनी शर्मा, विक्रम सिंह, नासिर हुसैन, वसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने तीन शराब तस्कर किए गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने गश्त के दौरान एक बाइक सवार तस्कर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने 55 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने तीनों आरोपी का आबकारी एक्ट में चालान किया है।

थाना आईटीआई पुलिस गश्त के दौरान दोहरी परसा रेलवे फाटक के पास राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम छोटी बरखेड़ी को मोटरसाइकिल से एक करीब 20 लीटर कच्ची शराब की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया। वहीं कटोराताल चौकी पुलिस ने ईदगाह गेट के पास पर गश्त के दौरान कच्ची शराब बेचते हरजीत निवासी कचनालगाजी मानपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

पति गिरफ्तार, पत्नी तैरकर फरार

संवाददाता, किच्छा/पुलभट्टा

अमृत विचार: पुलभट्टा थाना एवं किच्छा पुलिस ने कई आरोपियों को कच्ची शराब के साथ दबोच लिया। इस दौरान शराब बेच रही महिला नदी में तैरकर फरार हो गई। जबकि महिला के पति को पुलिस ने अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर लिया है।

उप निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बरेली मार्ग स्थित अग्रसेन पार्क के निकट खुलेआम कच्ची शराब बेच रहे दरऊ रोड किच्छा निवासी संजय गुप्ता को बैग के साथ पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से कच्ची शराब के 40 पाउच बरामद हुए। दूसरे मामले में उपनिरीक्षक राजेंद्र पंत को सूचना मिली कि वनखंडी मंदिर के पास एक महिला सहित दो लोग अवैध शराब बेच रहे हैं। पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारकर एक आरोपी को पकड़ लिया। जबकि महिला नदी में कूदकर तैरते हुए फरार हो गई। पुलिस ने वार्ड नंबर 6, पुरानी गल्ला मंडी, किच्छा निवासी आरोपी विनोद उर्फ चुहिया के कब्जे से 60 पाउच शराब बरामद की। पुलिस के अनुसार आरोपी विनोद ने बताया कि वह पत्नी के साथ अवैध शराब बेचने का धंधा करता है। वह भगवानपुर क्षेत्र से शराब मंगाकर 30 रुपए प्रति पाउच के हिसाब से बेचते हैं।

कच्ची शराब की भट्टी नष्ट कर एक आरोपी दबोचा

किच्छा। कलकत्ता चौकी प्रभारी दिनेश चंद्र भट्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जीरो बंदा जंगल में कच्ची शराब भट्टियों पर छापा मारा। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही एक आरोपी फरार हो गया। जबकि दूसरे आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े आरोपी की पहचान जीरो बंदा, धौराडैम निवासी वीर सिंह उर्फ दरोगा तथा फरार आरोपी की पहचान धौराडैम निवासी गुरमीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने शराब भट्टी को ध्वस्त कर 110 लीटर कच्ची शराब व उपकरण बरामद किए। साथ ही सैकड़ों लीटर लहन नष्ट कर दिया। इधर लालपुर चौकी प्रभारी सतीश कुमार शर्मा ने मोहन बोरिंग मार्ग पर ग्राम भूड़ा, वार्ड नंबर 1, देवरिया निवासी संतोष कुमार को 35 लीटर अवैध शराब की तस्करी करते पकड़ लिया। इधर पुलभट्टा थाना पुलिस ने ग्राम बरा, थाना पुलभट्टा निवासी भानु प्रताप को कच्ची शराब के 39 पाउच के साथ दबोच लिया।

अनाज मंडी को पिछले साल की अपेक्षा अधिक मिला टैक्स

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: धान खरीद में इस बार अनाज मंडी को पिछले साल की तुलना में लगभग 34 लाख का टैक्स अधिक मिला है। साथ ही इस बार धान तौल में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।

इस साल अनाज मंडी में धान की खरीद पिछले साल की तुलना में अधिक हुई है। इससे मंडी को भी टैक्स अच्छा प्राप्त हुआ है। जहां पिछले साल 2022-23 में उत्तराखंड के किसानों से 9 लाख 36 हजार 507 क्विंटल धान खरीद की गई। वहीं यूपी से 12 लाख 65 हजार 797 क्विटल धान खरीद की गई। वहीं क्रय केंद्र से एक लाख 29 हजार क्विंटल धान खरीदी गई। इधर द्वितीय आवक के तौर पर 26634 क्विंटल धान खरीद हुई। कुल मिलाकर लगभग 23 लाख 58 हजार क्विंटल धान खरीद की गई। इससे मंडी को लगभग 4 करोड़ 33 लाख का टैक्स प्राप्त हुआ। वहीं वर्ष 2023-24 में जहां उत्तराखंड के किसानों से 9 लाख 35 हजार धान खरीद हुई। वहीं यूपी से 13 लाख 21 हजार की धान खरीद की गई। वहीं क्रय केंद्र से एक लाख 18 हजार का धान खरीद हुआ। जबकि द्वितीय आवक से करीब 10 लाख की धान खरीद की गई। वहीं इस बार पिछले साल की तुलना में मंडी को लगभग 34 लाख 72 हजार का टैक्स अधिक प्राप्त हुआ।

> पिछले साल की तुलना में धान खरीद ठीक हुई है। एमएसपी रेट अधिक होने के चलते इस बार मंडी को पिछले साल की तुलना में करीब 34 लाख का टैक्स अधिक प्राप्त हुआ है।
> -**आशा गोस्वामी**, मंडी सचिव, काशीपुर।

महिला ने पड़ोसी रिश्तेदार पर लगाया मारपीट का आरोप

काशीपुर। एक महिला ने पड़ोस में रहने वाले अपने रिश्तेदारों पर घर में घुसकर परिजनों संग मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गौतम नगर निवासी प्रीति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 29 जनवरी की दोपहर लगभग 4 बजे में अपने सास-ससुर व पति सहित घर पर थी। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले उसके रिश्तेदार अमित उर्फ घन्नी व उसकी पत्नी सोनिया घर पर आये तथा पति, सास-ससुर व उसके साथ मारपीट करने लगे। महिला ने आरोपी पर अभ्रदता करने का आरोप भी लगाया। वही आरोपी ने पीड़ित को धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के अनुसार मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

लोगों को सरकार की नीतियां बताएंगे भाजपाई

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ की बैठक में विधानसभा प्रभारी आलोक तिवारी ने कहा कि गांव चलो आभियान के तहत प्रत्येक बूथ के प्रभारी कार्यकर्त्ता अपने-अपने बूथों पर नौ से 11 फरवरी तक बूथ अध्यक्षों के साथ 24 घंटे प्रवास करेंगे।

बैठक में विधानसभा प्रभारी तिवारी ने कहा कि प्रवास के दौरान कार्यकर्त्ता आम नागरिकों को पार्टी की नीतियों, आगामी कार्यक्रमों से अवगत कराएंगे और 51 प्रतिशत वोट प्राप्त करने के लक्ष्य की रूपरेखा बनाएंगे। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी और संचालन महामंत्री मनोज वाधवा ने किया। बैठक में अंजू देवी, कार्यक्रम संयोजक नंदन सिंह खड़ायत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी,, सह संयोजक अमित पांडेय, गोपाल बोरा, गंभीर सिंह धामी, डॉ नवीन भट्ट, सचिन रस्तोगी, मोहनी पोखरिया, नीता सक्सेना, भुवन भट्ट, किशन किन्ना, रेनू भंडारी, अनुपमा शर्मा, घाना भंडारी, इंद्रा चंद, राहुल सक्सेना, रोहित वर्मा, आलोक देव, हरीश पांडेय, मनोज श्रीवास्तव, दीपक तिवारी, अकरम खान, संतोष अग्रवाल, सावित्री कन्याल, गोविन्द मेहता, ललित बिष्ट, प्रमोद गड़कोटी, नीरज रस्तोगी आदि थे।

खटीमा में लोकसभा चुनाव के तहत बैठक के बाद विधानसभा प्रभारी आलोक तिवारी के साथ भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

आस्था | कालीनगर में श्रीठाकुर अनुकुलचंद्र जी के 136वां जन्मोत्सव पर किया गया सत्संग का आयोजन

भक्तियोग से जन्म लेता है ज्ञान : एसपीआर भट्टाचार्य

कालीनगर में आयोजित सत्संग में भजन प्रस्तुत करते अनुयायी हिमांशु एंड टीम।

दिनेशपुर के कालीनगर में आयोजित सत्संग में मौजूद अनुयायी। ● अमृत विचार

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: सतगुरु की शरण में रहकर ही जीवन में सद्प्रेरणा मिलती है। यह विचार केंद्र सत्संग देवघर झारखंड से आए मुख्य वक्ता एसपीआर प्रदीप भट्टाचार्य ने रखे। कहा कि भटके हुए लोगों को सद्गुरु ही मार्ग दिखाते हैं। श्रीठाकुर अनुकुलचंद्र जी ऐसे ही पुरुषोत्तम थे। उन्होंने कहा कि भक्तियोग से ही ज्ञान व कर्म योग जन्मते हैं।

रविवार को कालीनगर में श्रीठाकुर अनुकुलचंद्र जी के 136 वां जन्मोत्सव पर आयोजित भव्य सत्संग समारोह प्रातः 5:30 बजे मांगलिक शहनाई एवं उषा कीर्तन, 6:30 बजे विनती-प्रार्थना तत्पश्चात आमिय ग्रंथादि पाठ किया गया। 10 बजे भक्ति संगीतानुष्ठान, 11 बजे मातृ सम्मेलन, 12 बजे युवा सम्मेलन, दोपहर 1 से 3 बजे तक मुख्य सभा व सत्संग का आयोजन हुआ। देहरादून से आए एसपीआर आनंद सिंह ने श्रीठाकुर अनुकुलचंद्र जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने हाथों से गुरु सेवा करने पर अहंकार व अभिमान दूर होता है। परम प्रेममय श्रीठाकुर जी के दिव्या जीवन दर्शन एवं वाणी पर आधारित जीवन दायक प्रेरणा स्रोत सत्संग है। कार्यक्रम की अध्यक्षता देहरादून से आए एसपीआर गुरुदेवन मित्र व संचालन जेके विष्णु प्रसाद वैद्य ने किया।

इस मौके पर पंतनगर से एसपीआर आशीष घोष, रोहिताश मल्लिक, जेके गौरव चंद्र सरकार, आयोजक मनोज हालदार, गौतम विश्वास, विमल मंडल, प्रहलाद सरकार, प्रकाश स्वर्णकार, शेखर कृष्णा मंडल, रवि सरकार, वेद मंडल, निशिकांत विश्वास, मनजीत मंडल, शुम्भु विश्वास, वापी मंडल आदि मौजूद रहे।

92 कैडेट्स ने दी 'ए' सर्टिफिकेट परीक्षा

खटीमा के अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज में परीक्षा देने पहुंचे एनसीसी कैडेट्स के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: 1-यूके एयर स्क्वार्डन एनसीसी पंतनगर के तत्वावधान में अटल उत्कृष्ठ थारू राजकीय इंटर कॉलेज में एनसीसी एयर विंग के ₹ए₹ सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन की गई। जिसमें खटीमा क्षेत्र के पांच विद्यालयों के कैडेट्स ने परीक्षा दी।

₹ए₹ सर्टिफिकेट परीक्षा में अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज, सिटी कान्वेंट स्कूल, डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल अकादमी छिनकी, सर्राफ पब्लिक स्कूल और सरस्वती विद्या मंदिर के कुल 92 एनसीसी कैडेट शामिल हुए। परीक्षा के पहले दिन एनसीसी कैडेट का फील्ड टेस्ट और रविवार को दूसरे दिन लिखित परीक्षा हुई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामेंद्र कुमार कटिहार, एनसीसी अधिकारी नरेंद्र सिंह रौतेला, सार्जेंट डी कुमार, सार्जेंट जीशान अली, सार्जेंट यशपाल, सीटीओ सरोज, कमल बिष्ट, दिग्विजय, सुनील आदि उपस्थित रहे।

यूओयू के पास ट्रक ने स्कूटी सवार ननद-भाभी को कुचला

दोनों घर से स्कूटी पर सवार होकर जा रही थी शादी समारोह में

▸▸ पीछे से मारी टक्कर, ट्रक छोड़ कर फरार हुआ चालक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : घर से निकलीं स्कूटी सवार महिलाओं को यूओयू के पास तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। बुरी तरह घायल महिलाओं को आनन फानन में एसटीएच भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना को अंजाम देने वाला चालक ट्रक छोड़ कर मौके से फरार हो गया। पुलिस चालक की तलाश कर रही है।

नीलियम कालोनी डहरिया निवासी कविता नौलिया (25 वर्ष) पत्नी पंकज सिंह नौलिया व सविता बिष्ट (30 वर्ष) पत्नी पान सिंह बिष्ट रिश्ते में ननद व भाभी हैं। मंडी चौकी इंचार्ज विजय मेहता ने बताया कि शनिवार की रात दोनों स्कूटी से तीनपानी में एक शादी में जा रही थीं। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के पास पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवारों को रौंद दिया। दोनों को तुरंत एसटीएच ले जाया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। चालक की तलाश की जा रही है और पुलिस ने ट्रक को सीज कर दिया है।


यूओयू के पास घटनास्थल पर खड़ा ट्रक। ● अमृत विचार

मंत्री भट्ट ने संजय वन का निरीक्षण किया

रुद्रपुर। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने जिलाधिकारी उदय राज सिंह के साथ संजय वन का स्थलीय निरीक्षण किया और अधीनस्थों को जल्द सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि संजय वन को पर्यटन स्थल बनाना उनका सपना है और कार्यकाल पूर्ण होने तक कार्य पूर्ण करना उद्देश्य है। ताकि पर्यटकों के लिए संजय वन को खोल दिया जाएं। रविवार को निरीक्षण के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री भट्ट ने बताया कि दो साल पहले संजय वन की स्थिति बेहद खराब थी। 30 वर्ष से यह पर्यटक स्थल बंद पड़ा था। मगर वर्तमान में संजय वन के सुधार में 80 लाख रुपये का खर्च हो चुका है। जिससे पर्यटक स्थल का कायाकल्प हो रहा है। अभी काफी कार्य बाकी है। उन्होंने राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी से फोन पर वार्ता कर संजय वन में विद्युत आपूर्ति के लिए दस लाख रुपये के ट्रांसफार्मर मुहैया कराने की मांग की। जिस पर बलूनी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिए जाएंगे। उन्होंने सचिव पर्यटन प्रदेश सरकार को पर्यटन स्थल को सुंदर बनाने में योगदान देने की बात कही।

मोतियाबिंद के फ्री ऑपरेशन के लिए 40 मरीजों का चयन

किच्छा में स्वास्थ्य टीम को सम्मानित करते गणमान्य लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : भाई कन्हैया जी सेवा समिति के तत्वावधान में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन के लिए 40 मरीजों का चयन किया गया। शिविर में करीब 120 लोगों ने अपने नेत्रों की जांच कराई।

शिविर में प्रभु नेत्रालय रुद्रपुर की टीम ने शिविर में आए लोगों के नेत्रों की जांच के बाद निशुल्क दवा वितरित की। नगर के मुख्य बाजार स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में समिति के बैनर तले शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर नेत्र विशेषज्ञ निशा त्रिपाठी, फरहीन खान, सना नाज, शिवम राजपूत, प्रतीक सुखीजा, संगीता मंडल, शीतल ध्यानी, दिव्या की टीम ने मरीजों का पंजीकरण करने के बाद मशीनों के माध्यम से नेत्रों की जांच की। समिति अध्यक्ष जसवंत सिंह गंभीर ने बताया कि समिति द्वारा लगातार समाज सेवा के कार्य किया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर, नेत्र शिविर, स्कूलों में बच्चों को स्वेटर एवं जूते वितरण, गरीब निर्धन लोगों को कंबल वितरण के अलावा मार्च माह में पांच निर्धन कन्याओं का विवाह कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जन संहयोग से समिति लगातार समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है। उन्होंने बताया कि शिविर में 40 नेत्र रोगियों को निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है तथा चयनित मरीजों के आने जाने, रहने तथा इलाज की निशुल्क आपरेशन की व्यवस्था की गई है। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला ने शिविर में पहुंचकर समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए टीम का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान तमाम गणमान्य लोगों ने स्वास्थ्य टीम को शॉल पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर पंजाबी महासभा नगर अध्यक्ष प्रवीण रहेजा, व्यापारी नेता नितिन फुटेला, हरविंदर सिंह चुग, पंडित अनिल शर्मा, चेतन पटेल आदि मौजूद रहे।

भाजपा पदाधिकारी बूथों पर 24 घंटे का करेंगे प्रवास

गदरपुर। भाजपा का ग्राम चलो अभियान के अंतर्गत नगर के एक पैलेस में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि पदाधिकारी बनाए गए बूथों पर 24 घंटे का प्रवास करेंगे।

आवास विकास कॉलोनी स्थित एक बारात घर में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक ने राष्ट्रीय स्तर पर चलने वाले ग्राम चलो अभियान के बारे में कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई।मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना ने बताया आगामी 9,10, 11 फरवरी को मंडल स्तर पर बनाए गए मतदान केंद्रों पर प्रवासी कार्यकर्ता नियुक्त किए गए हैं जो 24 घंटे केंद्रों पर प्रवास करेंगे। किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया ने किसानों के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला की अध्यक्षता सुभाष गुंबर ने की। इस मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री अभिषेक वर्मा संजय चौधरी, मुनि भुसरी, मंडल महामंत्री अनिल जेटली, भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष ज्योति चुघ रहे।

बिजली विभाग ने काटा नगर पंचायत का कनेक्शन

सख्ती

▸▸ 1 करोड़ 65 लाख 75 हजार 925 रुपए का बिल है बकाया

▸▸ पिछले साल भी बिल न चुकाने परर काटा गया था कनेक्शन

सुल्तानपुर पट्टी

अमृत विचार : नगर पंचायत कार्यालय ने बिजली बिल जमा नहीं किया तो विभाग ने कार्यालय का बिजली कनेक्शन काट दिया। इससे नगर पंचायत के कर्मचारियों को अंधेरे में काम करना पड़ सकता है।

बता दें कि बिजली विभाग द्वारा क्षेत्र में वसूली अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें विभाग की ओर से सरकारी कार्यालय से भी वसूली की जा रही है। नगर पंचायत कार्यालय ने कई वर्षों से बिजली का बिल जमा नहीं किया है। जिसके चलते नगर पंचायत कार्यालय पर 1 करोड़ 65 लाख 75 हजार 925 रुपए का बिल बकाया है। इसी के चलते विद्युत विभाग की टीम ने नगर पंचायत कार्यालय का विद्युत कनेक्शन काट दिया। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता विवेक कांडपाल ने बताया कि नगर पंचायत कार्यालय द्वारा कई वर्षों से बिजली का बिल जमा नहीं किया गया है। जिसके चलते वर्ष 2023 में भी कनेक्शन काटा गया था। लेकिन इसके बावजूद नगर पंचायत द्वारा बिजली का बिल जमा नहीं किया गया। इसी के चलते विद्युत विभाग की टीम ने कनेक्शन काट दिया है। उन्होंने कहा कि बिजली का बिल जमा होने के बाद कनेक्शन जोड़ दिया जाएगा।

सफलता को लक्ष्य व मेहनत जरूरी

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार : शातिंपुरी कलस्टर विद्यालय राजकीय इण्टर कालेज व शांतिपुरी राजकीय कन्या हाईस्कूल में करियर एवं गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें थाना पंतनगर के एसआई राकेश कठायत व महिला हैल्पलाइन की प्रभारी एसआई नीलम मेहता ने स्कूली बच्चों को नशाखोरी, सड़क सुरक्षा नियम, साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा व उत्तराखण्ड पुलिस एप की जानकारी दी।

विद्यालय के संरक्षक पूर्व दर्जा राज्यमंत्री डॉ. गणेश उपाध्याय ने बच्चों को जीवन में सफलता के लिए बड़ा लक्ष्य, कड़ी मेहनत एवं मजबूत इरादा रखने की सलाह दी। उन्होंने बच्चों को कम खर्च पर अच्छी शिक्षा के लिए सरकारी विद्यालयों को सर्वाधिक उपयोगी बताया। एसआई प्रकाश कठायत ने बच्चों को नशा एवं मोबाइल के दुरुपयोग से बचने, हेलमेट व ट्रैफिक नियमों का पूर्णतः पालन करने तथा साइबर क्राइम से बचने की जानकारी दी।

राजकीय कन्या हाईस्कूल शांतिपुरी में कार्यक्रम का शुभारंभ करते डॉ. गणेश उपाध्याय व पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

महिला हैल्पलाइन प्रभारी एसआई नीलम मेहता ने छात्राओं को महिला हिंसा एवं उत्पीड़न के खिलाफ लड़ने के लिए टोलफ्री नंबर 112 व उत्तराखण्ड पुलिस एप से मिलने वाली मदद की जानकारी दी। आशा कार्यकर्ती दीपा कोरंगा प्रथम व द्वितीय ने विद्यालयों में अध्यनरत किशोरियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, संतुलित आहार एवं संक्रामक रोगों से बचाव की जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि बच्चों में अच्छी पढ़ाई के लिए स्वस्थ मस्तिष्क का होना जरूरी है। जिसके लिए हमें नित्य साफ-सफाई एवं अपने स्वास्थ्य के प्रति सदैव जागरूक रहना होगा। इस दौरान प्रधानाचार्य नर बहादुर चंद, बृजेश गुप्ता, लीला देउपा, कांस्टेबल जीवन भट्ट, भूपाल सिंह, एनएसएस प्रभारी प्रियंका पंवार, अंग्रेजी प्रवक्ता निहारिका पाण्डे व स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

महिला ने साइकिल चोर को पकड़ा, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में घर के आंगन में खड़ी साइकिल पर युवक ने हाथ साफ कर दिया। सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्डिंग के बाद साइकिल स्वामी ने आरोपी युवक को पकड़ लिया और आरोपी के कब्जे से साइकिल बरामद कर ली।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 4, बंडिया, किच्छा निवासी मालती दुबे पत्नी नागेंद्र दुबे ने कहा कि 1 फरवरी की सुबह उनके घर के आंगन में खड़ी साइकिल पर चोर ने हाथ साफ कर दिया। इस दौरान घर के निकट लगे सीसीटीवी कैमरे में एक युवक साइकिल चोरी कर ले जाता नजर आया। पीड़िता ने बताया कि मालती दुबे ने बताया कि 2 दिन बाद सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ युवक घर के निकट संदिग्ध अवस्था में घूमता नजर आया तथा स्थानीय लोगों की मदद से उन्होंने आरोपी को पकड़ लिया।

पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम आदित्य बताया और उनके घर से चुराई गई साइकिल को बरामद कर दिया। आरोपी युवक एवं बरामद साइकिल को लेकर कोतवाली पहुंची मालती दुबे ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। फिलहाल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

दबंगों ने पुलिस के सामने दी गोली मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

आरोप

▸▸ जमीनी विवाद को लेकर आरोपियों ने दी धमकी

▸▸ दबंगों पर जबरन खेत की मेड काटने का है आरोप

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : जमीनी विवाद को लेकर आरोपियों द्वारा पुलिस के सामने पीड़ित पक्ष को गोली मारने की धमकी देने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस टीम की मौजूदगी में आरोपियों द्वारा खुलेआम गोली मारने की धमकी देने का वीडियो क्षेत्र में जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में धमकी देने वाले आरोपियों को मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी समझाते नजर आ रहे हैं।

कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में दरऊ पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम दरऊ, किच्छा निवासी अमन बेग पुत्र अहमद बेग ने कहा कि विगत 2 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे जब वह अपने खेत पर पहुंचा तो ग्राम दरऊ निवासी रिहान हुसैन, फैजान हुसैन, इजहार हुसैन व रियासत खान उर्फ बबुआ प्रार्थी के खेत में मेड़ को काट रहे थे। जब उसने मेड़ काटने का विरोध किया तो आरोपियों ने गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार डायल 112 पर सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा आरोपियों ने पुलिस टीम के सामने ही पीड़ित पक्ष को धमकाते हुए गोली मारने की धमकी दी और कहा कि विधायक और मुख्यमंत्री सब हमारे साथ हैं। कोई हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। शिकायतकर्ता ने पुलिस को वीडियो रिकॉर्डिंग दिखाते हुए बताया कि आरोपी दबंग किस्म के लोग हैं और जबरन पीड़ित की भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। आरोपियों पर पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने वीडियो रिकॉर्डिंग तथा लिखित शिकायत के बाद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

सड़क दुर्घटना में कटी युवक की टांग, केस दर्ज

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : एक व्यक्ति ने डंपर चालक पर उसके बाइक सवार उसके परिचित को टक्कर मारकर घायल करने व इलाज के दौरान उसकी टांग कटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शिव मंदिर वाली गली टांडा बंजारा सुल्तानपुर पट्टी निवासी वीरपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 30 दिसंबर 2023 को उसका परिचित मोहित उसकी बाइक को लेकर गया था। इस दौरान उसके साथ मेहताव वन निवासी गौरव भी था। दोपहर लगभग 3 बजे जब वह ढकिया रोड स्थित रामदास स्टोन केशर के पास पहुंचे तो एक डंपर के चालक ने डंपर को लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। घटना में मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया तथा बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

घायल मोहित को गिरीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां मोहित की हालत गंभीर होने पर उसे दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान मोहित की एक बायीं टांग काटनी पड़ी। मोहित का अभी भी एम्स में इलाज चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

मॉडलों में झलकी वैज्ञानिक सोच

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत चुटकी देवरिया स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय "स्टेम प्रोजेक्ट शेयर आउट इवेंट" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज किच्छा, जीजीआईसी पंतनगर, जीजीआईसी बागवाला तथा जीआईसी चुटकी देवरिया के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय की प्रभारी डॉ. सिमरनजीत कौर ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

डॉ. सिमरन ने कहा कि प्रतियोगिताओं में शिरकत करने से छात्र-छात्राओं की छिपी हुई प्रतिभा को निखरने का मौका मिलता है तथा बच्चों में चुनौती स्वीकार करने की इच्छा शक्ति में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले मेधावी विद्यार्थी आगे चलकर अपना एवं देश का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने सभी छात्रों को करियर संबंधित रोल मॉडल, विज्ञान वर्ग के प्रति छात्र-छात्राओं के झुकाव आदि बिंदुओं पर जानकारी देते हुए जागरूक किया और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को डॉ. सिमरनजीत ने स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रधानाचार्य आमोद सक्सेना, शिक्षिका ममता फुटेला सहित तमाम गणमान्य लोग एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

किच्छा में प्रतिभागी को सम्मानित करते अतिथि गण। ● अमृत विचार

उल्लास रामसेवकों के परिजनों ने आरती उतारी, डीजे की धुन पर 2 किलोमीटर तक रामसेवकों की शोभायात्रा निकाली

राम लला के दर्शन कर लौटे युवकों का भव्य स्वागत

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार : अयोध्या तक पैदल यात्रा के बाद लौटे रामसेवकों का ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया इसके अलावा रामसेवकों के परिजनों ने आरती भी उतारी इस दौरान ग्रामीणों ने डीजे की धुन पर 2 किलोमीटर तक रामसेवकों की शोभायात्रा निकाली।

विदित होगा ग्राम अलखदेवी के चार युवक मांगू लाल, अजय राम, सुंदरम, अखिल पाल 19 जनवरी को अयोध्या में रामलला के दर्शनों के लिए पैदल यात्रा प्रारंभ की थी। मांगू लाल के नेतृत्व में चारों युवक 19 जनवरी की प्रातः ग्राम अलखदेवी स्थित मंदिर में पूजा अर्चना कर रामलला के दर्शन करने के लिए पैदल यात्रा पर निकले रामसेवक मंगूराम ने बताया कि पैदल यात्रा के दौरान पहले दिन बहेड़ी उत्तर प्रदेश रुक उसके बाद पीलीभीत पूरनपुर कुठार लखीमपुर खीरी घाघरा नदी नानपारा बहराइच गोंडा होते हुए अयोध्या पहुंचे। उनका कहना था कि गदरपुर से अयोध्या की दूरी 450 किलोमीटर थी जो उसने 12 दिन में पुरी की। उनका कहना था। कि रास्ते में जगह जगह लोगों ने भव्य स्वागत और खाना भी खिलाया। उनका कहना था कि ऐसा स्वागत उसका होगा कभी उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था। 31 जनवरी को अयोध्या पहुंचने पर उन्होंने रामलला के दर्शन किए मंगूराम कहना था कि लगातार तीन दिन तक उन्होंने रामलाल के दर्शन किए। उसका कहना था कि ऐसा भव्य मंदिर उसने आज तक नहीं देखा।

इस मौके पर अजय कठेरिया, कविता कुमारी, सरिता रानी, मीरा देवी, चिंता देवी, फुला रानी, किरण कुमारी, पुष्पा रानी, सत्यम, मोनू, मोनू प्रसाद, विकास कुमार, आकाश कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

अयोध्या में रामलला के दर्शन कर लौटे युवकों का स्वागत करते परिजन व ग्रामीण।

काशीपुर में एई और जेई की कमी से जूझ रहा जल निगम

दिक्कत

▸▸ योजनाओं को पूरा करने में आ रही दिक्कतें

▸▸ इंजीनियरों की कमी से विकास योजनाएं हो रही हैं प्रभावित

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : जल निगम में योजनाओं के सापेक्ष अधिकारी नहीं होने के कारण योजनाओं के क्रियान्वयन में दिक्कत आ रही हैं। हालांकि अधिकारियों के मुताबिक वर्तमान में चल रही योजनाएं थोड़ी प्रभावित तो हो रही हैं, लेकिन जून तक कई योजनाएं पूरी होने की उम्मीद है। वर्तमान में जल निगम के पास अमृत योजना समेत 54 योजनाएं संचालित हो रही है।

इन योजनाओं को पूरा करने के लिए मार्च माह तक की डेडलाइन तय की गई है। लेकिन जल निगम के पास इन योजनाओं को समय से पूरा करने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों की भारी कमी है। जल निगम में एई के चार पद स्वीकृत हैं, जिसमें से तीन पद रिक्त चल रहे हैं। वहीं जेई के 12 पद स्वीकृत हैं, इनमें से छह पदो पर ही जेई तैनात है। वहीं निगम के पास काशीपुर ब्लॉक के साथ जसपुर ब्लॉक भी शामिल है। ऐसे में अधिकारियों की भारी कमी से जूझ रहे विभाग को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जल निगम के एई शीशपाल सिंह चौहान ने बताया कि वर्तमान में निगम 54 योजनाओं पर काम कर रहा है। हालांकि सभी योजनाओं को पूरा करने के लिए मार्च तक की डेडलाइन दी गई है। बताया कि जनवरी में 12 योजनाएं पूरी हो चुकी हैं। मार्च तक 15 और योजनाएं पूरी हो जाएंगी। जबकि जून तक सभी योजनाएं पूरी होने का अनुमान है। बताया कि विभाग में कर्मचारियों और अधिकारियों की कमी चल रही है। इससे कई योजनाएं और विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि शीघ्र अभियंताओं की तैनाती की जाए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनिर्वेदः श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्णः सुखं चानन्त्यमश्नुते॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा -पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश -मान -सम्मान पाता है।

संपादकीय

बड़ी पहल

टेक अरबपति एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने पहली बार किसी इंसान में अपने मस्तिष्क-कंप्यूटर-इंटरफेस चिप को प्रत्यारोपित किया है। शुरुआती संकेतों के मुताबिक यह प्रयोग सफल भी रहा। न्यूरालिंक की यह पहल बड़ी है। इसलिए यह कदम मानव जीवन में विज्ञान और टेक्नोलॉजी की भूमिका के नए दौर की शुरुआत साबित हो सकता है। न्यूरालिंक का मिशन मस्तिष्क से संबंधित शारीरिक विकारों का इलाज करना और अंततः, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ मानव चेतना को जोड़ना है। न्यूरालिंक ने सिक्के के आकार का एक डिवाइस बनाया है। यह डिवाइस कम्प्यूटर, मोबाइल फोन या किसी अन्य उपकरण को ब्रेन एक्टिविटी से सीधे कंट्रोल करने में सक्षम करता है। पक्षाघात से पीड़ित व्यक्ति दिमाग में चिप के प्रत्यारोपित होने के बाद केवल सोचकर माउस का कर्सर मूव कर सकेंगे। मस्क ने वर्ष 2016 में स्टार्टअप न्यूरालिंक को शुरु किया था। इसके माध्यम से अल्जाइमर, डिमेंशिया और रीढ़ की हड्डी जैसी समस्याओं का इलाज करने में मदद करने लिए मानव मस्तिष्क में एक कंप्यूटर को प्रत्यारोपित करने का लक्ष्य है। इस परियोजना से मस्क का दीर्घकालीन लक्ष्य मनुष्यों और एआई के बीच संबंधों का पता लगाना है। न्यूरालिंक के मुताबिक ट्रायल उन लोगों पर किया जा रहा है, जिन लोगों को सर्वाइकल स्पाइनल कॉर्ड में चोट या एमियोट्रोफिक लेटरल स्क्लेरोसिस के कारण क्वाड्रिप्लेजिया है।

इस ट्रायल में हिस्सा लेने वालों की उम्र न्यूनतम 22 साल होनी चाहिए। शोध को पूरा होने में करीब छह साल लगेंगे। पिछले दिनों मस्क ने दावा किया कि यह चिप सुरक्षित है। इसकी मदद से बंदर ने पोंग नाम का आर्केड खेल खेलना सीखा। यह समझना महत्वपूर्ण है कि यदि प्रौद्योगिकी मनुष्यों में काम करती है तो यह लाखों लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकती है। यह तकनीक आश्चर्यजनक जोखिमों के साथ आती है। क्योंकि ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई) अमूर्त का भी पता लगा सकता है तथा रिकॉर्ड और संचारित भी कर सकता है। मस्तिष्क के संकेतों को प्राप्त करते हैं, उनका विश्लेषण करते हैं जिससे मानवीय विचार असुरक्षित हो जाते हैं। बड़े पैमाने पर समाज के लिए नैतिक जोखिम भी हैं जो न्यूरालिंक से भी आगे जाते हैं। कई कंपनियां ऐसी तकनीक विकसित कर रही हैं जो मानव मस्तिष्क से जुड़ती हैं। हमारे दिमाग में क्या चल रहा है उसे डिकोड कर सकती है और मानसिक गोपनीयता को खत्म करने की क्षमता रखती है। मस्क और उनकी टीम को अनुसंधान के ईमानदारी प्रति ईमानदार प्रतिबद्धता बनाए रखनी होगी। जो आने वाला है उसके लिए हमें खुद को तैयार करना होगा।

देश में एचपीवी वैक्सीन का असर 2030 तक ही दिखेगा

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

बात सन् 1979 से शुरू होती है जब महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज परिसर में 'साईटोलॉजी रिसर्च सेंटर' की स्थापना भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने की थी। इसकी जिम्मेवारी डॉ. उषा लूथरा को दी गई थी।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने सन 2023 में सात प्रादेशिक सरकारों को सूचित किया कि वे ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी वैक्सीन) के विरुद्ध प्रतिरक्षात्मक टीकाकरण के लिए तैयारी करें जिसके अंतर्गत 9 से 14 वर्ष की वय की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन की खुराक दी जाएगी। सन 2025 के अंत तक पूरे देश में करीब 70 लाख बालिकाओं को इस टीके की खुराक लगा दी जाएगी जिसके बाद अतिरिक्त 11 लाख बालिकाओं को यह टीका लगाया जाएगा। लोकसभा में इस साल का बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री ने अपने भाषण में जिक्र किया है कि महिलाओं को गर्भाशय ग्रीवा (कैंसर ऑफ़ द यूट्राइन सर्विक्स) के कैंसर से बचाने के लिए देशव्यापी टीकाकरण अभियान की शुरुआत जल्दी ही की जाएगी। इसके लिए वित्तीय प्रावधान किए गए हैं।

बात सन 1979 से शुरू होती है जब महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज परिसर में 'साईटोलॉजी रिसर्च सेंटर' की स्थापना भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने की थी। इसकी जिम्मेवारी डॉ.उषा लूथरा को दी गई थी। परिषद मुख्यालय में उस समय डिवीज़न ऑफ़ नॉन-कम्युनिकेबल डिजीजेज़ की वे मुखिया भी थीं। बाद में इसे इंस्टिट्यूट ऑफ़ साईटोलॉजी एंड प्रिवेंटिव ऑन्कोलॉजी बनाया गया और सन 2016 अपग्रेड करके नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ कैंसर प्रिवेंशन एंड रिसर्च का दर्ज़ा दिया गया जिसे नोएडा (उत्तरप्रदेश) में स्थानांतरित गया। डॉ.उषा लूथरा, मॉलिक्यूलर बायोलॉजिस्ट डॉ.भूदेव दास और अन्य वैज्ञानिकों ने मिलकर एचपीवी की स्क्रीनिंग के लिए एक ग्रुप बनाया था। दिल्ली में चलाए जाने वाले इस प्रोजेक्ट में उन महिलाओं में पैपिलोमा वायरस के संक्रमण और इसके बढ़ाव से कैंसर होने की बाबत पता लगाया जाना था।

स्क्रीनिंग का काम अब तो बेहद उन्नत हो गया है। नोएडा स्थित इंस्टिट्यूट ने कैंसर अस्पतालों में आने वाली संक्रमित महिलाओं की जांच और पुष्टिकरण के लिए सन 2019 में 'ट्रेनिंग मैन्युअल ऑन सर्विकल कैंसर स्क्रीनिंग यूजिन्ग विजुएल इंस्पेक्शन विद एसिटिक एसिड' प्रकाशित किया।



पॉलीमरेज़ चैन रिएक्शन विधि से भी विषाणु की उपस्थिति और इसकी किस्म (करैक्ट्राइज़ेशन एंड टाइपिंग) को जांचा जाता है। उक्त स्टडी के चलते 'कंट्रोल' ग्रुप की कुछ महिलाओं को वास्तव में कैंसर हुआ जिसे लेकर बाद में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया की बृंदा करात ने काफी हंगामा इस बात को लेकर किया था कि जिन्हें स्टडी के दौरान कैंसर हुआ उनका इलाज़ क्यों नहीं किया गया और जीवन बीमा क्यों न हुआ जबकि यह संभावना प्रबल थी कि इनमें से कुछ को कैंसर हो सकता है? भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् की ओर से खेद व्यक्त किया गया था। लेकिन बाद में परिषद ने अपनी छोटी-सी, सन 1980 में प्रकाशित 'एथिक्स गाइडलाइन्स' को व्यापक रूप देने के लिए विशेषज्ञों को लेकर कई बैठकें की थीं जिनके बाद सन 2023 तक इससे संबंधित विषयों पर एक दर्ज़न संस्करण निकाले जा चुके हैं लेकिन सन 2006 के मूल दस्तावेज़ 'एथिकल गाइडलाइन्स फॉर बायोमेडिकल रिसर्च ऑन ह्यूमन पार्टिसिपेंट्स' को 2017 में रिवायिज़ किया गया था। रिवायिज़ करते समय यह ध्यान रखा गया कि इसे 'ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट' के शेड्यूल 'वाई' के अनुकूल रखा जाय। इसके अलावा 'नेशनल गाइडलाइन्स फॉर बायोमेडिकल रिसर्च इनवॉल्विंग चिल्ड्रेन' का प्रकाशन सन 2017 में किया गया। इतना कार्य आईसीएमआर की 'बायो-एथिक्स यूनिट' ने पिछले 23 साल में तंत्र को मजबूत करने के लिए किया। अब ये गाइडलाइन्स विश्व-स्तर की हैं।

कहानी का एक पक्ष ऐसा भी है जिसने भारत में सरकार के चालू यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के अंतर्गत एचपीवी वैक्सीन लगाने के ताजा अभियान को अत्यंत सावधानी से लागू करने की सीख दी। हुआ यह था कि सन 2007 में 'पाथ' (प्रोग्राम फॉर एप्रोप्रियेट टेक्नोलॉजी इन हेल्थ) नामक अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संस्था ने भारत सरकार की अनुमति से देश में जिला वड़ोदरा और छोटा उदेपुर के दभोई, शिनोर और क्वांट कस्बे के निकट के गांवों और आंध्रप्रदेश के जिला खम्माम के कोठगुदम, तिरुमल्याप्लेम और भद्राचलम ब्लाक के गांवों में ग्लोबल प्रोग्राम के हिस्से के बतौर एक प्रोग्राम -'एचपीवी वैक्सीनः एविडेंस फॉर इम्पैक्ट', चालू किया। इसके लिए पूरा पैसा बिल एंड मेलिंदा गेट्स फाउंडेशन ने दिया था। योजना के अंतर्गत तीन स्तरों पर दोनों ठिकानों में रहने वाली 10 से 14 वर्ष की करीब 25-30 हजार बालिकाओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से बचाव करने हेतु टीका लगाना था, जिसे 24777 बालिकाओं को ही वास्तव में लगाया जा सका था। इसका परीक्षण भारत से बाहर पेरू, उगांडा और वियतनाम में भी साथ के साथ किया जाना जारी था। टीका विकास के लिए यह अध्ययन चौथे स्तर (फेज़-4) के लिए था जिसमें मनुष्य को दवा खिलाकर या टीका लगाकर प्रभाव की जांच की जाती है। इसे 'लायसेन्स-पश्चात' किया जाने वाला अध्ययन कहते हैं। ऐसे अध्ययनों के सांख्यकीय नतीजे अगर 95 प्रतिशत तक कामयाब माने जाएं तो दवा को बाज़ार में मुक्त बिक्री के लिए अनुमति दे दी जाती है। भारत में इस अध्ययन के लिए टीकाकरण का तीसरा फेज़ समाप्त होने से पहले 'एक्सपेरिमेंटल ग्रुप' में 7 बालिकाओं की मृत्यु हो गई -खम्मास में पांच और छोटा उदेपुर से दो। ये सभी बालिकाएं भारत के आदिवासी समुदाय से निम्न आय वर्ग और गरीब परिवारों से थीं।

मर्क दवा कंपनी की एचपीवी वैक्सीन का ब्रांड नाम गरडासिल है जिसे खम्माम की बालिकाओं को लगाया गया और गुजरात की बालिकाओं को ग्लेक्सो का 'सर्वारिक्स' टीका लगाया गया था। बाद में हुए अध्ययनों से मालूम हुआ कि भारत द्वारा विकसित की गई सर्वावैक और गरडासिल वैक्सीन्स में कारगरता और सेफ्टी को लेकर कोई ख़ास अंतर नहीं है। मीडिया के माध्यम से जब इन बालिकाओं की मृत्यु की बात उजागर हुई और इसके लिए एचपीवी टीका के शरीर पर विषाक्त प्रभाव या एडवर्स रिएक्शन से ऐसा हुआ माना गया तो इसका संज्ञान लेते हुए न केवल अध्ययन को सन 2010 में रोक दिया गया। प्रोफेसर एसएस अग्रवाल की अध्यक्षता वाली कमेटी ने फरवरी 2011 में इस अध्ययन के दौरान 'पाथ' द्वारा की गई त्रुटियों को बताने के अलावा अपनी सिफारिशों में तंत्र को और मजबूत बनाने की भी सिफारिश की है ताकि ट्रायल्स सुरक्षित रहें। 'पाथ' संस्था द्वारा भारत में एचपीवी टीका परीक्षण के दौरान 'एलेज्ड इर्रेगुलरिटीज़ इन द कंडक्ट ऑफ़ स्टडीज़ यूजिंग ह्यूमन पेपिलोमा वायरस वैक्सीन' नाम से यह रिपोर्ट अब पब्लिक डोमेन में आईसीएमआर की ऑफिसियल वेबसाइट पर देखी जा सकती है। इस जांच रिपोर्ट और देश के यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम सदृश्य एचपीवी टीकाकरण को लागू करने के बीच के ग्यारह साल में टीकों के विकास और प्रोडक्शन की टेक्नोलॉजी, परीक्षण पूर्व टॉक्सिसिटी स्टडीज, मनुष्यों पर परीक्षण की पद्धति, वेलिडेशन के लिए सांख्यकीय अध्ययन, एथिकल स्टैंडड्र्स एंड प्रेक्टिसेस और फॉलो-अप को लेकर बहुत बदलाव हो गए हैं। देश में विभिन्न तरह के कैंसर संबंधी आंकड़े भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की कैंसर रजिस्ट्री की रिपोर्ट्स में उपलब्ध है। ये सब पब्लिक डोमेन में राष्ट्रीय रोग सूचना विज्ञान और अनुसंधान केंद्र, बंगलुरु की वेबसाइट पर अपलोड किए जाते रहे हैं।

एचपीवी का टीका बालिकाओं को लगाया जाना इसलिए जरूरी है कि कुछ समय बाद जब वे यौनिक रूप से सक्रिय हो जाएं और जीवन शैली, रहन-सहन के परिवेश, आदतों और किन्हीं और वजहों से एचपीवी विषाणु के संक्रमण की चपेट में आएं या संक्रमण होने की तीव्र संभावना वाली परिस्थितियों से गुजरें तो संक्रमण से वे बची रहें। सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया द्वारा विकसित टीके को लेकर इसके सुरक्षित होने, दीर्घ काल तक प्रतिरक्षण की क्षमता बनाए रखने पर तसल्लीबक्श वैज्ञानिक अध्ययन किए गए हैं। भारत सरकार की शासकीय नीति के अनुसार फिलवक्त इसे यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के अंतर्गत निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। यह संतोषप्रद है कि बालिकाओं को लगाए जाने वाली अपनी भारतीय वैक्सीन 'सर्ववावैक' की सिर्फ एक ही खुराक विषाणु के सक्रिय विभेदों के विरुद्ध प्रतिरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। अभी यह रुपये 200-400 की है। उम्मीद है सन 2030 तक देश में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित होने वाली महिलाओं की संख्या में 'वैक्सीन प्रभाव' से अत्यधिक कमी हो सकेगी।

प्रसंगवश

लोक की शक्ति



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यदि मन में लोक के प्रति अश्रद्धा, उदासीनता और तिरस्कार का भाव हो तो लोकतंत्र की बड़ी-बड़ी बातें बघारना छल के अतिरिक्त और क्या हो सकता है? स्वतंत्रता की लड़ाई सामान्य जन ने लड़ी,लोक ने लड़ी,लड़ाई में सामान्य जन जीता और जनतंत्र प्रतिष्ठित हुआ। यह जनतंत्र की ही टेर थी कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।

उस समय जनता को जनार्दन कहा जाता था। न जाति की बात थी और न धर्म की,लेकिन जैसे-जैसे स्वतंत्रता निकट आती दिखी वैसे ही सत्ता का मोह जग गया और लोक की शक्ति को विखंडित करने के औजारों पर धार धरी जाने लगी। इस कार्य में गोरे राजा उनको प्रोत्साहित कर रहे थे। ये औजार धर्म या मजहब के हों या जाति बिरादरी के। स्वतंत्रता की लड़ाई में तो समान्य जन ही था,किंतु अब जाति भी आगे आ गई और मजहब भी आगे आ गया। लोकशक्ति विभाजित हुई,देश का विभाजन हुआ। लोकशक्ति के प्रतीक गांधी अलग थलग पड़ गए। स्वतंत्रता के बाद जैसे-जैसे राष्ट्रीय आंदोलन के मूल्य पृष्ठभूमि में धकेले जाते रहे,वैसे-वैसे जनता को मूर्ख समझा और बनाया जाने लगा। एक विचार समूह घोषित रूप में कहता था कि भारत में जनतंत्र सफल नहीं हो सकता। यहां तो तानाशाही से ही शासन चल सकता है। दूसरा विचार समूह क्रांति के सपने देखता रहा,उसके मन में भी कहीं न कहीं अधिनायक बैठा हुआ था। इस वर्ग ने लोकतंत्र को कभी वरीयता नहीं दी। हालांकि चुनाव में दोनों वर्ग उतरते रहे और जनता को माई बाप भी कहते रहे। विचार में कुछ और भाषण में कुछ और तथा व्यवहार में कुछ और। परिणाम जो होना था,सो हुआ,जो कुछ हुआ और हो रहा है,वह किसी एक दिन या एक पार्टी की बात नहीं है। वह प्रक्रिया है,जो तभी से चलती रही है।

वह विचार समूह,जो जाति के आयुध को लेकर यह लडाई लड़ना चाहता है, लोक के विरुद्ध है। इसका समाधान लोक जागरण के अतिरिक्त कोई हो ही नहीं सकता। चौबीस के चुनाव की बात कर रहे हैं,खूब करते रहें, स्थिति में कोई बड़ा सुधार होता हुआ नहीं दिख रहा है। लोक की शक्ति को पहचाने बिना कोई संभावना नहीं है। और आज तो भूमंडलीय शक्ति छाती पर छज्जे धर चुकी है।

साइबर क्राइमः बड़े धोखे हैं इस राह में

गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर फोटो व वीडियो अपलोड करने का शौक भी लोगों में तेजी से बढ़ा है।

दुनियाभर के लोग इंस्टा और फेसबुक जैसे प्लेटफार्म पर मिलते हैं और दोस्त बन जाते हैं। हाल के दिनों में ऑनलाइन प्यार की ऐसी कई कहानियां सामने आईं जिनमें लोगों ने सरहद तक को पार कर दिया,लेकिन देखने में जो सोशल मीडिया रोमांचक है,उसके खतरे भी हजार हैं। क्योंकि जब चैटिंग से शुरू हुई दोस्ती का सफर छेड़खानी, दुष्कर्म, यौन शोषण, शादी के नाम पर झांसे और आर्थिक शोषण से खत्म होता है,तब स्थिति बहुत दुखदायी हो जाती है।

पुलिस आंकड़ों पर गौर करें तो फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती करके शादी करने का झांसा देने और होटल में बुलाकर दुष्कर्म करने जैसे मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। दुष्कर्म के मामलों में 30 से 40 फीसदी मामले इसी तरह के होते हैं। वर्चुअल चैट्स और वीडियो कॉलिंग के जरिए मुलाकातों ने अपराधियों के लिए नए-नए रास्ते खोल दिए हैं। पिछले एक साल में डिजिटल रोमांस स्कैम की संख्या में भी 40 फीसदी की वृद्धि हुई है। एशिया के कई देशों में ये ऑनलाइन रोमांस स्कैम धड़ल्ले से चल रहा है। भारत ही नहीं विदेशों में भी बड़ी संख्या में लोग ऑनलाइन स्कैम के शिकार हो रहे हैं,लेकिन सिर्फ 20 फीसदी लोग ही इसकी शिकायत पुलिस से करते हैं।

न्यूयॉर्क में कराए गए कॉम्बैटिंग ऑनलाइन वायलेंस अगेंस्ट वुमन एंड गर्ल्स : अ वर्ल्ड वाइड वैकअप नाम के सर्वे में लगभग 86 देशों का अध्ययन किया गया जिससे सामने आया कि इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाली लगभग तीन चौथाई महिलाएं किसी न किसी किस्म की साइबर हिंसा का शिकार होती हैं। सर्वे में ये बात भी सामने आई कि भारत में साइबर अपराध के मामलों में शिकायत करने में महिलाओं की संख्या काफी कम है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में केवल 35 फीसदी महिलाओं ने साइबर अपराध की शिकायत की, जबकि 46.7 फीसदी पीड़ित महिलाओं ने शिकायत ही नहीं की। वहीं 18.3 फीसदी महिलाओं को इस बारे में कोई जानकारी ही नहीं थी। दिल्ली एनसीआर में एक गैंग ने करीब 700 महिलाओं के साथ ठगी की और ये ठगी इंस्टाग्राम पर दोस्ती करके अंजाम दी गई।

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर फोटो के साथ-साथ वीडियो अपलोड करने का शौक भी लोगों में तेजी से बढ़ा है। कोई रील्स बनाकर डालता है,कोई बच्चे का वीडियो डालता है,लेकिन अब ये भी बेहद खतरनाक बनता जा रहा है,क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए आवाज चुराई जा रही है। बाद में उसका इस्तेमाल आपको ठगने के लिए किया जा सकता है। आजकल हनी ट्रैप की घटनाएं भी चर्चा में हैं। आपके व्हाट्सएप या मैसेंजर पर किसी अज्ञात नंबर/प्रोफाइल से लड़की/लड़के द्वारा आपसे चैटिंग की जाती है। उसके बाद उसके द्वारा वीडियो कॉल किया जाता है और जैसे ही आप वीडियो कॉल उठाते हैं तो स्क्रीन रिकॉर्डिंग के माध्यम से उसके द्वारा आपकी 10-15 सेकेंड की एक वीडियो क्लिप बना ली जाती है और उस क्लिप को एडिट कर आपको ब्लैकमेल किया जाता है और वीडियो डिलीट कराने के लिए पैसे की मांग की जाती है।

एक सर्वे के अनुसार सोशल मीडिया पर 36 फीसदी लड़कियों को अजनबियों द्वारा परेशान जाता है। वहीं 32 फीसदी को फेक आईडी सोशल मीडिया यूजर्स अपशब्द और अश्लील मैसेज भेजते हैं। इसके परिणामस्वरूप ऑनलाइन उत्पीड़न ने 42 फीसदी महिलाओं को मानसिक और भावनात्मक रूप से तनावग्रस्त कर दिया है। यही कारण है कि पांच में से एक लड़कियों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म से उचित रूप से दूरी बना ली है। ऐसी ही ऐप्स को लेकर अंतर्राष्ट्रीय अपराधिक पुलिस संगठन इंटरपोल ने पिछले साल दुनिया के 194 देशों को अलर्ट जारी किया था। इसमें भारत भी शामिल है। अलर्ट के मुताबिक इंटरनेट मीडिया पर अनजान लोगों से दोस्ती करने से बचें। अपने प्रोफाइल में निजी जानकारियों को शामिल न करें। हमेशा प्रोफाइल को सत्यापित करें और उसकी जांच करें।

वित्तीय अनुरोध करने वाले ऑनलाइन प्रेमी-प्रेमिकाओं से सावधान रहें। ऑनलाइन लिंक और इंटरनेट मीडिया पर किसी भी तरह के ऑफर और लालच में न आएं। कोई रुपयों की मांग करता है तो पहले जांच लें। फिर भी अगर आप ठगी का शिकार हो जाते हैं तो तुरंत साइबर हेल्प लाइन नंबर और अपने नजदीकी साइबर थाने में लिखित शिकायत दें। इस तरह की सावधानियों को ध्यान में रखकर ही इस परेशानी से बचा जा सकता है। ऑनलाइन धोखाधड़ी आर्थिक घोटाला ही नहीं है,बल्कि इसमें पीड़ित को भावनात्मक क्षति भी होती है। उसके लिए भविष्य में किसी पर भी आसानी से भरोसा करना मुश्किल हो जाता है।

सोशल फोरम

बात बात में बात

कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

बातचीत में रिश्तों का निजी समीकरण क्यों बन जाता है? तोता-मैना संवाद प्राचीन काल से प्रसिद्ध है। 'सर्मन ऑफ द माउंट' भी बातचीत ही तो है। बैरिस्टर गांधी ने 39 साल की उम्र में 'हिंद स्वराज' नाम की किताब एक बातचीत के रूप में ही लिखी। उसमें पाठक के सवालों का जवाब संपादक देते हैं। बड़ी से बड़ी लड़ाई हो तो भी देशों के बीच में आखिर मामला बातचीत से ही हल होता है।

बातचीत नहीं हो, तो रिश्ते बिगड़ जाते हैं। पति-पत्नी में यदि बातचीत बंद हो जाए तो वह घर रहने लायक नहीं रहता। सास-बहू की बातचीत, ननद-भौजाई की बातचीत, बाप-बेटे की बातचीत,दोस्तों की बातचीत सबके तेवर और रंग-ढंग अलग-अलग होते हैं। यह मनुष्य ही है जिसके पास बोली है और उसके पास भाषा है। अन्य किसी प्रजाति में यानि पशु और पक्षियों में भाषा कहां होती है? इसलिए बातचीत करना सबको सुहाता है। कई बार मतभेद हो तो भी लोग लड़ते-लड़ते बातचीत ही तो करते हैं।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 में हर नागरिक को 26 जनवरी 1950 से अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार दिया गया है। मेरा बोलने का अधिकार वहां से आता है। आप नहीं सुनना चाहें तो वह अधिकार भी आपको वहीं से आता है। बातचीत सुनकर अगर आप कुछ कहना, लिखना चाहें तो भी यह अधिकार आपको वहीं से आता है।

डिजिटल क्रांति के जमाने में अब कान ही आंखों के ऊपर भारी पड़ रहे हैं। स्कूली बच्चों के कान उमेठे जाते हैं। चुगलखोरी के मामले में कहा जाता है कि आप उनकी बात पर कान मत धरें। कोई जबरिया सुनाना चाहता है तो कहते हैं कान में तेल डाल लो। उंगली डाल लो।

बातें तो तरह-तरह की होती हैं। बातें कभी अच्छी लगती हैं। कभी चुभ जाती हैं। कभी लोग कहते हैं कि बात निकली है तो दूर तलक जाएगी। इतिहास में कई लोगों ने यादगार बातें की हैं। मसलन श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र के मैदान पर खड़े होकर अर्जुन से बात ही तो की थी। उसे ही तो बाद में गीता की पोथी बनाकर ज्ञान की खदान कह दिया गया। शेक्सपियर के भी चरित्र मार्क एंटनी ने शानदार भाषण किया और बोलने के इतिहास में अमर हो गया।

-फेसबुक वॉल से

बात हो कि क्या पढ़ रहा है भारत



संजय वर्मा
इंदौर

हमारे स्कूल-कॉलेज के पाठ्यक्रम हर व्यक्ति को वैज्ञानिक बनाने के हिसाब से डिजाइन किए गए हैं,जबकि न हमें इतने वैज्ञानिकों की जरूरत है न हर एक बच्चा इतना प्रतिभाशाली होता है।

मुझे सबसे ज्यादा दुख तब होता है जब मेरे यहां कोई नौकरी मांगने आए और मैं उसे काम पर न रख सकूं। पिछले दिनों ऐसा ही एक दुखद वाकया हुआ। एक लड़का आया। उम्र 28 साल। पिता नाव चलाते हैं बेहद गरीब हैं। शिक्षा डबल एमकॉम। काम का अनुभव कुछ नहीं। मैंने उससे पूछा आप टैली पर बिल एंट्री कर लेंगे? उसने कहा - नहीं। कंप्यूटर का ज्ञान? नहीं। फिर मैंने हिसाब-किताब के दो-चार सवाल पूछे। उसने सारे जवाब गलत दिए। हारकर मैंने उसे किराने के सामान की एक लिस्ट बनाकर दी और उसके भाव अलग से लिख कर दिए और फिर उसका हिसाब बनाने को कहा। वह,वह भी नहीं कर पाया।

मैंने पूछा एमकॉम तक तो ठीक था पर तुमने डबल एमकॉम क्यों किया? उसने कहा मेरी मां चाहती थी मैं पढ़ाई जारी रखूं। मैं उसे नौकरी नहीं दे पाया। मुझे दुख है,पर अपराध बोध नहीं। उसके दोषी वे स्कूल कॉलेज हैं जिनकी फीस गरीब मां-बाप ने अपना पेट काटकर इस उम्मीद में भरी कि वे उनके बच्चे को कोई ऐसा ज्ञान,कोई ऐसा हुनर सिखाएंगे जो उसे रोजी-रोटी देगा। इस लड़के के मां-बाप को उन तमाम स्कूलों-कॉलेजों पर मुकदमा दायर करना चाहिए। यह पैसा और समय लेकर बदले में कोई सेवा न देने का मामला है,जिसे कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत रजिस्टर किया जाना चाहिए। मुझे इन स्कूल-कॉलेज से दो शिकायतें हैं। पहले कि वे अपना काम नहीं कर रहे। दूसरी कि वह किसी नौजवान को हम जैसे संभावित एंप्लॉयर के पास जाने से चार-पांच साल तक रोके रखते हैं। यदि हमें कोई बच्चा 18 साल की उम्र में मिल जाए तो दो-चार साल में हम उसे ठोक-पीटकर आदमी बना देंगे। हमारा रोना यह है कि स्कूल-कॉलेज उसे 23-24 की उम्र तक बेवजह बंधक रखते हैं। लड़का जब हमारे पास आता है तो उसके पास सीखने का समय ही नहीं है,उसे अगले साल शादी करनी है। फिर परिवार चलाने के लिए उसे तुरंत पैसा चाहिए और मुसीबत ये कि उसके पास कोई हुनर नहीं है। हमारे स्कूल-कॉलेज के पाठ्यक्रम हर व्यक्ति को वैज्ञानिक बनाने के हिसाब से डिजाइन किए गए हैं,जबकि न हमें इतने वैज्ञानिकों की जरूरत है न हर एक बच्चा इतना प्रतिभाशाली होता है। हमारा पहला लक्ष्य बच्चों को कोई ऐसा हुनर सिखाना है कि वह रोजी कमा सके। शिक्षा से चरित्र और व्यक्तित्व निर्माण होना होता तो तमाम आईएएस ऑफिसर ईमानदार देशभक्त होते।

पिछले कुछ सालों से स्कूल-कॉलेजों की बाढ़ आई है। यह अच्छी बात है कि भारत पढ़ रहा है,पर भारत क्या पढ़ रहा है और उसका जिंदगी से क्या संबंध है, इस पर भी कोई बात करे। यदि एमकॉम पास व्यक्ति एक बिल नहीं बना सकता तो ऐसी पढ़ाई को कूड़े में डाल देना चाहिए। पिछले दिनों 'असर' की एक रिपोर्ट आई थी जिसमें बताया गया की दसवीं क्लास के बच्चे चौथी क्लास का गणित भी हल नहीं कर पा रहे ऐसी पढ़ाई से क्या फायदा है? मगर कोई सवाल नहीं कर रहा कि आप हमारे बच्चे को जो सिखा रहे हो उसे क्या काम आएगा? मैं अपनी बात करूं तो मुझे अब तक के व्यापार में मेरी इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की डिग्री कहीं काम नहीं आई,जो जोड़, घटाव और गुणा भाग काम आ रहा है,वह तो मैंने पांचवी क्लास तक ही सीख लिया था।

असल में भारत को दिमाग से शोध करने वाले नहीं,हाथ से कम करने वाले हुनरमंद चाहिए। हमारी इंडस्ट्री में लोग परेशान हैं,उन्हें कारपेंटर्स नहीं मिल रहे,एसी मैकेनिक नहीं मिल रहे, फैक्ट्रियों को वेल्डर फिटर नहीं मिल रहे और इधर लाखों बेरोजगारों की फौज काम की तलाश में जोमैटो के डिलीवरी बॉय बनने की कतार में खड़ी है जिसमें कोई तरक्की नहीं।

पहले हुनर सीखने के लिए वर्ण व्यवस्था थी। यह व्यवस्था बेशक बुरी थी। अच्छा हुआ खत्म हो गई,पर समाज को, देश को इसका कोई विकल्प ढूंढना चाहिए था। हमें इस कॉलेजों के बजाय हजारों आईटीआई जैसे संस्थान खोलने चाहिए थे,पर नए तो छोड़िए जो हैं वे भी बदहाल हैं। आज से 30-40 साल पहले तक ग्रेजुएशन करना नौकरी मिलने की गारंटी थी। अब इस संबंध को खत्म हुए अरसा हो गया है,लेकिन भारत का समाज अभी भी इसी हैंगओवर में जी रहा है। तमाम गरीब लोग यह मानते हैं कि कॉलेज की पढ़ाई करना सुनहरे जीवन की गारंटी है।

हर साल लाखों बच्चे गांव से शहर पढ़ाई करने आ रहे हैं,क्योंकि खेती में कोई फायदा नहीं बचा है। इन बच्चों को कोई काम सिखाना,रोजगार के लायक बनाना हमारे स्कूल-कॉलेजों की सबसे पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए जिसमें वह अब तक पूरी तरह नाकामयाब रहे हैं।

कौशल को निखारने की आवश्यकता



डॉ. सुधाकर मिश्र
दिल्ली

क्या भारत में योग्यता के अनुरूप नौकरियां,रोजगार और रोजी-रोटी की कमी है? किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व के उन्नयन के लिए कौशल योग्यता महत्वपूर्ण कारक है। योग्यता के कारण व्यक्ति अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है जिससे वह परिवार, समाज, संगठन, व्यवस्था और राष्ट्र में महत्वपूर्ण भूमिका का निष्पादन कर सके।

बदलते भारतीय ज्ञान प्रणाली में कौशल की भूमिका को सर्वोपरि प्रत्यय माना जा रहा है। कौशल विकास के कारण व्यक्ति अपने जीविकोपार्जन के लिए सक्षम हो जाता है। भारत के ज्ञान प्रणाली में कौशल की उपादेयता बढ़ रही है। राष्ट्र (देश)के आर्थिक विकास और सामाजिक विकास के लिए कौशल विकास और ज्ञान प्रत्यय अति आवश्यक है। एक प्रतिवेदन के अनुसार देश की 53 प्रतिशत जनसंख्या (ऊर्जावान जनसंख्या) 30 वर्ष से कम है। इस आबादी के लिए स्थिर रोजगार एक चुनौती बना हुआ है। भारत की आबादी में योग्यता के अनुसार नौकरी की कमी है। जनसांख्यिकी संभावनाओं की प्रत्याशा में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने पीएम गति शक्ति मास्टर योजना को तैयार किया है। इसके अंतर्गत उद्योगों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के आसपास कौशल प्रशिक्षण की स्थापना की जा रही है।

भारत के आर्थिकी में कुशल कर्मचारियों की कमी को दूर करने में इससे काफी मदद प्राप्त होगी। एक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के मुताबिक 12-59 आयु वर्ग में 84 प्रतिशत भारतीयों को तकनीकी ज्ञान और प्रशिक्षण प्राप्त है। आवधिक श्रम बल सर्वे के अनुसार महिलाओं में 90 प्रतिशत है। भारत को ऊंचे लक्ष्य रखते हुए युवाओं को कुशल बनाकर विनिर्माण क्षेत्र में चीन को पछाड़ना होगा। यह बानगी तभी संभव है,जब कार्यबल की उत्पादक क्षमता और कौशल की गुणवत्ता में गुणात्मक उन्नयन हो सके।

मौसम मेहरबान रहा, तो भरेगी जीवनदायिनी की कोख

कोसी नदी के जलस्तर में लगातार दर्ज की जा रही रिकॉर्ड कमी, कोसी की सहायक नदी कुजगढ़ का हाल भी कुछ ऐसा ही है

बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मौसम में हो रहे लगातार बदलाव, समय से बारिश व बर्फबारी नहीं होने का असर अब नदियों पर भी दिखने लगा है। कुमाऊं के एक बड़े क्षेत्र की जीवनदायिनी कोसी नदी की कोख भी इन्हीं परिवर्तनों के कारण अब सूखती जा रही है। कोसी नदी को रिचार्ज करने के लिए पीनाथ क्षेत्र से निकलने वाली नदियां जहां सूख चुकी हैं। वहीं, कोसी में मिलने वाले तीन दर्जन से अधिक गाड़-गधेरे पूरी तरह विलुप्त हो गए हैं। ऐसी हालात में अगर मौसम की मेहरबानी नहीं हुई व इन नदियों, गाड़-गधेरों की हालत में सुधार नहीं हुआ तो कोसी का अस्तित्व संकट में आ जाएगा।

सोमेश्वर तहसील में स्थित पीनाथ से निकलने वाली करीब एक दर्जन छोटी-बड़ी नदियां, कौसानी, बिनसर व गणानाथ समेत करीब सोलह रिचार्ज जोन कोसी नदी को जीवनदायिनी बनाते हैं। लेकिन, पिछले कई सालों से मौसम में हो रहे बदलाव के कारण यह नदियां पूरी तरह सूख गई हैं।

कोसी की सहायक नदी कुजगढ़ का हाल भी कुछ ऐसा ही है। अधिकांश नदियां पूरी तरह रोखड़ में तब्दील हो गई हैं। कोसी नदी की अपने मूल स्रोत से तकरीबन डेढ़ से दो सौ किमी की यात्रा पूरी कर सल्ट व रामनगर होते हुए पश्चिमी रामगंगा में मिल जाती है। आज से करीब चार दशक पहले की बात करें तो तब इसकी कुल लंबाई करीब 225 किलोमीटर के पास थी, जो आज सिकुड़कर महज 41 किलोमीटर ही रह गई है। साथ ही, नदी का जल स्तर भी लगातार गिरता जा रहा है।

कोसी नदी की बात करें तो वर्ष 2023 के अक्टूबर में कोसी नदी का जलस्तर 223.50, नवंबर में 112.50, दिसंबर में 107 व जनवरी 2024 में महज 91.50 क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया, जबकि नदी से करीब 350 गांव पेयजल के लिए निर्भर हैं। अल्मोड़ा नगर पूरी तरह से इसके पानी पर जिंदा है। इसके अलावा कौसानी, चनौदा, ताकुला, सोमेश्वर, कोसी, हवालबाग, गेवापानी, दौलाघाट, गोविंदपुर, कठपुड़िया, द्वारसौं, शीतलाखेत आदि जैसे पर्यटक स्थलों व नैनीताल जिले के एक बड़े क्षेत्र को भी कोसी से ही पानी की आपूर्ति की जाती है। पेयजल की लिफ्टिंग योजनाओं सहित कई पानी की योजनाएं भी इसी पर बनी हैं। इसी के आसपास 183 हैंडपंप व करीब 66 किलोमीटर की 33 सिंचाई योजनाएं स्थित हैं। जबकि 15 लिफ्ट सिंचाई योजनाएं व 21 हाइड्रम भी इसी पर निर्भर हैं।

ऐसे हालात में अगर मौसम की बेरूखी इसी तरह बनी और पर्याप्त बारिश ना हुई तो कोसी के अस्तित्व को बचाना एक चुनौती बन जाएगा।

अपने अस्तित्व के लिए जूझ रही सूखती कोसी नदी का गिरता जल स्तर।

> प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बारिश और बर्फबारी का सिलसिला जारी है। कहीं कहीं काफी अच्छी बारिश दर्ज की कई है। उम्मीद है कि मार्च के पहले पखवाड़े तक बारिश का सिलसिला पश्चिमी विक्षोभ के कारण बना रह सकता है।
> –**विक्रम सिंह**, निदेशक, मौसम विभाग, उत्तराखंड

संकट में हैं जीवनदायिनी नदियां

अल्मोड़ा : उत्तराखंड की सभ्यता की जननी माने जाने वाली नदियां आज संकट में हैं। अकेले कोसी नदी नैनीताल जिले के मोहान, काकड़ीघाट, सरयू एवं पश्चिमी रामगंगा मरचूला तक सिकुड़ चुकी है। इस नदी के संरक्षण के लिए पूर्व में हरेला पर्व की थीम पर कोसी पुनर्जनन कार्यक्रम व इसकी सहायक नदियों, गाड़–गधेरों को रिचार्ज के लिए भी करोड़ों रुपये खर्च कर अनेकों योजनाएं चलाई गई लेकिन स्थिति में कोई सुधार होता नहीं दिखा। जीबी पंत पर्यावरण संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. किरीट कुमार मानते हैं कि कोसी नदी को पुनर्जीवित करने के लिए इसके उद्गम स्थल पिनाकेश्वर को विकसित करने की जरूरत है।

चार महीनों में हुई बारिश

माह	वर्षा
अक्टूबर	9.17 एमएम
नवंबर	6.3 एमएम
दिसंबर	9.50 एमएम
जनवरी	0.0 एमएम
फरवरी अब तक	5.4 एमएम

पिंडर ग्लेशियर नदी से भी नहीं जुड़ सकी कोसी

अल्मोड़ा : कोसी नदी में गिरते जल स्तर को देखते हुए इसे पिंडर ग्लेशियर नदी से जोड़ने की भी योजना बनाई गई थी। परियोजना के तहत पिंडर नदी के 2200 मीटर ऊपरी कैचमेंट से दो क्यूसेक पानी की धारा को कोसी में 1800 मीटर ऊंचाई वाले स्थान पर डायवर्ट किया जाना था लेकिन अब तक यह योजना भी अधर में लटकी है।

बारिश के बाद अल्मोड़ा में पड़ी कड़ाके की ठंड

अल्मोड़ा के माल रोड पर ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते लोग।

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : शनिवार की शाम से हो रही लगातार बारिश के बाद अब जिला मुख्यालय अल्मोड़ा में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रविवार को भी जिले के सभी विकास खंडों में रूक रूक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा। जबकि कई स्थानों पर हल्की ओलावृष्टि भी हुई। बारिश और ओलावृष्टि के कारण जिले में तापमान लुढ़क गया है और कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

शनिवार की शाम से मौसम के करवट बदलने के बाद रात भर जिले में बारिश का सिलसिला जारी रहा। रविवार को भी दिन भर रूक कर बारिश होती रही। जिला मुख्यालय समेत सल्ट, स्याल्दे, भिकियासैंण, चौखुटिया, द्वाराहाट, लमगड़ा, सोमेश्वर, भैंसियाछाना, धौलादेवी, जागेश्वरधाम में सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए हुए थे। जिसके बाद दिन भर रूक रूक कर बारिश होती रही। जिले के मानिला, बिनसर, दूनागिरि समेत अन्य कई इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई। बारिश के कारण जिला मुख्यालय व दूरदराज के कस्बों में बाजारों में सुनसानी छाई रही। लोग जरूरी काम से घरों से बाहर निकले। ठंड से बचने के लिए लोगों ने घरों में इलेक्ट्रानिक उपकरणों का सहारा लिया। जबकि बाजारों में कई जगह लोग अलाव का सहारा लेकर ठंड से बचने की कोशिश करते दिखाई दिए। लगातार हो रही बारिश के कारण पूरे जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बारिश के कारण जिले के कई स्थानों पर बिजली और पेयजल की आपूर्ति भी ठप रही। रविवार को अल्मोड़ा का अधिकतम तापमान 17 और न्यूनतम तापमान 2 डिग्री रिकार्ड किया गया।

मौसम की मार

- लोग दिखे इलेक्ट्रानिक उपकरणों और अलाव का उपयोग करते
- जिले के कई स्थानों पर बिजली और पेयजल की आपूर्ति रही ठप

बारिश के कारण रविवार को अल्मोड़ा बाजार में पसरा सन्नाटा।

हादसे की मजिस्ट्रेटी जांच के दिए आदेश

अल्मोड़ा, अमृत विचार : बीते वर्ष एक नवंबर को नगर के माल रोड पर हुए एक बाइक हादसे की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश डीएम विनीत तोमर ने उपजिलाधकारी सदर जयवर्धन शर्मा को दिए हैं। इस हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई थी।

एसडीएम सदर शर्मा ने बताया है कि उक्त वाहन दुर्घटना के कारणों के संबंध में जानकारी रखने वाले संबद्ध, असंबद्ध या अन्य व्यक्ति 15 दिन के भीतर अपना लिखित या मौखिक रूप से बयान किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

यातायात नियमों करें का पालन ई-रिक्शा चालक

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार: सड़क सुरक्षा अभियान के तहत परिवहन विभाग चम्पावत यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विभाग ने गांधी मैदान में ई-रिक्शा वाहन चालकों की कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने कहा कि ई-रिक्शा चालकों को सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का पालन करना अनिवार्य है। सड़क दुर्घटना होने पर प्रभावित व्यक्ति की मदद करनी चाहिए। इससे हम दुर्घटनाओं को कम कर सकते हैं। साथ ही, दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान भी बचा सकते हैं। कार्यक्रम में ई रिक्शा में विभाग ने रिफ्लेक्टिव टेप भी लगाए।

चम्पावत में हुई 18 मिमी बारिश

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : पिछले दो दिनों से हुई बरसात से जन जीवन प्रभावित हो गया है। 4 दिसंबर 2023 से इस साल 30 जनवरी तक पूरे आठ हफ्ते से अधिक के वक्त में एक बूंद बारिश नहीं हुई, लेकिन पिछले पांच दिन में हुई बारिश ने आस जगाई है। दो दिन के ठहराव के बाद चार फरवरी को फिर से मेघ बरसे।

हालांकि 4 फरवरी सुबह आठ बजे तक चम्पावत में एक मिलीमीटर बारिश हुई, लेकिन इस बारिश से फसलों को होने वाला नुकसान कम होने के साथ सूखी ठंड से भी लोगों को राहत मिल रही है।

आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में रविवार सुबह आठ बजे तक चम्पावत में 1 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके अलावा पाटी व लोहाघाट में भी एक-एक मिलीमीटर बारिश हुई है। लेकिन बनबसा में एक बूंद नहीं बरसी। पिछले पांच दिनों से हुई बारिश राहत लेकर आई है।

जिला उद्यान अधिकारी टीएन पांडे व मुख्य कृषि अधिकारी गोपाल सिंह भंडारी ने बताया कि धीमी गति से होने वाली इस बारिश से फसलों को फायदा होगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. केके अग्रवाल का कहना है कि सूखी ठंड से लोगों को राहत मिलेगी। प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चंद्र कांडपाल का कहना है कि दावाग्नि सीजन से पूर्व हुई बारिश का लाभ होगा।

चम्पावत में पिछले पांच दिन में हुई बारिश

31 जनवरी	8 मिलीमीटर
1 फरवरी	9 मिलीमीटर
4 फरवरी	1 मिलीमीटर

40 किलोग्राम गांजे के साथ एक तस्कर किया गिरफ्तार

संवाददाता, अल्मोड़ा

शिकंजा

- चेकिंग के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर चालक हुआ फरार
- तस्करी में लिप्त अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा किया दर्ज

अमृत विचार : मादक पदार्थो की तस्करी को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सल्ट पुलिस ने एक गांजा तस्कर को 40 किलो से अधिक गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पकड़े गए गांजे की कीमत करीब छह लाख रुपये है। चेकिंग अभियान के दौरान तस्करी में प्रयुक्त पिकप वाहन का चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने तस्करी में लिप्त अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर जिले के सभी थानों में मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सल्ट थाने के थानाध्यक्ष अजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम सराईखेत रोड पर कठपतिया से कुछ दूरी पर चेकिंग अभियान चला रही थी।

रात्रि के समय सराईखेत की ओर से आ रहे पिकप वाहन संख्या यूके-04-सीए-3964 को रोका गया तो चालक घबराकर वाहन से उतरकर फरार हो गया। टीम को संदेह हुआ तो वाहन की चेकिंग की गई।

वाहन से चार प्लास्टिक के कट्टों में करीब 40.600 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस टीम ने वाहन में सवार दूसरे अभियुक्त हरीश चंद्र नेगी (27) पुत्र स्व. शंकर सिंह निवासी ग्राम श्रीगाड़, गुलदेख को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि फरार व्यक्ति ही वाहन स्वामी है, जिसका नाम रवींद्र सिंह रावत व सराईखेत के हंसाली गांव का रहने वाला है। पुलिस ने तस्करी मे प्रयुक्त वाहन को सीज कर दिया।

थानाध्यक्ष अजेंद्र ने बताया कि फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। शीघ्र ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस टीम में कर्मी सुरेश चंद्र, संजू कुमार, व मदन सिंह मौजूद रहे।

नशे के इंजेक्शन व स्मैक संग दो धरे

संवाददाता, बनबसा

अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर लगातार चैकिंग अभियान चलाकर ड्रग तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही की जा जारी है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण व एसओजी प्रभारी मनीष खत्री के नेतृत्व में शारदा बैराज पुलिस चौकी टीम ने मलेरिया नाला बैराज बन्धा मार्ग पर मोटर साईकिल में सवार 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया। राहुल सुनाम पुत्र गणेश सुनाम व सूर्य विक्रम शाह पुत्र वीर बहादुर शाह निवासी वार्ड नंबर-1, महेन्द्र नगर, कंचनपुर, नेपाल के पास से 600 नशे के इंजेक्शन व 05.70 ग्राम स्मेक बरामद हुई।

थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी नशीले इंजेक्शन व स्मैक पीलीभीत से लाकर बनबसा बॉर्डर के रास्ते नेपाल ले जाने की फिराक में थे। पीलीभीत में नशे के इंजेक्शन नेपाली मूल के मूसा नामक व्यक्ति ने आरोपियों को दिए थे, जिसे महेंद्र नगर पहुंचने पर इन्हें भी नशे के इंजेक्शन व स्मैक मिलनी तय हुआ था।

अभियुक्तों ने यह भी बताया कि वे नशे के इंजेक्शन लगभग 40 रुपये में खरीदकर नेपाल में 600-700 रुपये में बेचे जाते हैं। आरोपी काफी लम्बे समय से तस्करी में लिप्त हैं व उनके संपर्कों की जांच की जा रही है। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस में मुकदमा दर्ज कर बाइक सीज कर दी गई है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण, एसओजी प्रभारी मनीष खत्री, चौकी प्रभारी ललित पाण्डेय, हेड कांस्टेबल गणेश सिंह, मतलूब खान, जगवीर सिंह, रघुनाथ गोस्वामी, नवल किशोर आदि शामिल थे।

पकड़े गए नेपाली तस्करों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

सदस्यता से वंचित व्यापारियों के लिए लगेगा कैंप

अल्मोड़ा, अमृत विचार : प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से चलाया जा रहा सदस्यता अभियान अपने अंतिम चरण पर पहुंच गया है। संगठन के सदस्यों ने नगर के मुख्य बाजार समेत धारानौला, नियांजगंज आदि क्षेत्र में सदस्यता से वंचित रह गए व्यापारियों को संगठन की सदस्यता दिलाई। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि अब दुकानों में जाकर कराई जा रही सदस्यता का सिलसिला बंद किया जा रहा है। लेकिन इसके बाद भी जो व्यापारी सदस्यता लेने से वंचित रह गए हैं। उनके लिए मंगलवार छह फरवरी को रिजर्व डे रखा गया और उनके लिए नगर पालिका पार्किंग की छत पर कैंप लगाया जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह कैंप सुबह ग्यारह बजे से तीन बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी वंचित व्यापारियों से इस कैंप का लाभ उठाकर सदस्यता लेने की बात कही है।

वर्ग पहेली-333

बाएं से दाएं

1.1. पोला, रिक्त 2. जिसके भीतर कुछ भी न हो 3. निरर्थक, सारहीन 4. भावशून्य 5. शक्तिहीन, दुर्बल।

5. (पुराण) शिव का एक नाम, महादेव।

7.1. प्रत्यक्ष ज्ञान 2. संवेदन 3. प्रयोग–परीक्षण से प्राप्त ज्ञान 4. व्यवहार से उपलब्ध संज्ञान 5. तजुर्बा, अहसास, (एक्सपीरिएंस)।

8.1. क्षमता, योग्यता, सामर्थ्य 2. धारिता, ग्रहणशक्ति 3. हैसियत, दर्ज़ा, स्थिति 4. अधिकार।

ऊपर से नीचे

2. मध्यप्रदेश का एक प्रमुख ऐतिहासिक स्थान। उक्त नगर में चंदेलों ने एक भव्य मंदिर स्थापित किया था जो अपनी सुंदरता और भितिचित्र के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

3.1. बहुत अधिक दूध देने वाली गाय 2. कामधेनु।

4.1. कल्पना 2. कामदेव, मनोज 3. प्रेम।

6. सेतु, पुल।

7.1. हमला, आक्रमण 2. आघात, प्रहार 3. किसी बात या कार्य पर सख़्त आपत्ति या आलोचना।



वर्ग पहेली - 332 का हल

1 शृ	गा	ल	■	■	2 उ	
■	■	■	3 सु	रू	प	
■	■	■	ले	■	च	
4 मु	■	■	ख	■	य	
5 सा	ध	6 नि	क	■	■	
हि	■	ज़ा	■	■	■	
7 ब	ढ़	ई	■	8 ठो	सा	

सुडोकू -50

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8		4		7		1	
	6		2				9	
3					5			
		6				2		1
			3		6	5		
8		1						
	9		1					6
	5				3		4	
	4		5	7	8		2	

सुडोकू - 49 का हल

2	7	5	6	9	1	4	8	3
6	8	9	3	7	4	2	1	5
3	1	4	2	5	8	7	6	9
1	2	3	4	8	9	5	7	6
8	4	7	5	2	6	3	9	1
9	5	6	7	1	3	8	4	2
5	3	1	9	4	7	6	2	8
4	6	8	1	3	2	9	5	7
7	9	2	8	6	5	1	3	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 फरवरी, सोमवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–माघ, पक्ष–कृष्ण पक्ष,तिथि–दशमी 17.24 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल–पूर्व। ऋतु–शिशिर। चन्द्रबल–वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र–अनुराधा 07.54 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

मेष – आज आपको अकारण लोगों से विवाद नहीं करना चाहिए। गलत बातों में ज्यादा रुचि न लें। व्यवसाय में आपको नया प्रयोग करने से बचना चाहिए। काम की वजह से परिवार को समय नहीं दे पा रहे हैं। ईर्ष्यालु सहकर्मियों से सावधान रहें।

वृष – आज राजनीतिक संपर्कों का लाभ मिलेगा। परिवार का माहौल प्रसन्नतायुक्त रहेगा। धार्मिक कार्यों में सक्रियता से भाग लेंगे। व्यापार में बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। ऑफिस में काम का दबाव कम होगा। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा।

मिथुन – आज शोध कार्यों में बेहतरीन परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। अनावश्यक दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। धार्मिक विषयों को लेकर किसी परिजन से मनमुटाव हो सकता है।

कर्क – आज धन उधार लेन–देन से आपको बचना चाहिए। असंतुलित खानपान के कारण आपका पेट खराब हो सकता है। नए निवेश के माध्यम से आपको धन लाभ होगा। प्रेमी जन के साथ आपका विवाह तय हो सकता है।

सिंह – आज कुछ नजदीकी लोगों से विवाद हो सकता है। अपनी भावनाओं को दूसरों पर थोपने से बचें। अधूरे पड़े काम दोबारा शुरू होने के योग बन रहे हैं। मांसपेशियों में खिंचाव की शिकायत हो सकती है। अपनी परिस्थितियों को महत्व दें।

कन्या – आज मानसिक रूप से संतुष्टि का अनुभव करेंगे। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में सहमति होने की संभावना बन रही है। उच्च अध्ययन में आप काफी रुचि लेंगे। संतान की समस्याओं का निवारण होगा। स्वास्थ्य की परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

तुला – आज विवाहेतर संबंधों से पूरी तरह बचें। बच्चों को लेकर तनाव हो सकता है। अनावश्यक कार्यों में आप अपना समय बर्बाद कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं।

वृश्चिक – आज आपके मान–सम्मान में वृद्धि होगी। घर में शुभचिंतकों और परिजनों का आना–जाना लगा रहेगा। दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। आपको सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रबंधन कुशलता का परिचय देंगे। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे।

धनु – आज थकावट के कारण बुखार जैसा भी महसूस हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आपको अपनी योजनाओं को फिलहाल गुप्त रखना चाहिये। धैर्यवान होकर अपने समय का इन्तजार करें।

मकर – आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। आपके स्वभाव से लोग काफी प्रसन्न रहेंगे। जॉब में आपका वेतन बढ़ सकता है। जीवनसाथी आपके मनोबल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कुंभ – आज समाज सेवा के कार्यों में भी आप व्यस्त हो सकते हैं। आप तय समय से पहले आवश्यक कार्यों को पूर्ण कर लेंगे। विदेश में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। पुराने मित्रों के माध्यम से कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं।

मीन – आज घर के किसी सदस्य के विवाह की चर्चा हो सकती है। वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। रुके हुए सरकारी काम बन सकते हैं। ई–कॉमर्स के व्यवसाय से जुड़े लोगों को बड़ा धन लाभ प्राप्त हो सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- चाइना गेट – सुबह : 10.00
- बादशाह – रात : 07.00

SONY MAX
- अब तक छप्पन 2 – सुबह : 09.00
- बाटला हाउस – शाम : 06.00

SONY PIX
- स्पाइडर मैन – सुबह : 10.28
- द डॉर्क नाइट – रात : 09.00

ZEE CINEMA
- 7 आवर्स टू गो – सुबह : 10.30
- सिटीलाइट्स – रात : 07.30

colors CINEPLEX
- ओके जानू – दोपहर : 12.21
- डेंजरस खिलाड़ी 2 – रात : 09.53

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर शाम–06.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

रतनलाल– रमेश! तुम्हें देखता हूं तो मुझे सुरेश की याद आ जाती है।
रमेश– लेकिन मुझमें और सुरेश में शायद ही कोई बात कॉमन हो!
रतनलाल– क्यों नहीं!
पिछले दो साल से आप दोनों ने मुझसे पांच सौ रुपए कर्ज लिये थे। आज तक नहीं लौटाए।

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा– यह सामने वाला होटल कितना साफ है, हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा– मेहरबानी करो यार, कम–से–कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बाते मत किया करो।

सीएम के हाथों मिली नौकरी की सौगात

परिवहन विभाग और परिवहन निगम के 122 अभ्यर्थियों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र

कार्यक्रम

- राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता रैली का फ्लैग ऑफ किया
- 16 महिलाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण के बाद प्रदान किए ड्राइविंग लाइसेंस

ब्यूरो, देहरादून

देहरादून में रविवार को मुख्य सेवक सदन में अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन में परिवहन निगम के अंतर्गत चालक एवं परिचालक पद के लिए 106 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इन अभ्यर्थियों को मृतक आश्रित के रूप में परिवहन विभाग में नियुक्ति दी गई है। परिवहन विभाग के अंतर्गत चयनित 16 सहायक लेखाकारों को भी मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता रैली का फ्लैग ऑफ भी किया। इस अभियान के तहत सभी जनपदों में सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 16 महिलाओं को परिवहन विभाग द्वारा निःशुल्क ड्राइविंग प्रशिक्षण देने के बाद मुख्यमंत्री ने उन्हें ड्राइविंग लाइसेंस भी प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने पर परिवहन निगम और परिवहन विभाग के सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपनी नौकरी की शुरूआत से ही अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, सच्ची लगन और कड़ी मेहनत से निर्वहन करें। परिवहन सेवा को सुचारू रखने के लिए चालक और परिचालक का महत्वपूर्ण दायित्व होता है। उन्होंने कहा कि नौकरी की शुरूआती चरण से ही अपनी नियमित दिनचर्या के साथ कार्य करना शुरू करेंगे तो यही दिनचर्या आदत में शामिल हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि राज्य में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। इनकी सुख-सुविधाओं को और बेहतर बनाने की भी परिवहन विभाग और परिवहन निगम पर बड़ी जिम्मेदारी है। इस दशक को उत्तराखंड का दशक बनाने के लिए हम सबको अपने-अपने क्षेत्रों में अहम योगदान देना है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी, सचिव परिवहन अरविंद सिंह ह्यांकी, प्रबंध निदेशक परिवहन निगम डॉ. आनंद श्रीवास्तव एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

आडवाणी को भारत रत्न दिए जाना राष्ट्रवादी विचारधारा का सम्मान

देहरादून, अमृत विचार: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने को राष्ट्रवादी विचारधारा का सम्मान बताया है। साथ ही, कहा कि वह जन सरोकारों एवं जन आकांक्षाओं को वैचारिक सिद्धांतों में शामिल कर, राजनीति की नई धारा के पुरोधा में एक रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर राजनीति को समाज के सकारात्मक बदलाव का माध्यम बनाया।

भट्ट ने कहा कि भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के साथ आडवाणी ने भारत के सांस्कृतिक एवं धार्मिक पुनर्जागरण के आंदोलन में जन-जन की सहभागिता सुनिश्चित की। राजनीति में मूल्यों एवं सिद्धांतों को प्रति स्थापित करने, आपातकाल में लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष, धर्म व संस्कृति को राजनैतिक मर्यादा से संबद्ध करने के लिए उनके योगदान का प्रतिफल भारत रत्न है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शीर्ष मार्गदर्शक व नेता होने के कारण उनका सम्मान पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ता के लिए अद्भुत गर्व का अवसर है।

वर्ल्ड पीस मिशन का पोस्टर किया जारी

वर्ल्ड पीस मिशन के द्वितीय चरण के शुभारंभ का पोस्टर जारी करते कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी व योगाचार्य डॉ. बिपिन जोशी। ● अमृत विचार

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: वर्ल्ड पीस मिशन के द्वितीय चरण का शुभारंभ रविवार को उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने पोस्टर जारी कर व अभियान संयोजक डॉ. बिपिन जोशी को श्रीराम नामी पटका पहनाकर किया।

काबीना मंत्री गणेश जोशी ने अभियान की सफलता की कामना करते हुए प्राचीन ऋषि मुनि परंपरा, योग अध्यात्म व आयुर्वेद को देवभूमि की विरासत बताया। योगाचार्य डॉ. बिपिन जोशी ने बताया कि वर्ल्ड पीस मिशन द्वितीय चरण में 5 से 7 फरवरी तक सिंगापुर, 8 से 10 फरवरी मलेशिया व 11 से 13 फरवरी तक थाइलैंड में विश्व शांति व सौहार्द के लिए योग, ध्यान व सर्वधर्म समभाव के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जहां पवित्र गंगाजल, उत्तराखंड की टोपी, अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का प्रसाद, मंदिर के मॉडल व चित्र भारतीय समुदाय के लोगो को भेंट किए जाएंगे।

अभियान दल में डॉ. मथुरा दत्त जोशी, भगवती जोशी, योग शिक्षिका गीता जोशी, विमला जोशी आदि शामिल रहेंगे।

हड़ताल की अवधि ई.एल. में समायोजित नहीं कटेगा वेतन

देहरादून, अमृत विचार: पंचायत सेवा परिषद की ओर से ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी के फक्शनल मर्जर के विरोध में 12 दिन 17 से 28 जनवरी 2023 की हड़ताल अवधि को उपार्जित अवकाश (ई.एल)में समायोजित कर दिया गया है। इससे इन कार्मिकों को हड़ताल अवधि में कटे केतन भी लाभ मिल पाएगा। उक्त बात प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने रविवार को जारी अपने एक बयान में कही है।

उन्होंने बताया कि हड़ताल की अवधि को उपार्जित अवकाश में समायोजित करने की पंचायत कर्मियों की मांग पर कैबिनेट ने अपनी मोहर लगा दी है। इससे अब इन कार्मिकों के सेवा संबंधी प्रकरणों का समाधान संभव हो पाएगा और हड़ताल अवधि में कटे वेतन का भुगतान भी किया जाएगा। महाराज ने कहा कि राज्य की पुष्कर सिंह धामी सरकार हमेशा कर्मचारियों के साथ खड़ी है और उनके हितों का हमेशा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत कर्मी भी पंचायतों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अधिक मेहनत व ईमानदारी से कार्य करें।

जंगलों में आग के नुकसान बताए

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : वन विभाग ने वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत भैंसियाछाना के डूंगरलेख गांव में एक गोष्ठी आयोजित की। अधिकारियों ने ग्रामीणों को जंगलों में लगने वाली आग से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी व इससे बचने के लिए विभाग का सहयोग करने की अपील भी की।

सिविल एवं सोयम वन प्रभाग कनारीछीना की ओर से आयोजित कार्यशाला के दौरान वन दरोगा राजेंद्र पांडे ने ग्रामीणों को वनाग्नि के नुकसान व आग से बचाने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में प्रतिवर्ष वनाग्नि की घटनाओं में कई हेक्टेयर जंगल जलकर राख हो रहे हैं, जिससे वन्य संपदा का नुकसान हो रहा है, साथ ही जंगलों का जैविक चक्र भी टूटता जा रहा है। परिणाम स्वरूप जंगली जानवर आबादी वाले इलाकों का रूख, खेती को नुकसान व जनहानि की घटनाएं हो रही हैं।

पांडे ने कहा कि जंगलों के बिना मानव का अस्तित्व संभव नहीं है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जंगलों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी से कार्य करना होगा। इस दौरान कुलदीप, कृपाल सिंह, देवेंद्र चम्याल, महेश राम, जगत राम, अर्जुन राम, राजेंद्र प्रसाद, जगदीश, जगत राम, प्रताप राम, देव राम, कविता देवी आदि मौजूद रहे।

डूंगरलेख गांव में आयोजित गोष्ठी में मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

देहरादून में कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात करते विधायक राम सिंह कैड़ा।

किसानों की समस्याओं का समाधान करने की मांग

देहरादून, अमृत विचार : भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने देहरादून में कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात कर कहा कि भीमताल के ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल ब्लॉक में जंगली जानवरों व बंदरों के आतंक से किसान परेशान हैं, किसान दिन-रात मेहनत कर फसल उगाते हैं, लेकिन दिन में बंदर व रात को जंगली जानवर फसलों को नष्ट कर देते हैं, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। कैड़ा ने कहा भीमताल के धारी,ओखलकांडा व रामगढ़ के मध्य एक उप-मंडी की अति आवश्यकता है, जिससे किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिल सके। विधायक कैड़ा ने कृषि मंत्री से किसानों को जंगली जानवरों से निजात दिलाने के लिए तार -बाड़ की योजना बनाने, रामगढ़, धारी व ओखलकांडा के मध्य एक उपमंडी खोलने, बंदरों से निजात दिलाने के लिए बाड़े बनाने की मांग की।

पुलिस ने तीन बच्चों को छोड़ प्रेमी संग फरार हुई महिला की बरामद

संवाददाता, अल्मोड़ा

कामयाबी

- फेसबुक के माध्यम से बढ़ी प्रेमी से नजदीकियां
- तीन माह बाद पुलिस ने गुरुग्राम से ढूंढ निकाली महिला

अमृत विचार : दन्या क्षेत्र में तीन बच्चों की एक मां पर फेसबुक के माध्यम से अपने एक प्रेमी से नजदीकियां कुछ इस कदर बढ़ गई कि वह अपने तीन बच्चों और पति को छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गई। पत्नी के अचानक लापता होने के बाद जब पति से पुलिस में अपनी पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई तो पुलिस हरकत में आई और करीब तीन माह बाद उसे ढूंढ निकाला।

जिले के दन्या क्षेत्र के एक ग्रामीण ने बीते 29 नवंबर को पुलिस को एक तहरीर दी थी। जिसमें उसने अपनी पत्नी के चार नवंबर से घर से गायब होने की बात कही थी। तहरीर में ग्रामीण ने कहा था कि उसने अपनी पत्नी को अपने सभी परिजनों और जान पहचान के लोगों के घरों में ढूंढा। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया है। तहरीर में ग्रामीण ने कहा कि उसके तीन छोटे बच्चे और वह मजदूरी कर जैसे तैसे उनका पालन पोषण करता है। इस मामले के सामने आने के बाद एसएसपी देवेंद्र पींचा इसे गंभीरता से लिया और थानाध्यक्ष दन्या विजय नेगी को महिला को तलाशने के कड़े निर्देश दिए। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया और सर्विलांस की मदद से महिला की लोकेशन तलाशने की कोशिश की गई।

बीते दिनों पुलिस टीम को महिला की लोकेशन गुरुग्राम में मिली। जिसके बाद पुलिस की टीम गुरुग्राम पहुंची और काफी मशक्कत के बाद महिला को एक व्यक्ति के घर से बरामद कर लिया। पूछताछ में महिला ने बताया कि कुछ समय पूर्व फेसबुक के माध्यम से उसकी गुरुग्राम निवासी व्यक्ति के साथ जान पहुंचान हुई। धीरे धीरे बातें होने लगी तो उसने घर छोड़कर गुरुग्राम जाने का निर्णय लिया। चार नवंबर को वह वह अपने पति और तीन बच्चों को छोड़कर गुरुग्राम आ गई और तब से वह अपने प्रेमी के साथ रह रही थी। पुलिस ने महिला को न्यायालय में पेश किया है। पुलिस टीम में सुशीला राणा, पवन थ्वाल, बलवंत प्रसाद, साईबर सेल के इंद्र कुमार शामिल रहे।

लोकसभा चुनावों की तैयारियों में जुटे भाजपाई

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को धार देने में जुट गई है। पार्टी ने कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने व सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के लिए सांगठनिक गतिविधियों को तेज कर दिया गया है। गांव चलो अभियान के तहत नगर के सिकुड़ा में एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा की गई।

भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेम लटवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। मुख्य वक्ता जिला मंत्री महेश बिष्ट व बीना नयाल ने बूथ प्रवासी, बूथ संयोजकों को गांव चलो अभियान की विस्तृत जानकारी दी। प्रेम लटवाल ने कार्यकर्ताओं से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने, बूथ स्तर पर सोशल मीडिया में ग्रुप तैयार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में पार्टी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अभी से कमर कसनी होगी।

कार्यक्रम में राजेंद्र लटवाल, कमल अधिकारी, रवींद्र खोलिया, भानु अधिकारी, जीवन मलवाल, राजेंद्र बिष्ट, कन्हैया बिष्ट, अशोक लाल, हिमांशु अधिकारी, दिनेश सिजवाली, गोपाल, दीपक अधिकारी, बलवंत, अनूप बिष्ट, खुशाल बोरा, उत्तम सिह,अनूप, विनोद बिष्ट, बलवंत रावत, अनिल बिष्ट, शंकर मेहता, हिमांशु आदि मौजूद रहे।

लापरवाही पर दो सिपाही लाइन हाजिर

संवाददाता, अल्मोड़ा

कार्रवाई

- कप्तान बोले, कानून व्यवस्था और कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होगी बर्दाश्त
- पुलिस कर्मियों को नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति रखते हुए प्रभावी कार्रवाई के दिए थे निर्देश

देवेंद्र पींचा, एसएसपी अल्मोड़ा।

अमृत विचार : जिले के एसएसपी देवेंद्र पींचा ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर एसओजी के दो कांस्टेबलों को को लाईन हाजिर कर दिया है। एसएसपी की इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। इधर एसएसपी ने कहा कि कानून व्यवस्था और पुलिस कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एसएसपी पींचा ने जनपद पुलिस की कमान संभालते ही अधीनस्थ पुलिस कर्मियों को नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति रखते हुए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके बाद से एसएसपी द्वारा सभी कार्यों की लगातार समीक्षा भी की जा रही है। बीते दिनों एसएसपी द्वारा आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम व मादक पदार्थों के तस्करी में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई किए जाने के लिए एसओजी के कार्यों की समीक्षा की।

जिसमें कांस्टेबल भूपेंद्र पाल व मनमोहन सिंह द्वारा ड्यूटी में लापरवाही बरतने व अपेक्षानुसार कार्रवाही नहीं किया जाना पाया गया। जिससे पर एसएसपी ने कड़ा एक्शन लेते हुए दोनों कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से लाईन हाजिर किया गया है।

एसएसपी ने सभी थानाध्यक्षों व संबंधित को निर्देश दिए है कि ड्यूटी में लापरवाही व कार्य के प्रति उदासीनता प्रकाश में आने पर भविष्य में भी ऐसे अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने कहा है कि सभी कर्मचारी जिले में प्रभावी कानून व्यवस्था और पुलिस कार्यों के निस्तारण के लिए गंभीरता और ईमानदारी के साथ कार्य करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बाइक-स्कूटी की भिड़ंत में तीन घायल, एक रेफर

संवाददाता, लोहाघाट

अमृत विचार: नगर के समीप पेट्रोल पंप के पास स्कूटी और बाइक की जोरदार भिडंत हो गई, जिसमें स्कूटी सवार गंभीर रूप से चोटिल हो गया। इस घटना में बाइक सवार दो युवकों को मामूली चोटें आई हैं। घायल स्कूटी सवार को उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।

रविवार को चम्पावत एनएच में पेट्रोल पंप के पास शीतला माता मंदिर की ओर जा रही स्कूटी व पिथौरागढ़ से चम्पावत की ओर जा रही बाइक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें स्कूटी सवार सुंई निवासी दीपक चतुर्वेदी गंभीर रूप से चोटिल हो गया और सड़क पर छटपटाने लगा। इसी दौरान यहां से गुजर रहे दमकल कर्मी सुनील जोशी व बीडीसी सदस्य मदन कलौनी ने घायल को उप जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सक डॉ.. मानसी ने बताया कि घायल का दाया पांव फ्रैक्चर हो गया तथा सिर पर काफी गंभीर चोटे हैं। उसे बेहतर उपचार के लिए चम्पावत जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। बाइक सवार अशोक शर्मा निवासी मंच व कमल सिंह निवासी नीड़ चम्पावत को मामूली चोटे आई हैं।

घटना का पता चलने पर लोहाघाट के पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, मंडल अध्यक्ष सचिन जोशी आदि ने मौके में पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना।

एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित होंगे डा. जोशी

अल्मोड़ा, अमृत विचार: एसएसजे के डा. ललित चंद्र जोशी को गुरु फाउंडेशन की ओर से एक्सीलेंस अवार्ड इन रिसर्च 2024 से सम्मानित किया जाएगा।

डा. ललित की इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट, कुलसचिव डा. भास्कर चौधरी, परीक्षा नियंत्रक डा. मुकेश सामंत, अधिष्ठाता छात्र प्रशासन प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट, प्रो. इला साह, प्रो. जगत सिंह बिष्ट, प्रो. मेधुलता नयाल, डा. देवेंद्र सिंह बिष्ट, डा. प्रीति आर्या, डा. गीता खोलिया, डा. तेजपाल सिंह, डा. बचन लाल, डा. कुसुमलता आर्या, डा. माया गोला, डा. आशा शैली, डा.प्रतिमा, डा. मनोज बिष्ट आदि ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

कार्यशाला मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को मसूरी भाजपा के श्रीदेव सुमन नगर मंडल की ओर से गांव चलो अभियान की कार्यशाला में अपने संबोधन में कहा

मोदी तीसरी बार पीएम बनेंगे तो देश तीसरी अर्थव्यवस्था होगा

संवाददाता, देहरादून

बीजेपी के गांव चलो अभियान कार्यशाला को संबोधित करते ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को मसूरी भाजपा के श्रीदेव सुमन नगर मंडल की ओर से गांव चलो अभियान की कार्यशाला में प्रतिभाग किया।

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आज भी देश की आबादी का 60 प्रतिशत हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में रहता है। आज विश्व के पटल पर देश का नाम आगे बढ़ाने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। आज हम विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि जब वह तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे तो देश तीसरी अर्थव्यवस्था होगी।

उन्होंने कहा आज भारत 70 से अधिक देशों के हथियार व 82 से अधिक देशों को अन्न को निर्यात कर रहा है। उन्होंने कहा 11 करोड़ से अधिक लोग किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित हुए हैं। गणेश जोशी ने कहा कि 10 सालों में स्वच्छता में देश आगे बढ़ा है। समाज के हर वर्ग ने मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ दिया है। पहले विकलांग कहा जाता था, उन्हे दिव्यांग जैसे सम्मान जनक नाम प्रधानमंत्री मोदी ने दिया है।

मंत्री गणेश जोशी ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के सभी कार्यक्रमों को अपनी भूमिका अधिक से अधिक सुनिश्चित करने की अपील की।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व पूर्व मेयर सुनील उनियाल गामा ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता पूर्ण मनोयोग से कार्य करते हैं। उन्होंने कहा पिछले 10 वर्षों में देश ने बहुत तरक्की की है। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के लिए भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने अभियान के अंतर्गत- घर घर पहुंचाएंगे मोदी का संदेश, आगे बढ़ेगा गांव आगे बढ़ेगा देश का नारा भी दोहराया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की अपील की।

इस अवसर पर सुनील उनियाल गामा, सुरेन्द्र राणा, उमा नरेश तिवारी, प्रदीप रावत, आरएस परिहार, भूपेन्द्र कठैत, कमल थापा, मंजू शर्मा, समीर डोभाल, अंकित जोशी, चुन्नी लाल, योगेश घाघट, सतेंद्र राणा, मंजीत रावत आदि उपस्थित रहे।

गुमदेश में नहीं है कोई भी पशुधन प्रसार अधिकारी

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार: चम्पावत के दूरस्थ गुमदेश की 40 ग्राम पंचायतों के बीच कोई पशुधन प्रसार अधिकारी न होने से पशुपालकों को अपने पशुओं के उपचार के लिए 30 से 40 किलोमीटर दूर लोहाघाट आना पड़ता है। इधर, पशुपालन विभाग ने पुल्ला मडलक रौंसाल में पशु सेवा केंद्र तो खोला है लेकिन वहां पशुधन प्रसार अधिकारियों को तैनात नही किया है व केंद्रों में ताले लटके हुए हैं।

क्षेत्र के लोगों की अर्थव्यवस्था का मुख्य साधन पशुपालन है लेकिन यहां पशुपालन विभाग ने पशुओं के प्राथमिक उपचार एवं पशुपालकों की समस्याओं की ओर पीठ की हुई है।

क्षेत्र में दूसरी बार लम्पी वायरस के प्रकोप के बाद दर्जनों पशु बीमार हो गए थे। विभाग के चलाए गए सामूहिक पशु टीकाकरण अभियान से इस प्रकोप का प्रभाव कम हुआ लेकिन बीमार गायों का उचित उपचार न होने से वे शारीरिक रूप से कमजोर हो गई हैं, जिसका असर दुग्ध उत्पादन पर पड़ने से लोगों की आजीविका का साधन प्रभावित हुआ है। जिपं सदस्य प्रीति पाठक, बिलदे के ग्राम प्रधान संजय, डनगांव के सामाजिक कार्यकर्ता मोहन चंद्र, बद्री सिंह, तेज सिंह, बहादुर सिंह आदि का कहना है कि वे मुख्यमंत्री को अपनी समस्या से अवगत कराएंगे।

एक नजर

शिव ने उत्तीर्ण की एनएमएमएसएस परीक्षा

रानीखेत : मिशन इंटर कॉलेज में आठवीं कक्षा के छात्र शिव कुमार ने राष्ट्रीय साधन सहयोगिता परीक्षा एनएमएमएसएस उत्तीर्ण की है। शिव को कक्षा 12 तक सरकार अब प्रतिमाह प्रोत्साहन धनराशि देगी। शिव की माता गृहणी व पिता उत्तराखंड होमगार्ड में हैं। शिव अपने छह भाई बहनों में सबसे छोटा है। उनकी सफलता पर कक्षा अध्यापिका भावना कपिल व प्रधानाचार्य सुनील मसीह ने प्रसन्नता व्यक्त की। विगत वर्ष भी कॉलेज की छात्रा मेघा पवार ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

9 फरवरी को होगी पूर्व सैनिकों की रैली

टनकपुर : स्टेशन कमांडर पिथौरागढ़ कर्नल केएस बिष्ट ने बताया कि 9 फरवरी को सैन्य स्टेशन पिथौरागढ़ में भूतपूर्व सैनिक रैली का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रैली में पिथौरागढ़ के जीआर पीटी ग्राउंड कासनी के पास करिअप्पा द्वार के भीतर उद्यान, जिला उद्योग केंद्र, रोजगार, स्वास्थ्य आदि विभागों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

कैंसर रोग से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी

मेडिकल कालेज अल्मोड़ा में गोष्ठी का हुआ आयोजन, विशेषज्ञों ने दी इसके लक्षण व बचाव की जानकारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान अल्मोड़ा में विश्व कैंसर दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञों ने कैंसर रोग के लक्षण और इससे बचाव के बारे में जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि समय पर उपचार मिलने से कैंसर रोग से लड़ा जा सकता है।

मेडिकल कालेज में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए कैंसर विभाग के प्रभारी डा. राहुल सिंह ने वर्ष 2024 की थीम क्लोज द केअर गेप के बारे में मेडिकल के छात्रों को जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बदल रही जीवन शैली, नशीले पदार्थों के सेवन व अन्य कारणों से कैंसर जैसे रोग पैदा होते हैं। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता ना होने के कारण लक्षण दिखने के बाद भी लोग इसका समय से उपचार नहीं करा पाते। जिस कारण यह बीमारी भयावह रूप धारण कर लेती है और काफी लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि अगर कैंसर के रोगियों को समय से उपचार मिल जाए तो उनकी जान आसानी बचाई जा सकती है। गोष्ठी के दौरान मेडिकल कालेज के छात्र छात्राओं के लिए क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें अव्वल रहे प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी में प्राचार्य प्रो. सीपी भैसोड़ा, डा. मशरुफ, डा. प्रीति, डा. दीप्ती, डा. शालिनी, अंकित, डा. दिनेश व अनामिका मौजूद रहे।

नशा मुक्ति को लेकर सामश्रवा आर्य ने चलाया जागरूकता अभियान। ● अमृत विचार

टनकपुर में कैंसर दिवस पर किया जागरूक

अभियान

- नशा हटाओ जीवन बचाओ के संयोजक आर्य ने नशामुक्ति केंद्र में चलाया जागरूकता अभियान

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : नशा हटाओ जीवन बचाओ के संयोजक व सिप्टी जीआईसी के प्रवक्ता सामश्रवा आर्य ने विश्व कैंसर दिवस पर नशामुक्ति केंद्र में जागरूकता अभियान चलाया। दीपक जोशी के संचालन में चलने वाले इस केंद्र में इस वक्त दस लोगों को नशे की प्रवृत्ति से दूर करने का इलाज चल रहा है।

प्रवक्ता आर्य ने पोस्टर, स्लोगन के जरिए नशे के दुष्चक्र से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि नशाखोरी शारीरिक व मानसिक क्षमता को कमजोर करने के बाद अवसाद पैदा करता है, जो धीमे-धीमे कैंसर में तब्दील हो जाता है। संयमित खानपान, अच्छी नींद, योग, प्रणायाम, ध्यान के जरिए नशे से दूर रहते हुए खुद को स्वस्थ व समाज को बेहतर बनाने में योगदान की अपील की गई।

नशामुक्ति केंद्र के संचालक दीपक जोशी ने बताया कि केंद्र में अब तक कई आवासीय मरीजों को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त कर नशे से दूर कर घर भेजा जा चुका है। इस मौके पर दिनेश चंद्र जोशी, राहुल पांडे, हरीश सेठी आदि लोग मौजूद रहे।

इंटर क्लब पेंचेक सिलाट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: मार्शल आर्ट एंड स्पोर्ट्स प्लैनेट ने फस्ट इंटर क्लब पेंचेक सिलाट टूर्नामेंट का दो नहरिया स्थित मार्शल आर्ट एकेडमी में आयोजित किया, जिसमें क्लब के 120 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

एकेडमी के निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकेश पाल व मदर्स ग्लोरी स्कूल की प्रधानाचार्या ने किया। प्रतियोगिता में 37वें नेशनल गेम्स व बीच गेम्स में मैडल प्राप्त कृति गुसाईं, उन्नति डंगवाल, दीपक सिंह को स्टार प्लेयर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक दीपक सिंह, रीता भंडारी, कृति गुसाईं, दिवाकर आर्या, प्रत्यक्ष मेहरा व दीपक रावल रहे।

प्रतियोगिता में शिवांश पाठक, चिन्मय, धन्नजय, आदित, भारत, यूनय, प्रियांशु, मयंक बिष्ट, कुनाल भारद्वाज, कमल, नैतिक, भाविका,

प्रतियोगिता

- टूर्नामेंट में क्लब के 120 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग
- प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकेश पाल व प्रधानाचार्या ने किया

समरिद्धी, अद्विता, जतिन आर्या, तनिष्का, दिया, भूमिका, पंखुड़ी, मयंक आदि ने प्रथम स्थान, जबकि तन्मय, कृतार्थ, रिषभ, मानस, अक्षत, देवाशीष, कार्तिक आर्या, कार्तिक, दीक्षांत, मयंक खाती, अदित्येश, अपूर्वा, पलाक्षी, आकृति, वंश, आस्था, महिमा, अनुष्का, अलीशा, नभ्या आदि ने द्वितीय व गौरिक, राजवीर, दर्श, यशोवर्धन, रोहित, सिद्धार्थ, गौरव रौतेला, आदित्य राज, मोहित, मनस्विता, आद्धया, प्रेरणा, दक्ष, तरुण, अदिती, ख्याति, नविका, पलक, अतुल्य आदि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान हितेश बिष्ट, पंकज गुसाईं, आरती गुसाईं, डॉ. निधि पंत, डॉ. वंदना आदि उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश

उत्तराखंड के व्यापारी ने फल सब्जी का नहीं किया भुगतान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

रिपोर्ट दर्ज

- तगादा करने पर फोन पर दी जान से मारने की धमकी
- एसपी के आदेश पर सुनगढ़ी पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : उत्तराखंड के एक व्यापारी ने शहर के आढ़ती को विश्वास में लेकर दो साल से सब्जी और फल की सप्लाई ली। अब 26.62 लाख रुपये बकाया होने पर दबंगई दिखाते हुए धमकी दे डाली। सब्जी-फल की सप्लाई के रुपये देने से इनकार कर दिया।

सुनगढ़ी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में मोहल्ला शेर मोहम्मद निवासी मोहम्मद मुश्ताक ने बताया कि वह दिव्यांग हैं। उनकी नवीन मंडी समिति में फल व सब्जी की दुकान है। कई साल से कारोबार करते आ रहे हैं। प्रदेश से बाहर भी फल व सब्जी की सप्लाई करते हैं। दो साल से उत्तराखंड के पिथौरागढ़ निवासी रविंद्र चंद्र को फल व सब्जी की सप्लाई देते आ रहे हैं। आरोपी ने विश्वास दिलाया था कि रुपये वह दुकान पर आकर देता रहेगा। उधार और नगद दोनों प्रकार से सब्जी-फल लिया करता था। सात दिसंबर 2023 तक आरोपी पर 26 लाख 62 हजार 823 रुपये का बकाया हो गया। आरोपी ने अब रकम देने से भी इनकार कर दिया है। एक बार पीड़ित द्वारा भेजी गई गाड़ी भी जबरन खड़ी कर ली थी। हिसाब किताब पूरा अभिलेखों में दर्ज है और बिल भी मुहैया हैं। अब आरोपी लगातार धमकी दे रहा है। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी संजीव शुक्ला ने बताया कि अमानत में खयानत और धमकाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कैंसर रोगियों के इलाज में अंतर नहीं होना चाहिए : डॉ.शालीन

लखनऊ, अमृत विचार: कैंसर रोगी का सामाजिक स्तर चाहे जो भी हो, उन सभी को अच्छी देखभाल का अधिकार है। कैंसर रोगियों की जरूरतों को डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता बखूबी समझते हैं। यह बात रविवार को संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में 'विश्व कैंसर दिवस' के अवसर पर आयोजित कैंसर जागरूकता वॉकथॉन को संबोधित करते हुए डीन डॉ.शालीन कुमार ने कही।

परिसर में हॉबी सेंटर से शुरू होने वाली वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाते हुए निदेशक प्रो. आर के धीमन ने कहा कि कैंसर रोगियों की देखभाल में अंतर आज एक वैश्विक मुद्दा है और इसे तत्काल संशोधित करने की आवश्यकता है। कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. आदित्य कपूर ने कहा कि हमें इस महत्वपूर्ण उद्देश्य के लिए काम करते रहने की जरूरत है।

तेज रफ्तार कंटेनर ने स्कूटी सवार युवक को रौंदा, मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : तेज रफ्तार कंटेनर ने शनिवार रात में दिल्ली मार्ग पर फव्वारा चौराहे पर युवक को रौंद दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर, घटना की जानकारी पाते ही घर में कोहराम मच गया था। घटना के बाद कंटेनर चालक वाहन छोड़कर भाग गया था।

घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शनिवार रात करीब 12 बजे की है। प्रशांत कुमार बुध बाजार से शॉपिंग कर स्कूटी से घर लौट रहा था। फव्वारा चौराहा पार करते समय पीछे से आए कंटेनर ने उसे साइड मार दी। इससे उसकी स्कूटी गिर गई और कंटेनर का पहिया उसके शरीर से होकर गुजर गया। जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। करीब 22 साल से उसके पिता बब्बू सिंह की मौत हो गई थी। वह रेलवे में नौकरी करते थे। इनकी मौत के बाद पत्नी बबली सिंह को उनकी जगह नौकरी मिल गई थी। पति की मौत के बाद बेटा प्रशांत ही बबली का सहारा बचा था। 23 वर्षीय बेटी भी अभी अविवाहित है। प्रशांत 12वीं पास था। वह मझोला थाना क्षेत्र के बैंक कालोनी खुशहालपुर का रहने वाला था।

मृतक के चाचा मनोहर सिंह ने बताया कि उनका भतीजा सैलून में काम करता था, लेकिन कुछ समय पहले वहां से काम छोड़ दिया था। परिवार में मां बबली सिंह रेलवे में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है। बड़ी बेटी है, जो नर्सिंग का कोर्स कर रही है। सूचना पर पहुंचे सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल भिजवाया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

रुपये न लौटाने पर की थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

शिकंजा

- घटना के तीसरे दिन पुलिस ने बरामद किया था शव
- अभियुक्त बोला, शराब के नहीं दे रहा था बकाया रुपये

अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में रेलवे के पुराने खंडहर वाले आवासीय परिसर में युवक की हत्या गुरुवार रात में हुई थी। शनिवार को गोविंद का शव बरामद कर पुलिस ने आरोपी साजिद उर्फ लंबू को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने इसके निशानदेही पर अभियुक्त से आलाकत्ल भी बरामद कर लिया।

गोविंद पुत्र हरिशंकर बिलारी थाना क्षेत्र के टांडा अमरपुर का रहने वाला था। इसकी पत्नी गुलिस्ता की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने हत्या के आरोप में आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। गिरफ्तार अभियुक्त साजिद उर्फ लंबू पुत्र मुस्तकीम थाना कटघर क्षेत्र में डबल फाटक हड्डी मिल के पास का रहने वाला है। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने पुलिस लाइन सभागार में घटना का पर्दाफाश करते हुए कहा कि अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल ईंट को बरामद कर लिया है। मौके पर अभियुक्त का मफलर भी मिला है। एसपी सिटी ने बताया कि अभियुक्त साजिद उर्फ लंबू ने पूछताछ में पुलिस को बताया है कि वह काफी दिनों से रेलवे स्टेशन और उसके आसपास गुटखा-बीडी, सिगरेट के साथ चोरी-छिपे नशे का सामान बेचता था। वह खुद भी शराब व सुलोचन आदि का नशा करने का आदी हो गया था। गोविंद काफी दिनों से यहीं रेलवे स्टेशन पर पानी की बोतल बेचता था, और उससे नशा करने के लिए सुलोचन व गुटखा लेता था। इस तरह दोनों की आपस में अच्छी जान पहचान थी। अभियुक्त साजिद ने पुलिस को बताया है कि गोविंद पर उसके नशे के सामान के काफी रुपये उधार हो गए थे। वह बहुत दिनों से गोविंद से अपने उधारी के पैसे मांग रहा था लेकिन, गोविंद टालता रहा। अभियुक्त ने बताया कि उसके यहां से रुपये उधार होने से वह दूसरी जगह से नशे का सामान लेने लगा था। साजिद उर्फ लंबू ने पुलिस को बताया है कि उसने गोविंद को सबक सिखाने की ठान ली थी। एसपी सिटी ने बताया कि अभियुक्त ने पुलिस को बताया है कि एक फरवरी की रात 9-10 बजे के आसपास वह रेलवे के खंडहर में था। उसी दौरान गोविंद भी घूमता हुआ उधर आया और अभियुक्त ने गोविंद से अपने उधारी के रुपये मांगे तो उसने पैसे देने से साफ मना कर दिया। रात का समय था। अभियुक्त ने गोविंद को अकेला पाकर वहीं खंडहर में पड़ी ईंट उठाकर उसके सिर, चेहरे व शरीर पर कई वार किए थे।

ज्ञानवापी में पूजा पर बिफरे मौलाना तौकीर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पत्रकार वार्ता

- शुक्रवार को बाजार बंद रख इस्लामिया पहुंचने का आह्वान
- आईएमसी प्रमुख बोले, देश की अदालतों से उठा भरोसा
- मुसलमान अगर बोले तो देश में होंगे गृहयुद्ध जैसे हालात

अमृत विचार: आईएमसी (इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने ज्ञानवापी मस्जिद में पूजा की अनुमति मिलने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मुसलमानों से इस शुक्रवार को इस्लामिया मैदान पहुंचकर गिरफ्तारी देने और अपने कारोबार और बाजार बंद रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश के मौजूदा हालात पर मुसलमान बोलने लगे तो गृह युद्ध जैसे हालात हो जायेंगे। देश की अखंडता और अमन की खातिर मुसलमान खामोश हैं। उसका भरोसा देश की सरकारी जांच एजेंसियों और अदालतों तक से उठ गया है।

मौलाना तौकीर रजा खां ने रविवार को अपने आवास पर पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि हमारी मस्जिदों, मदरसों और दरगाहों पर बुल्डोजर चलाया जा रहा है। तीन हजार मस्जिदों की लिस्ट तैयार है जिन्हें मुसलमानों से छीनने की साजिश की जा रही है। कोर्ट ने ज्ञानवापी को लेकर जो निर्णय दिया है उससे साफ है कि अदालतों से अन्याय हो रहा है। बाबरी मस्जिद में मंदिर के कोई सबूत नहीं मिले लेकिन आस्था के आधार पर मंदिर हिंदुओं को दे दिया गया। ज्ञानवापी में सबूत मिल भी रहे हैं तो आस्था के आधार पर मस्जिद हमें दे दी जाये। सबूत इसलिये मिल रहे हैं क्योंकि मुसलमान बने हिंदुओं ने ही अपनी इबादतगाह को स्वेच्छा से मस्जिद में तब्दील किया था। चुनावी फायदा हासिल करने के लिये यह मुद्दे गढ़े जा रहे हैं। भाजपा 2024 का चुनाव राम मंदिर, 2027 का चुनाव ज्ञानवापी और 2029 में मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि पर लड़ेगी। मौलाना तौकीर रजा ने कहा कि मदरसों में पहले राष्ट्रगान कराया, इसके बाद योग। कुछ दिनों बाद रामायण पढ़ाने का दबाव बनाया जाएगा। इस दौरान डा. नफीस खान, मुनीर इदरीसी, नदीम खान, सलीम खान, अफजाल बेग, तकदीरुल हसन, मोइन सिद्दीकी, अनीस मेंबर आदि मौजूद रहे।

हेमंत सोरेन के बाद केजरीवाल की बारी

मौलाना ने लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न पुरस्कार के लिये नामित करने पर भी ऐतराज जताया। वहीं कहा कि हेमंत सोरेन एक प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं।उन्हें जेल जाना पड़े इससे बड़ी और क्या ज्यादती होगी। अब अरविंद केजरीवाल जेल जायेंगे। इसी ज्यादती के खिलाफ शुक्रवार दोपहर को इस्लामिया मैदान में एकत्र होंगे जहां से गिरफ्तारी देने कलेक्ट्रेट जायेंगे। मौलाना ने सभी मुसलमानों से अपने जिलों में जेल भरो आंदोलन शुरू करने का आह्वान किया।

आजम खां के मोहल्ले से चला अभियान

रामपुर, अमृत विचार: मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर यूनिवर्सिटी को सरकार के संरक्षण में लेने के लिए रविवार से हस्ताक्षर अभियान पूर्व मंत्री आजम खां के मोहल्ले से शुरू हुआ।

शहर में पूर्व मंत्री आजम खां के घर के वार्ड नंबर 17 टंकी नंबर पांच घेर मीरबाज खान में सभासद गुड्डू तनवीर और आसिफ खान के नेतृत्व में दोपहर एक बजे से हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई जो सप्ताह भर जारी रहेगी। युवा भाजपा नेता फसाहत अली शानू ने बताया कि जौहर यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के भविष्य को लेकर 26 नवंबर से ग्राम सिंगनखेड़ा से इस अभियान की शुरुआत की गई थी।

युवक को इंग्लैड भेजने के नाम पर आठ लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार: युवक को इंग्लैड भेजने के नाम पर कुछ लोगों ने आठ लाख रुपये हड़प लिए। रुपये वापस मांगने पर उसको जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो महिलाओं सहित तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिलासपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पईपुरा निवासी नितिन कुमार का कहना है कि वह गांव में ही मोबाइल रिपेयर की दुकान चलाता है। नवंबर 2022 में बलराज कौर पुत्री गुलजार सिंह निवासी चुबकिया थाना शीशगढ़ जिला बरेली हाल निवासी ग्राम सरजा थाना तरसिक्का तहसील बाबा बकाल जिला अमृतसर पंजाब मेरी दुकान पर फोन ठीक कराने आई। इस दौरान वह बोली कि तुम अच्छे मिस्त्री हो, अगर यही काम इंग्लैड में करो,तो पांच लाख रुपये महीना कमाओगे। महिला ने कहा कि उसका भाई जोधवीर सिंह इंग्लैड में रहता है। उसके बाद पीड़ित उनकी बातों मे आ गया। उसके बाद 28 लाख रुपये में जाना तय हो गया। उसके बाद पीड़ित ने अपने पास से आठ लाख रुपये दे दिए। उसके बाद पासपोर्ट बनवाना तय हो गया,लेकिन उसके बाद काफी समय तक जब पासपोर्ट नहीं आया,तो उसने पुलिस से शिकायत की,लेकिन शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

चुनाव में सुरक्षा को लेकर तैयार हो रही उप्र पुलिस

लखनऊ, अमृत विचार: लोकसभा चुनाव 2024 के लिए हालांकि अगले माह अधिसूचना जारी होना संभावित है, लेकिन उप्र पुलिस अपनी तैयारियों की दिशा में कदम बढ़ा दी है। नए डीजीपी प्रशांत कुमार की पहली पत्रकार वार्ता में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव कराने के एलान को मुकाम देने के लिए खांका खींचा जाने लगा है।

चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करा न केवल पुलिस के लिए बड़ी जिम्मेदारी है, बल्कि इस चुनाव में प्रशांत कुमार के नेतृत्व क्षमता की भी परीक्षा होगी। ऐसे में पुलिस महकमा सुरक्षा-व्यवस्था से जुड़े एक-एक बिन्दुओं पर पैनी नजर रख रहा है। पिछले चुनावों में आयी दिक्कतोंका भी गहराई से अध्ययन कर रहा है।

पीडीए ही नहीं, अगड़े भी हैं भाजपा के विरोध में

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि देश में 90 प्रतिशत जनता को पीडीए (मुस्लिम सिख बौद्ध ईसाई जैन व अन्य आदिवासी) में विश्वास है। इनमें 49 प्रतिशत पिछड़े, 16 प्रतिशत दलित और 21 प्रतिशत अल्पसंख्यक शामिल हैं। इतना ही नहीं, चार प्रतिशत अगड़ों का विश्वास भी पीडीए में है। ये अधिकांश लोग इस बार पीडीए के लिए एकजुट होकर वोट करेंगे।

सपा प्रमुख ने रविवार को कहा कि यही वजह है कि भाजपा न कोई गणित बैठा पा रही है, न कोई समीकरण, भाजपा के पिछले सारे फ़ार्मूले, इस बार फ़ेल हो गये हैं। भाजपा को चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं। भाजपा का टिकट लेकर कोई लड़ना नहीं चाहता है। भाजपा समर्थक महिलाएँ, महिला पहलवानों की दुर्दशा, मणिपुर की वीभत्स घटना, माँ-बेटी को जलाने के कांड आदि घटनाओं से शर्मिंदा हैं वे इस बार भाजपा का साथ नहीं देंगी। अनैतिक व भ्रष्ट व्यवहार की घटनाओं से बुद्धिजीवी संवर्ग क्षुब्ध हैं। भाजपा अपनों से ही हारेगी।

इस चौतरफ़ा विरोध के माहौल में भाजपा उप्र में हार मानकर बैठ चुकी है। भाजपा के नेता जन आक्रोश देखकर भागे-भागे फिर रहे हैं और बाक़ी बचे स्वार्थी भाजपाई समर्थक अपनी पुरानी परम्परा को निभाते हुए भूमिगत हो गये हैं।

संभल के सांसद डॉक्टर बर्क की तबीयत में सुधार

मुरादाबाद, अमृत विचार: संभल से समाजवादी पार्टी के 94 वर्षीय सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क की तबीयत खराब होने पर उन्हें कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी के बाद महानगर और आसपास से उनके शुभचिंतकों और राजनीतिक लोगों का अस्पताल में जमावड़ा लग रहा है। रविवार को उनके स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार होने की बात जिले के कुंदरकी विधानसभा से सपा के विधायक और उनके पौत्र जिया उर रहमान ने दी।

डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क संभल से पांच बार के सांसद और चार बार के विधायक रह चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी उनकी तारीफ कर चुके हैं।

पुलिस से मुठभेड़ में एक पशु तस्कर घायल, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार: शहजादनगर पुलिस से मुठभेड़ में गोली लगने से एक पशु तस्कर घायल हो गया जबकि दूसरे का पुलिस ने पीछा करके उसको पकड़ लिया। घायल पशु तस्कर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों गो तस्करों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक ने अस्पताल पहुंचकर पशु तस्कर से पूछताछ की।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के नेतृव में अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसी के चलते शनिवार रात को शहजादनगर पुलिस गश्त कर रही थी। तभी पुलिस को सूचना मिली कि दो पशु तस्कर कार से आ रहे हैं। चेकिंग के दौरान एक कार दबका चौराहे की तरफ से आती दिखाई दी, जो पुलिस की गाड़ी को देख कर रुकी और वापस मुड़कर दबका व अंडरपास चमरपुरा को जाने वाले रोड की तरफ मुड़ गई। कार को वापस लौटता देखकर पुलिस को शक हुआ पुलिस ने कार का पीछा किया तो चालक ने कार तेजी से चमरपुरा तिराहे की ओर मोड़ते ही कार का एक पहिया फंस गया। जिसके बाद दो व्यक्ति कार से उतरे। पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए एक चमरपुरा अंडरपास तथा दूसरा दबका रोड की तरफ भागने लगा। जवाबी फायरिंग में में गोकश यारूफ को पैर में गोली मारकर घायल कर दिया।

कर्ज लेने के बाद चुका नहीं रही है प्रदेश सरकार : रालोद

लखनऊ, अमृत विचार: राष्ट्रीय लोक दल(रालोद) के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्र ने कहा कि भाजपा ने साल 2017 में जब से सत्ता सँभाली है तब से प्रदेश वित्तीय घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है जिसकी भरपाई प्रदेश सरकार बाहरी स्रोतों से उधार लेकर करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने साल 2017 से लेकर 2022 तक 1,72703 करोड़ रुपये का नया कर्ज़ ले लिया है और चुकाया सिर्फ़ 42,120 करोड़ है ।

व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के समग्र विकास के लिए ग्रामीण क्षेत्र के बजट को अलग किया जाए। जब तक ग्रामीण क्षेत्र का विकास नहीं होगा तब तक गरीबी का उन्मूलन किसी प्रकार से संभव नहीं है।

उप्र का रोड नेटवर्क 2024 तक अमेरिका के बराबर होगा

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि यूपी में आज गुणवत्तायुक्त सड़कों का जाल बिछा हुआ है। तस्वीर वाकई बदल गई है। मैं, आप सबको यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि 2024 जब समाप्त होगा तो उत्तर प्रदेश का नेशनल हाईवे का रोड नेटवर्क अमेरिका के बराबर होगा।

लखीमपुर खीरी में तीन फ्लाईओवर चालू होना केंद्रीय गृह राज्यमंत्री एवं सांसद अजय मिश्र टेनी के प्रयासों की तस्वीर है। नितिन गडकरी रविवार को लखीमपुर खीरी में हुए लोकार्पण कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वर्चुअल पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर तीन फ्लाईओवर का लोकार्पण किया। तीनों फ्लाईओवर पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर तीन प्रमुख चौराहों पर बनाए गए हैं। पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद भी वर्चुअल ही कार्यक्रम से जुड़े। 297 करोड़ की लागत से बने तीनों फ्लाईओवर की लंबाई लम्बाई 3.80 किमी है।

इसके बाद केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' ने विधायक योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार की मौजूदगी में बटन दबाकर विधिवत लोकार्पण तीनों फ्लाईओवर जनपदवासियों को समर्पित किये।

आजादी के बाद सत्ता में रहे लोगों को अपनी ही संस्कृति पर शर्म आती थी : प्रधानमंत्री

असम में नरेंद्र मोदी ने 11,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

गुवाहाटी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दावा किया कि आजादी के बाद सत्ता में रहे लोग पूजा स्थलों के महत्व को नहीं समझ सके और उन्होंने राजनीतिक वजहों से अपनी ही संस्कृति पर शर्मिंदा होने की प्रवृत्ति स्थापित की। गुवाहाटी में 11,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कोई भी देश अपना इतिहास मिटाकर प्रगति नहीं कर सकता।

केंद्र सरकार द्वारा 498 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे कामाख्या मंदिर गलियारा परियोजना पर उन्होंने कहा कि इसके तैयार हो जाने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस 'शक्ति पीठ' में आएंगे और इससे देश के पूरे पूर्वोत्तर के देशी-विदेशी पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ गुवाहाटी में रोडशो के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए। ● एजेंसी

मोदी ने कहा-यह पूर्वोत्तर का प्रवेश द्वार बन जाएगा। हजारों वर्षों की चुनौतियों के बावजूद ये हमारी संस्कृति और हमने खुद को कैसे संरक्षित रखा है, इस बात के प्रतीक हैं। हमारी मजबूत संस्कृति का हिस्सा रहे इनमें से कई प्रतीक आजकल खंडहर बन गए हैं। उन्होंने कहा कि 'कामाख्या दिव्यलोक परियोजना' इस शक्ति पीठ की तीर्थयात्रा के अनुभव को बिल्कुल पलट देगी। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि आजादी के बाद लंबे समय तक सरकार चलाने वाले लोग ऐसे धर्म स्थलों का महत्व नहीं समझ सके और उनकी उपेक्षा की।

मोदी की गारंटी बेरोजगारी की गारंटी है : प्रियंका गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने रिक्त सरकारी पदों को लेकर रविवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी ''बेरोजगारी की गारंटी'' है। कांग्रेस महासचिव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि देश में करीब 30 लाख सरकारी पद खाली हैं। उन्होंने आरोप लगाया-हमारे करोड़ों युवा नौकरियों का इंतजार कर रहे हैं लेकिन पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने इन पदों को भरने के लिए दिखावे के सिवा कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि 8 साल में 22 करोड़ युवाओं ने नौकरी के लिए आवेदन किया लेकिन नौकरी मिली मात्र सात लाख युवाओं को।

आडवाणी में पीएम बनने की क्षमता थी, लेकिन दरकिनार कर दिया गया

मुंबई, एजेंसी

▸▸ शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने भाजपा पर साधा निशाना

पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजे जाने की घोषणा किए जाने के बाद शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता एवं सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता में प्रधानमंत्री (पीएम) बनने की काबिलियत थी लेकिन अब उन्हें दरकिनार कर दिया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को घोषणा की थी कि आडवाणी को 'भारत रत्न' से नवाजा जाएगा और उन्होंने इसे अपने लिए ''एक अत्यंत भावुक क्षण'' बताया था। आडवाणी (96) यह सम्मान पाने वाले 50वें व्यक्ति हैं। राउत ने कहा कि भाजपा आज जो कुछ भी है, वह आडवाणी की 'रथ यात्रा'

की वजह से है। उन्होंने कहा, उन्हें (आडवाणी को) देश का राष्ट्रपति नियुक्त किया जा सकता था लेकिन भाजपा ने ऐसा नहीं किया। उनमें प्रधानमंत्री बनने की क्षमता थी लेकिन उन्हें दरकिनार कर दिया गया। आडवाणी को उसी वर्ष भारत रत्न दिया जाएगा, जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। आडवाणी ने राम मंदिर के मुद्दे को उठाने के लिए 1990 में 'राम रथ यात्रा' की थी।

भाजपा विधायक गायकवाड के खिलाफ मामला दर्ज

ठाणे। महाराष्ट्र से भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड पर एक ग्रामीण की शिकायत पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार रोकथाम) अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। यह जानकारी पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को दी। गणपत गायकवाड पर शिवसेना के एक नेता को ठाणे जिले के उल्हासनगर में एक पुलिस थाने के भीतर गोली मारकर घायल करने का आरोप है। गायकवाड ने शुक्रवार देर रात हिल लाइन पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कमरे के अंदर कल्याण के शिवसेना नेता महेश गायकवाड को छह गोलियां मारी थीं और उनके सहयोगी राहुल पाटिल को भी घायल कर दिया था। इस मामले में कल्याण पूर्व के तीन बार के विधायक गणपत गायकवाड पर हत्या के प्रयास और अन्य अपराधों का भी आरोप लगाया गया है।

एक नजर

महाराष्ट्र में दोहरी सुरंग परियोजना को मंजूरी

मुंबई। राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने ठाणे-बोरीवली के बीच दोहरी सुरंग परियोजना को मंजूरी दे दी है। मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। एमएमआरडीए द्वारा जारी एक बयान के अनुसार ठाणे शहर और बोरीवली के बीच प्रस्तावित दोहरी सुरंग, संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान (एसजीएनपी) से होते हुये गुजरेगी और यह पूर्वी तथा पश्चिमी एक्सप्रेस राजमार्गों आपस में जोड़ेगी। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में एमएमआरडीए आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी ने जानकारी दी।

हादसे में तीन युवकों की मौत, एक घायल

जयपुर। राजस्थान के सीकर जिले के लोसल थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक कार सड़क पर लगे खंभे से टकरा गई जिससे कार में सवार तीन युवकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि डीडवाना रोड पर सांगलिया से मोलासर की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर गणगौर होटल के पास सड़क पर लगे खंभे से टकरा गई, जिससे कार में सवार शीशराम ओला (20), धर्मेन्द्र जाट (19), लोकेश जाट (20) की मौत हो गई जबकि एक अन्य सुनील जाट (15) घायल हो गया।

अयोध्या के राम मंदिर पर बयान को लेकर आईयूएमएल के अध्यक्ष विवादों के घेरे में

मलप्पुरम, एजेंसी

▸▸ सत्तारूढ़ दल आईएनएल ने बयान को लेकर की आलोचना

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की केरल इकाई के अध्यक्ष पी. सैय्यद सादिक अली शिहाब थंगल राम मंदिर के बारे में अपने बयान को लेकर रविवार को विवादों में घिर गए।

थंगल ने हाल में कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध करने की कोई जरूरत नहीं है और नया मंदिर तथा प्रस्तावित मस्जिद, दोनों ही देश में धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करेंगे। आईयूएमएल केरल में विपक्षी दल कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) का एक प्रमुख सहयोगी और मुस्लिम समुदाय के बीच अच्छा-खासा प्रभाव रखने वाला राजनीतिक दल है। थंगल ने यह बयान 24 जनवरी को यहां पास में मंजेरी में एक कार्यक्रम के दौरान दिया था, जिसका एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के गठबंधन सहयोगी इंडियन नेशनल लीग (आईएनएल) ने आईयूएमएल नेता पर निशाना साधा है, वहीं कांग्रेस और आईयूएमएल ने थंगल का बचाव करते हुए कहा कि वह नफरत और समाज को बांटने के प्रयासों से संबंधित अभियान को रोकने की कोशिश कर रहे थे। मंजेरी में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, थंगल ने कहा था कि राम मंदिर एक वास्तविकता है और देश की बहुसंख्यक आबादी उसमें श्रद्धा रखती है।

थंगल ने वीडियो में कहा-हमें इसका विरोध करने की कोई जरूरत नहीं है। मंदिर, अदालत के आदेश के आधार पर बना और बाबरी मस्जिद का निर्माण होने वाला है। ये दोनों अब भारत का हिस्सा हैं। राम मंदिर और प्रस्तावित बाबरी मस्जिद हमारे देश की धर्मनिरपेक्षता को मजबूत बनाने के दो सबसे अच्छे उदाहरण हैं। उन्होंने कहा-हम जानते हैं कि इसे (बाबरी मस्जिद को) कारसेवकों ने नष्ट कर दिया था और हमने उस समय इसका विरोध किया था। उन्होंने कहा कि भारतीय मुसलमानों ने इस मामले में परिपक्वता दिखाई। आईएनएल के केरल राज्य सचिवालय के सदस्य एन. के. अब्दुल अजीज ने कहा कि राजनीतिक नेता इस तथ्य से अनभिज्ञ नहीं हैं कि गांधी का 'राम राज्य' आरएसएस के 'राम राज्य' से अलग है।

पुलिस ने मुंबई में इस्लामी उपदेशक को हिरासत में लिया

मुंबई, एजेंसी

भड़काऊ भाषण मामला

भड़काऊ भाषण के एक मामले की जांच कर रही गुजरात पुलिस ने रविवार को इस सिलसिले में मुंबई से इस्लामी उपदेशक मुफ्ती सलमान अजहरी को हिरासत में ले लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि मुफ्ती सलमान फिलहाल घाटकोपर पुलिस थाने में है। अधिकारी ने कहा कि मुफ्ती के सैकड़ों समर्थक उनकी तत्काल रिहायी की मांग करते हुए पुलिस थाने के बाहर जमा हो गए, इससे इलाके में यातायात जाम हो गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने थाने के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुजरात के जूनागढ़ की पुलिस ने उपदेशक द्वारा कथित तौर पर दिया गया एक भड़काऊ भाषण सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद इस सिलसिले में दो लोगों को शनिवार को गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि यह भाषण 31 जनवरी की रात को दिया गया था।

झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में 5 को चंपई सरकार का विश्वास मत प्रस्ताव

रांची। झारखंड विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र सोमवार 5 फरवरी से प्रारंभ हो रहा है। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ ही विधानसभा सत्र की शुरुआत होगी। इसके साथ ही विशेष सत्र में सीएम चंपई सोरेन की ओर से विश्वास मत प्रस्ताव पेश किया जाएगा। विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर जारी औपबंधित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का पूर्वाह्न 11 बजे अभिभाषण होगा। जिसके बाद सरकार की ओर से विश्वास मत पेश किया जाएगा। इस पर चर्चा के बाद वाद-विवाद और मतदान होगा। वहीं 6 फरवरी को राज्यपाल के अभिषभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव चर्चा होगी।

फगवाड़ा में अनैतिक व्यापार रैकेट का भंडाफोड़, 26 गिरफ्तार

फगवाड़ा। पंजाब के फगवाड़ा निगम शहर और इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में नशे की समस्या सहित अवैध गतिविधियों की समस्या पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कपूरथला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) वत्सला गुप्ता के नेतृत्व में एक अभियान चलाया गया जो शनिवार तड़के तक जारी रहा। श्री वात्सल्य गुप्ता ने रविवार को बताया कि 13 लड़कों और 13 लड़कियों (जिनमें नौ विदेशी नागरिक और चार भारतीय नागरिक शामिल हैं) को दो अलग-अलग मामलों में धारा 3,4,5,7,8 अनैतिक व्यापार अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने नौ पासपोर्ट, 29 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 45,000 रुपये बरामद किए गए।

कांग्रेस आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन के लिए खड़ी है

धनबाद/बोकारो, एजेंसी

▸▸ राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों को किया संबोधित

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी आदिवासियों के 'जल-जंगल-जमीन' और युवाओं के रोजगार के लिए खड़ी है। राहुल अपनी 'भारत जोड़ो-न्याय यात्रा' के दौरान झारखंड के धनबाद जिले में एक रोडशो को संबोधित कर रहे थे। धनबाद के टुंडी प्रखंड में शनिवार को रात्रि विश्राम के बाद यात्रा रविवार को झारखंड में तीसरे दिन धनबाद शहर के गोविंदपुर से फिर से शुरू हुई।

राहुल ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को निजी इकाइयों को बेचे जाने से बचाना और देश के नौकरीपेशा युवाओं और आदिवासियों के लिए न्याय

सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा-कांग्रेस पार्टी आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन के लिए खड़ी है और युवाओं की शिक्षा और रोजगार के लिए काम करती है। आर्थिक असंतुलन, नोटबंदी, जीएसटी और बेरोजगारी ने देश के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। कांग्रेस की झारखंड इकाई के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि गोविंदपुर से शुरू हुई यात्रा सरायढेला, आईआईटी-आईएसएम गेट, रणधीर वर्मा चौक, रेलवे स्टेशन के समीप श्रमिक चौक से गुजरी और बैंक मोड़ पहुंची जहां राहुल ने एक रैली को संबोधित किया। इसके बाद यात्रा बोकारो जिले की ओर बढ़ी। बोकारो जाने के रास्ते में राहुल ने धनबाद जिले के गोधर काली बस्ती में कोयला खनिकों से बातचीत की।

राज्य शासन में केंद्र का हस्तक्षेप संघवाद के सिद्धांत को कमजोर करता है: खरगे

त्रिशूर (केरल)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य शासन में उसका हस्तक्षेप और राज्यों की राजनीतिक स्वायत्तता को कमजोर करने का प्रयास संघवाद के सिद्धांतों को कमजोर करता है। खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार न केवल राज्य सरकारों को परेशान कर रही है, बल्कि देश की गरीब जनता और महिलाओं को कुचल भी रही है। खरगे केरल के त्रिशूर जिले में केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) द्वारा आयोजित एक जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि सत्तारूढ़ दल के नेताओं में पंडित जवाहरलाल नेहरू जैसी राजनीतिक कौशल की कमी है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा-राज्य शासन और स्वायत्त निकायों में केंद्र का हस्तक्षेप संघवाद के सिद्धांतों को कमजोर करता है, जिसमें राज्यपालों का हस्तक्षेप और राज्यों की राजनीतिक स्वायत्तता को कम करने का प्रयास शामिल है।

कारोबार/कृषि

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 84-86 मसूरी 68 1121 बासमती 99, **दाल दलहन**-काला चना 97-116 साबुत चना दाल 62-64 मूंग साबुत 94 राजमा 200 दाल उड़द 98-115 साबुत मसूर दाल 72 मसूर दाल 70-73 उड़द साबुत 96-116 काबुली चना 115-165 अरहर साबुत 105-112 अरहर दाल 128 लोबिया/करमानी 77-81 सोयाबीन 40-42 मूंगफली 75-77 मटर (सूखी) 49-61 मक्का 25 रुपये।

एक नजर

पैकिंग मशीन का पंजीकरण न होने पर एक लाख का जुर्माना

नई दिल्ली। पान मसाला, गुटखा और इसी तरह के तंबाकू उत्पादों के विनिर्माताओं को एक अप्रैल से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों के साथ अपनी पैकिंग मशीनरी को पंजीकृत कराने में विफल रहने पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना देना होगा। इस कदम का उद्देश्य तंबाकू विनिर्माण क्षेत्र में राजस्व 'रिसाव' को रोकना है। वित्त विधेयक, 2024 ने केंद्रीय जीएसटी अधिनियम में संशोधन पेश किया है।

बीओएम की जमा वृद्धि रही सबसे अच्छी

नई दिल्ली। बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में जमा के मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सबसे ऊंची वृद्धि दर्ज की है। बीओएम ने यह आंकड़ा ऐसे समय हासिल किया है कि जबकि ज्यादातर सरकारी बैंकों की जमा वृद्धि 10 प्रतिशत से कम रही है। आंकड़ों के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों में से केवल बीओएम और एसबीआई) ने दिसंबर, 2023 को समाप्त तीसरी तिमाही में जमा में दो अंक की वृद्धि हासिल की है।

देश में 6 साल के उच्चस्तर पर पहुंचा एफपीआई

जनवरी में बॉन्ड बाजार में डाले 19,800 करोड़ रुपये, बॉन्ड बाजार के प्रति आकर्षण बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जनवरी में देश के ऋण या बॉन्ड बाजार में 19,800 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह बॉन्ड बाजार में एफपीआई के प्रवाह का 6 साल में सबसे ऊंचा मासिक स्तर है। भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल किए जाने के बाद एफपीआई का भारतीय बॉन्ड बाजार के प्रति आकर्षण बढ़ा है। वहीं दूसरी ओर एफपीआई ने अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने के बीच जनवरी में भारतीय शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की निकासी की है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से

19,836 करोड़ रुपये डाले हैं। यह जून, 2017 के बाद उनके निवेश का सबसे ऊंचा मासिक स्तर है। उस समय उन्होंने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये डाले थे। इससे पहले दिसंबर में एफपीआई ने बॉन्ड में 18,302 करोड़ रुपये, नवंबर में 14,860 करोड़ और अक्टूबर में 6,381 करोड़ रुपये डाले थे।

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा-भारत के निश्चित आय बाजार में एफपीआई का शुद्ध प्रवाह जून में 2.39 अरब डॉलर रहा है। भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल किए जाने की वजह से यह निवेश आया है। जेपी मॉर्गन चेज एंड कंपनी ने पिछले साल सितंबर में घोषणा की थी कि वह जून, 2024 से भारत सरकार के बॉन्ड को अपने उभरते बाजार के बेंचमार्क में जोड़ेगी। इस ऐतिहासिक कदम से इसके बाद के डेढ़ से दो साल में भारत को 20 से 40 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित करने में मदद करेगी।

8 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.90 लाख करोड़ बढ़ा

स्थानीय शेयर बाजार में उछाल के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से 8 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 2.90 लाख करोड़ रुपये चढ़ गया। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,384.96 अंक या 1.95 प्रतिशत के लाभ में रहा। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ ...रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। वहीं भारती एयरटेल और आईटीसी का मूल्यांकन घट गया। शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में कुल 2,90,267.98 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई।

दक्षिण कोरिया से चावल झींगा के लिए अधिक बाजार पहुंच चाहता है भारत

नई दिल्ली। भारत ने दक्षिण कोरिया से इस्पात, चावल और झींगा जैसे कुछ उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अधिक बाजार की मांग की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दोनों देशों के बीच मौजूदा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के अद्यतन के लिए बातचीत चल रही है। भारत ने वार्ता में इन मुद्दों को उठाया है। इसे आधिकारिक रूप से व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है। यह समझौता जनवरी, 2010 में परिचालन में आया था। समझौते के अद्यतन पर वार्ता का 10वां दौर चल रहा है। अधिकारी ने कहा-हम इस्पात, चावल और झींगा जैसे उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहे हैं। बैठक में भारत ने दक्षिण कोरियाई कंपनियों द्वारा भारतीय इस्पात नहीं खरीदने का मुद्दे भी उठाया।

नीतिगत दर में बदलाव नहीं करेगा भारतीय रिजर्व बैंक

मुंबई, एजेंसी

▸▸ 6 फरवरी से होने वाली एमपीसी की बैठक को लेकर विशेषज्ञों ने दी अपनी राय

अंतरिम बजट के ठीक बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अल्पकालिक ऋण दर (रेपो दर) पर यथास्थिति जारी रखने की संभावना है। विशेषज्ञों का कहना है कि केंद्रीय बैंक इस सप्ताह अपनी आगामी द्विमासिक मौद्रिक नीति में नीतिगत दरों में कोई बदलाव शायद ही करे, क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति अब भी संतोषजनक दायरे के ऊपरी स्तर के करीब है।

रिजर्व बैंक ने लगभग एक साल से अल्पकालिक ऋण दर या रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा है। इसे आखिरी बार फरवरी 2023 में 6.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया गया था। खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई, 2023 में 7.44 प्रतिशत के उच्चस्तर पर थी और उसके बाद इसमें गिरावट आई है। हालांकि, यह अब भी अधिक ही है। खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर, 2023 में 5.69 प्रतिशत थी। सरकार ने रिजर्व बैंक को मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत के दायरे में रखने की जिम्मेदारी सौंपी है।

आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक 6 फरवरी को शुरू होगी। गवर्नर शक्तिकांत दास आठ फरवरी को समिति के फैसले की घोषणा करेंगे। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने अनुमान जताया कि एमपीसी दर और रुख, दोनों में यथास्थिति बनाए रखेगी।

अडाणी समूह गुजरात में बना रहा दुनिया का सबसे बड़ा तांबा संयंत्र

नई दिल्ली। अरबपति कारोबारी गौतम अडाणी की अगुवाई वाला समूह गुजरात के मुंद्रा में दुनिया का सबसे बड़ा एकल-स्थान तांबा विनिर्माण संयंत्र बना रहा है। सूत्रों ने कहा कि इस संयंत्र से आयात पर भारत की निर्भरता को कम करने और ऊर्जा बदलाव में मदद मिलेगी। मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने बताया कि 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश से तैयार हो रहा यह संयंत्र मार्च के अंत तक पहले चरण का परिचालन शुरू कर देगा। उन्होंने बताया कि संयंत्र मार्च, 2029 तक पूर्ण पैमाने पर 10 लाख टन क्षमता के साथ परिचालन शुरू करेगा।

एनएफआईआर विधेयक तैयार, अगले सत्र में पेश किए जाने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने दी जानकारी

आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने कहा है कि राष्ट्रीय वित्तीय सूचना रजिस्ट्री (एनएफआईआर) के गठन के लिए एक विधेयक का मसौदा लगभग तैयार है और इसे संसद के आगामी जुलाई सत्र में पेश किया जा सकता है। ऋण संबंधी सूचना के लिए सार्वजनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने और कर्ज देने वाली एजेंसियों को सही सूचना उपलब्ध कराने के लिए एनएफआईआर का गठन किया जाना है। राष्ट्रीय वित्तीय सूचना रजिस्ट्री, वित्तीय और सहायक जानकारी के केंद्रीय भंडार के रूप में काम करती है। इससे अच्छी तरह से कर्ज देने, वित्तीय समावेशन और वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा।

सेठ ने एक साक्षात्कार में बताया-मसौदे पर हितधारकों के साथ विचार-विमर्श किया जा चुका है और यह लगभग तैयार है। हम इसे जल्द ही मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के पास भेजेंगे। लेकिन, मौजूदा सत्र में इसे पेश करना संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि विधेयक को जुलाई सत्र में पेश किया जा सकता है।

पीएलआई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के तरीकों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और उद्योग के खिलाड़ियों ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सहयोग बढ़ाने और एक स्पष्ट कार्रवाई योजना बनाने के तरीकों पर चर्चा की है। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि 14 क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजना के तहत लाभार्थी कंपनियों सहित लगभग 1,200 प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इन योजनाओं के निर्बाध क्रियान्वयन के लिए रणनीति पर चर्चा करने और योजना बनाने के लिए 3 फरवरी को बैठक की।

आयकर विभाग में 12,000 पद हैं खाली नियुक्ति के लिए उठा रहे कदम : नितिन

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सीबीडीटी प्रमुख ने बताया कर्मचारियों की है कमी

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन नितिन गुप्ता ने कहा है कि आयकर विभाग में 10,000 से 12,000 तक कर्मचारियों की कमी है और खाली पड़े पदों पर नियुक्ति के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरिम बजट में 25,000 रुपये तक की बकाया कर मांग को वापस लेने की घोषणा के तहत करदाताओं को एक लाख रुपये तक की राहत मिल सकती है। इससे उन करदाताओं को लाभ होगा होगा, जिन्हे निर्धारित अवधि में एक

साल से अधिक के लिए कर मांग को लेकर नोटिस मिले हैं।

गुप्ता ने बातचीत में कहा-आयकर विभाग में 10,000 से 12,000 कर्मचारियों की कमी है। ये पद मुख्य रूप से ग्रुप 'सी' श्रेणी के हैं। इन पदों को भरने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। विभाग में कर्मचारियों की कुल संख्या 55,000 के करीब है।

अंतरिम बजट में 25,000 रुपये तक की कर मांग को वापस लेने के बारे में पूछे जाने पर नितिन गुप्ता ने कहा-इस पहल का मकसद करदाताओं को राहत देना है। इसके तहत हम प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा रखने का प्रयास करेंगे। यानी करदाता को अगर एक साल से अधिक के लिए कर मांग को लेकर नोटिस मिला है, तो उसे एक लाख रुपये तक की राहत मिल सकती है।

डेविस कप में भारत की पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत

60 साल बाद दौरे पर पहुंची भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 4-0 से हराया, विश्व ग्रुप एक में बनाई जगह

इस्लामाबाद, एजेंसी

60 साल बाद डेविस कप खेलने के लिए पहुंची भारतीय टेनिस टीम ने पाकिस्तान को 4-0 से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। भारत के युकी भांबरी और साकेत माइनेनी की आसान जीत और निकी पूनाचा के विजयी पदार्पण से चिर प्रतिद्वंद्वी देश का दौरा पूरा करते हुए विश्व ग्रुप एक में जगह सुनिश्चित की। युकी और साकेत ने युगल मुकाबले में जीत के साथ भारत को प्ले ऑफ में 3-0 की विजयी बढ़त दिलाई।

शनिवार को 2-0 की बढ़त हासिल करने के बाद रविवार को युकी और साकेत ने मुजम्मिल मुर्तजा और अकील खान की मेजबान जोड़ी को 6-2, 7-6(5) से हराकर मुकाबले में पाकिस्तान पर भारत के दबदबे को बरकरार रखा।



पाकिस्तान ने युगल मुकाबले के लिए अकील को बरकत उल्लाह की जगह उतारा क्योंकि वह करो या मरो के इस मैच में अनुभवी खिलाड़ी चाहते थे। इस मुकाबले में हार भारत की जीत तय करती। युकी और साकेत ने मेजबान जोड़ी को कोई मौका नहीं दिया और इस मुकाबले में दोनों टीम के बीच का अंतर साफ दिखा।

पाकिस्तान की जोड़ी को साकेत की सर्विस का सामना करने में काफी परेशानी हुई। उन्होंने अपनी सर्विस पर बेहद कम अंक गंवाए और नेट पर भी शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय खिलाड़ियों के रिटर्न भी लाजवाब रहे और युकी ने कई बार पाकिस्तान के दोनों खिलाड़ियों के बीच से विनर लगाए। फिर 28 वर्षीय पूनाचा को मोहम्मद शोएब के खिलाफ बेमानी चौथा मैच खेलने के लिए उतारा गया, जिन्होंने इसमें 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। इसके बाद पांचवां मैच नहीं खेला गया।

अब तक सभी मैच जीता है भारत

टेनिस के विश्व कप के रूप में पहचानी जाने वाली इस प्रतियोगिता में भारत की आठ मुकाबलों में पाकिस्तान के खिलाफ यह आठवीं जीत है। भारतीय टीम अब सितंबर में विश्व ग्रुप एक में हिस्सा लेगी जबकि पाकिस्तान ग्रुप दो में रहेगा। भारतीय टीम ने कड़ी परिस्थितियों और अपने आसपास भारी सुरक्षा से अच्छी तरह सामंजस्य बैठाया और माहौल का अपने प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ने दिया।

स्वीडन को हराकर ब्राजील ने पहली बार फाइनल के ग्रुप चरण में बनाई जगह

हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन), एजेंसी। थियागो मोंटेइरो की अगुवाई में ब्राजील ने स्वीडन को शनिवार को 3-1 से हराकर पहली बार डेविस कप टेनिस फाइनल के ग्रुप चरण में जगह बनाई।

मोंटेइरो ने स्वीडन के इलियास यमेर को 4-6, 6-4, 6-2 से हराकर ब्राजील की जीत सुनिश्चित की। पुरुष युगल में ब्राजील के फेलिप मेलिगेनी और राफेल मातोस ने फिलिप बेरगेवी और आंद्रे गोरानसन की स्वीडन की जोड़ी को 6-2, 7-5 से शिकस्त दी। शनिवार को समाप्त हुए अन्य मुकाबलों में नीदरलैंड ने स्विट्जरलैंड को 3-2, जर्मनी ने हंगरी को 3-2, स्लोवाकिया ने सर्बिया को 3-0, कनाडा ने दक्षिण कोरिया को 3-1 और फिनलैंड ने पुर्तगाल को 3-0 से हराया।

सीईओ नियुक्ति पर नहीं हटेंगे पीछे : पीटी उषा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ की प्रमुख पीटी उषा ने रविवार को कहा कि उन्हें नवनियुक्त सीईओ पर पूरा भरोसा है और वह उनकी नियुक्त के फैसले से पीछे नहीं हटेंगी। दिल्ली खेल पत्रकार संघ और भारतीय खेल पत्रकार महासंघ के समारोह में उषा ने कहा कि सीईओ काम कर रहे हैं और वह शत प्रतिशत पद पर बने रहेंगे। समारोह में जाने माने पिस्टल निशानेबाज जसपाल राणा और बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने पीटी उषा को लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

बताते हैं कि ओलंपिक संघ कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्य एक निलंबन आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे, जिसमें सीईओ के रूप में रघुराम अय्यर की नियुक्ति को अमान्य घोषित किया जाएगा।

ओलंपिक संघ ने 6 जनवरी को आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के पूर्व अधिकारी अय्यर को सीईओ नियुक्त किया था। उनकी नियुक्ति के कुछ हफ्तों में ही कार्यकारी परिषद के कई सदस्यों ने आरोप लगाया कि पीटी उषा ने उन पर दबाव बनाकर अय्यर की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। परिषद के 15 में से करीब 12 सदस्यों ने कहा था कि उनकी नियुक्ति को शीर्ष संस्था ने मंजूरी नहीं दी थी।

फॉर्म में लौटे गिल ने जड़ा शतक, इंग्लैंड को 399 रन का लक्ष्य

इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 1 विकेट खोकर बनाए 67 रन, अभी जीत के लिए 332 रन की जरूरत

विशाखापत्तनम, एजेंसी

पहली पारी में 396 रन बनाने वाली भारतीय टीम दूसरी पारी में 255 रन पर सिमट गई। हालांकि शुभमन गिल ने फॉर्म में वापसी करते हुए अपने कॅरिअर का तीसरा अर्धशतक जड़ा और इंग्लैंड को 399 रन का लक्ष्य देने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट खोकर 67 रन बना लिए हैं। जैक क्राउली 29 और रेहान अहमद 9 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। इंग्लैंड को एकमात्र झटका 28 रन बनाकर खेल रहे बेन डकेट के रूप में रविचंद्रन अश्विन ने दिया। इंग्लैंड को जीत के लिए 332 रन की जरूरत है।

सुबह के सत्र में जेम्स एंडरसन ने दो विकेट चटकाकर इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। भारत ने दिन की शुरुआत बिना विकेट खोए 28 रन से की। टीम ने सुबह के सत्र में 102 रन जोड़े लेकिन कप्तान रोहित शर्मा (12), यशस्वी जायसवाल (17), श्रेयस अय्यर (29) और रजत पाटीदार (09) के विकेट गंवाए। सुबह के सत्र में शुरुआती 30 मिनट एंडरसन के नाम रहे। उन्होंने दिन के अपने पहले ओवर में हल्की सी बाहर की ओर जाती गेंद पर रोहित का ऑफ स्टंप उखाड़ा। उन्होंने अगले ओवर में पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले जायसवाल को पहली स्लिप में जो रूट को कैच कराया। खराब फॉर्म से जूझ रहे गिल और अय्यर ने 81 रन जोड़कर पारी को संभाला। गिल को एंडरसन ने काफी परेशान किया। बाद में गिल लय में आ गए और लेग स्पिनर रेहान अहमद के ओवर में लगातार दो चौकों के साथ अर्धशतक पूरा किया। अय्यर ने भी दूसरे छोर पर कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन हार्टले की गेंद पर बेन स्टोक्स ने मिड ऑफ से पीछे की ओर भागते हुए उनका शानदार कैच लपककर उनकी पारी का अंत किया। पदार्पण कर रहे पाटीदार ने रेहान की गेंद पर विकेटकीपर बेन फोक्स को कैच थमाया।

बेन डकेट का विकेट लेने के बाद खुशी जाहिर करते भारतीय टीम के खिलाड़ी। ● एजेंसी

शुभमन गिल ने जड़ा कॅरिअर का तीसरा टेस्ट शतक

तीसरे दिन शुरुआत में जूझने के बाद गिल ने अपना तीसरा टेस्ट शतक पूरा किया। गिल ने स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया। स्पिनर रेहान के ओवर में गिल ने छक्का जड़ा और फिर इसी ओवर में लगातार दो चौके मारे। गिल ने शोएब बशीर के पारी के 52वें ओवर में शतक पूरा किया। वह पिछली 13 पारियों में पहली बार 50 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रहे। गिल हालांकि शतक पूरा करने के बाद बशीर की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में पवेलियन लौटे। गिल ने अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के मारे।

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी-396) दूसरी पारी 255/10 (78.3 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी का रूट बो एंडरसन	17	27	3/0
रोहित शर्मा बो एंडरसन	13	21	3/0
शुभमन गिल का फोक्स बो बशीर	104	147	11/2
श्रेयस अय्यर का स्टोक्स बो हार्टले	29	52	2/0
रजत पाटीदार का फोक्स बो रेहान	9	19	1/0
अक्षर पटेल पगबाधा बो हार्टले	45	84	6/0
कोना भरत का स्टोक्स बो रेहान	6	28	1/0
रविचंद्रन अश्विन का फोक्स बो रेहान	29	61	2/1
कुलदीप यादव का डकेट बो हार्टले	0	5	0/0
जसप्रीत बुमराह का बेयरस्टो बो हार्टले	0	26	0/0
मुकेश कुमार नाबाद	0	2	0/0

अतिरिक्त : 03, कुल :78 .3 ओवर में ऑल आउट : 255 रन, **विकेट पतन :** 1-29, 2-30, 3-111, 4-122, 5-211, 6-220, 7-228, 8-229, 9-255, **गेंदबाजी :** एंडरसन 10-1-29-2, बशीर 15-0-58-1, रेहान 24 .3-5-88-3, रूट 2-1-1-0, हार्टले 27-3-77-4

इंग्लैंड (पहली पारी-253) दूसरी पारी 67/1 (14 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जैक क्राउली नाबाद	29	50	3/1
बेन डकेट का भरत बो अश्विन	28	27	6/0
रेहान अहमद नाबाद	9	8	2/0

अतिरिक्त : 1, कुल : 14 ओवर में एक विकेट : 67 रन, **विकेट पतन :** 1-50, **गेंदबाजी :** बुमराह 5-1-9-0, मुकेश 2-0-19-0, कुलदीप 4-0-21-0, अश्विन 2-0-8-1, अक्षर 1-0-10-0

खेल डायरी

पार्थ भुत ने झटके 7 विकेट, सौराष्ट्र ने महाराष्ट्र को हराया

सोलापुर (महाराष्ट्र)। बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ भुत के 7 विकेट से सौराष्ट्र ने एलीट रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में रविवार को महाराष्ट्र पर 48 रन की जीत दर्ज की। पार्थ ने 44 रन देकर 7 विकेट चटकाए, जिससे सौराष्ट्र ने 213 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे महाराष्ट्र को तीसरे दिन दूसरी पारी में 164 रन पर ढेर कर दिया। ऑफ स्पिनर युवराज सिंह डोडिया ने दो, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने एक विकेट चटकाकर पार्थ का अच्छा साथ निभाया। पहली पारी में जडेजा के 72 रन और प्रेरक मांकड़ (52) के साथ छठे विकेट की उनकी 118 रन की साझेदारी की भी सौराष्ट्र की जीत में अहम भूमिका रही। जडेजा ने पहली पारी में भी 4 विकेट चटकाए थे और पार्थ व डोडिया के साथ मिलकर महाराष्ट्र को पहली पारी में 159 रन पर समेटकर टीम को 43 रन की बढ़त दिलाई थी। सौराष्ट्र ने दूसरी पारी में 164 रन बनाकर महाराष्ट्र को 213 रन का लक्ष्य दिया। महाराष्ट्र ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 104 रन से की जिसके बाद सौराष्ट्र ने जीत की औपचारिकता पूरी की।

शेरोन ने 10 किमी ओपन वाटर तैराकी स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

दोहा। शेरोन वैन रूवेंडाल ने विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 किमी ओपन वाटर तैराकी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। शनिवार को कतर के दोहा में रियो 2016 में ओलंपिक स्वर्ण और टोक्यो 2020 में रजत जीतने वाली डच महिला ने स्पेन की मारिया डी वाल्डेस को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। वाल्डेस को रजत, पुर्तगाल की एंजेलिका आंद्रे को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। दो साल पहले बुडापेस्ट में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 30 वर्षीय वैन रूवेंडाल का यह दूसरा विश्व खिताब है। महिलाओं की पांच किमी ओपन तैराकी स्पर्धा बुधवार को होगी।

माली को 2-1 से हराकर आइवरी कोस्ट अफ्रीका कप के सेमीफाइनल में

बोआके (आइवरी कोस्ट)। ओमार डियाकिट के अतिरिक्त समय के इंजरी टाइम में दागे गए गोल की बदौलत 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे आइवरी कोस्ट ने शनिवार को क्वार्टर फाइनल में माली को 2-1 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। माली को 71वें मिनट में नेने डोरगेलेस ने बढ़त दिलाई। साइमन एडिनगरा ने 90वें मिनट में गोल दागकर आइवरी कोस्ट को बराबरी दिलाई और क्वार्टर फाइनल को अतिरिक्त समय में खींचा। डियाकिट ने इसके बाद मैच के 122वें मिनट में गोल करके मेजबान टीम की जीत सुनिश्चित की। मैच के अंत में डियाकिट और माली के हमारी तराओरे को लाल कार्ड दिखाकर मुकाबले से बाहर किया गया।

ईरान एशियाई कप के सेमीफाइनल में पहुंचा

अल रेयान (कतर)। अलीरेजा जहानबख्श के अंतिम मिनट में पेनल्टी पर दागे गोल की बदौलत ईरान ने शनिवार को जापान को 2-1 से हराकर एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। ईरान ने 2004 के बाद से सिर्फ दूसरी बार टूर्नामेंट के अंतिम चार में प्रवेश किया है। ईरान सेमीफाइनल में टूर्नामेंट के मेजबान कतर से भिड़ेगा, जिसने उज्बेकिस्तान के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद पेनल्टी शूट आउट में 3-2 से जीत दर्ज की। जहानबख्श ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के छठे मिनट में पेनल्टी पर गोल दागकर ईरान की जीत सुनिश्चित की। ईरान की नजरें 1976 के बाद अपना पहला और कुल चौथा एशियाई कप खिताब जीतने पर टिकी हैं। जापान को पहले हाफ में हिदेमासा मोरिता ने बढ़त दिलाई थी लेकिन मोहम्मद मोहेबी ने 55वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। दूसरी तरफ कतर और उज्बेकिस्तान के खिलाफ मुकाबला काफी करीबी रही। गत चैंपियन कतर को 27वें मिनट में हसन अल हेदोस ने बढ़त दिलाई। ओदिलजोल हामरोबेकोव ने 59वें मिनट में उज्बेकिस्तान को बराबरी दिला दी। पेनल्टी शूट आउट में दोनों गोलकीपर ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन पेड्रो मिगुएल ने निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदलकर कतर की जीत सुनिश्चित की।

पैरा निशानेबाजी विश्व कप का आयोजन खतरे में

खेल मंत्रालय ने पैरालंपिक समिति को कर दिया है निलंबित, कर्णी रेंज में 6 से 15 मार्च तक होना है आयोजन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय पैरालंपिक समिति को समय पर चुनाव नहीं कराने के कारण निलंबित करने के खेल मंत्रालय के फैसले के बाद अगले महीने भारत में पैरा निशानेबाजी विश्व कप की मेजबानी खतरे में पड़ गई है। कर्णी सिंह रेंज में 6 से 15 मार्च तक होने वाला यह विश्व कप भारत को आवंटित पहली बड़ी प्रतियोगिता है और इसमें पेरिस पैरालंपिक के 24 कोटा स्थान दांव पर लगे हैं। इसमें 52 देशों के 500 से अधिक निशानेबाजों के भाग लेने की उम्मीद है। यह फैसला ऐसे वक्त पर आया जब समिति आयोजन के अंतिम चरण में है।

मंत्रालय का आरोप, संस्था ने जानबूझकर की चुनाव कराने में देरी

मंत्रालय का कहना है कि समिति के चुनाव में संस्था ने जानबूझकर देरी की। समिति का चार साल का कार्यकाल 31 जनवरी को समाप्त हो गया था। कार्यकाल समाप्त होने से पहले चुनाव होने थे। पीसीआई महासचिव गुरशरण सिंह ने रविवार को बताया कि मंत्रालय को सूचित किया गया है कि पैरा विश्व कप के कारण ही चुनावों में देरी हो रही है। चुनाव इस साल 27 जनवरी को होना था लेकिन पहली बार भारत को आवंटित पैरा विश्व कप के कारण चुनाव स्थगित करने पड़े। पैरा विश्व कप के बाद 28 मार्च में चुनाव की तारीखों की घोषणा की है। निर्वाचन अधिकारी भी नियुक्त कर दिया गया है। एक सप्ताह पहले मंत्रालय के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) को चुनाव की तारीखों के बारे में सूचित किया है। उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम से देश की प्रतिष्ठा खराब होगी। टूर्नामेंट का आयोजन न होने पर आईपीसी समस्याएं पैदा कर देगा। कहा कि हम सरकार से कोई पैसा नहीं लेते हैं लेकिन सबसे बड़ी बाधा प्रायोजक हैं, उनमें से कई सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हैं, जो अब शायद भुगतान जारी न करें।

मंत्रालय ने साई को दिया तदर्थ समिति बनाने का निर्देश

मंत्रालय ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) को आईपीसी के साथ समन्वय करके एक तदर्थ समिति बनाने का निर्देश दिया है जिसमें प्रतिष्ठित प्रशासक और खिलाड़ी शामिल होंगे जो पीसीआई के कार्यों का निर्वहन करेंगे और स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराएंगे। वहीं गुरशरण का कहना है कि मान्यता निलंबित करने से पहले कम से कम एक नोटिस तो दिया जाना चाहिए था। यह पूछे जाने पर कि क्या पैरा विश्व कप को भारत से छीनकर किसी अन्य देश को दिए जाने की संभावना है तो गुरशरण ने इससे इनकार किया। हालांकि एक सूत्र ने बताया कि दक्षिण कोरिया इस टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए काफी उत्सुक है।

भारत ए ने 2-0 से जीती टेस्ट श्रृंखला

अहमदाबाद, एजेंसी

403 के मुश्किल लक्ष्य का पीछे करने उतरी इंग्लैंड लायंस 268 रन पर हुई ढेर, मुलानी ने झटके 5 विकेट

भारत ए ने अपने स्पिनरों के दमदार प्रदर्शन से रविवार को तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड लायंस पर 134 रन की शानदार जीत दर्ज की। इंग्लैंड लायंस की टीम 403 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 268 रन पर सिमट गई, जिससे भारत ए ने 3 मैच की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली। मुंबई के बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने 60 रन देकर 5 विकेट और मध्य प्रदेश के ऑफ स्पिनर सारांश जैन ने 50 रन देकर 3 विकेट चटकाए, जिससे सुबह दो विकेट पर 83 रन से खेल शुरू करने वाली इंग्लैंड की दूसरी पारी सिमट गई। इंग्लैंड लायंस के सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस ने 41 रन से शुरूआत करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया और वह अच्छी लय में दिख रहे थे। लेकिन मुलानी की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए और उनकी 55 रन की पारी समाप्त हुई। तब इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 120 रन था लेकिन टीम ने 20 रन के अंदर 3 और विकेट गंवा दिए, जिससे उसका स्कोर 7 विकेट पर 140 रन हो गया।

मुलानी ने इंग्लैंड लायंस के कप्तान जोश बोहानन (18) और डैन मूस्ले (05) का विकेट हासिल किया। इंग्लैंड लायंस की टीम चुनौती दिए बिना आउट होने वाली नहीं थी। विकेटकीपर बल्लेबाज ओली रॉबिन्सन (80) और जेम्स कोल्स (31) ने आठवें विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी निभाकर टीम को 200 रन के पार कराया। मुलानी ने कोल्स आउट कर इस भागीदारी का अंत किया।

लंदन और मुंबई में होगी रामायण की शूटिंग

डायरेक्टर नितेश तिवारी की फिल्म रामायण लगातार चर्चा बनी हुई है। रणबीर कपूर, साईं पल्लवी और यश की इस मेगा बजट मूवी पर हर किसी की निगाहें हैं और नितेश तिवारी अपनी इस फिल्म को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहे हैं। फिल्म रामायण की कास्ट को लेकर आए दिन कुछ ना कुछ अपडेट आता रहता है। अब इस फिल्म की शूटिंग को लेकर खबर आई है। मेकर्स फिल्म रामायण की शूटिंग लंदन और मुंबई जैसे शहरों में करेंगे। इस फिल्म के इस अपडेट आने के बाद फैंस काफी खुश हैं और वह फिल्म के सिनेमाघरों में रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं

फिल्म के लिए रणबीर कपूर ने छोड़ा शराब और मांसाहार का सेवन

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म रामायण के लिए रणबीर कपूर जल्द ही काम शुरू करेंगे। पहला शेड्यूल मुंबई में होगा। रणबीर कपूर 60 दिनों तक मुंबई में शूटिंग करेंगे। इसके बाद टीम लंदन के लिए रवाना होगी। लंदन में फिल्म का फिर से 60 दिन का शेड्यूल होगा और यहां पर लंका से जुड़ा हुआ भाग शूट किया जाएगा। फिल्म के उस हिस्से में यश के लंदन में उनके साथ जुड़ने की संभावना है। ऐसा लग रहा है कि लड़ाई-झगड़े का कुछ हिस्सा लंदन के एक स्टूडियो में फिल्माया जाएगा। रणबीर कपूर ने फिल्म में राम के रोल का सम्मान करते हुए शराब, मांसाहार के साथ पार्टी करना भी छोड़ दिया था। फिल्म में रणबीर कपूर राम, साईं पल्लवी सीता और यश का रावण का रोल करने वाले हैं।

पहली बार मुंबई आते ही शाहरुख खान को पड़ा था थप्पड़

बॉलीवुड में किंग खान के नाम से मशहूर शाहरुख खान अपने संघर्ष के दिनों के किस्से अक्सर मंच पर साझा करते रहते हैं। अब शाहरुख खान ने एक इंटरव्यू के दौरान अपना एक दिलचस्प किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि जब वह मुंबई आए थे तो एक महिला ने यहां आते ही उन्हें थप्पड़ जड़ दिया था।दरअसल दिल्ली के रहने वाले शाहरुख खान को एक्टर बनने की चाहत मुंबई खींच लाई थी। शाहरुख खान ने अपने मुंबई आने के दौरान का एक किस्सा एक इंटरव्यू में बताया था। शाहरुख खान ने बताया था कि वह जब पहली बार मुंबई आए थे तो ट्रेन से आए थे और उन्होंने इसके लिए सीट बुक करवाई थी। शाहरुख खान ने बताया कि उनकी ट्रेन मुंबई के आसपास के इलाके में पहुंची तो स्थानीय लोग ट्रेन पर चढ़ने लगे और उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी। शाहरुख खान ने बताया कि जब उनकी सीट पर एक महिला और उसका परिवार बैठने लगा तो उन्होंने उनसे कहा कि यह उनकी सीट है और इसके लिए उन्होंने पैसे दिए हैं। उन्होंने महिला से कहा कि अगर वह चाहें तो बैठ सकती है लेकिन उसके साथ वाले लोग उनकी सीट पर नहीं बैठेंगे। उन्होंने बताया कि उनकी यह बात सुनकर महिला नाराज हो गई और उन्हें थप्पड़ जड़ दिया। बता दें कि साल 2023 शाहरुख खान के लिए धमाकेदार रहा था। वहीं इस समय शाहरुख खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्होंने साल 2023 में तीन फिल्मों पठान, जवान और डंकी में काम किया था। शाहरुख खान की ये तीनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थीं। शाहरुख खान आने वाले समय में कई प्रोजेक्ट में नजर आएंगे। हालांकि शाहरुख खान की तरफ से अभी इस बारे में कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

अगले साल संक्रांति पर आमने-सामने होंगे प्रभास और चिरंजीवी



सुपरस्टार प्रभास और मेगा स्टार चिरंजीवी तेलुगु सिनेमा के दो सबसे बड़े सितारे हैं। प्रभास इन दिनों अपनी अपकमिंग मूवी राजा साब को लेकर चर्चा में हैं। ये एक हॉरर-कॉमेडी मूवी बताई जा रही है। जिसे निर्देशक मारुति डायरेक्ट करेंगे। इसका कुछ वक्त पहले ही पहला पोस्टर सामने आया था। इस पोस्टर में प्रभास लुंगी पहने दिखे। अब खबर है कि प्रभास अपनी इस फिल्म के साथ चिरंजीवी को टक्कर देने वाले हैं। दरअसल प्रभास की फिल्म राजा साब अगले साल संक्रांति पर सिनेमाघर पहुंचने वाली हैं। निर्माता विश्व प्रसाद ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर फिल्म की रिलीज डेट का एलान नहीं किया है मगर निर्माता इसे अगले साल संक्रांति पर रिलीज करने की कोशिश में हैं। अगले साल ही संक्रांति पर चिरंजीवी की भी अगली फिल्म विश्वंभरा रिलीज होने वाली है। इसके लिए 10 जनवरी 2025 की रिलीज डेट बुक भी कर दी गई है। अब अगर इस खास मौके पर प्रभास की फिल्म सिनेमाघर में पहुंचती है तो चिरंजीवी के लिए किसी परेशानी से कम नहीं होगी। क्योंकि तेलुगु राज्यों में इन दोनों ही स्टार्स का काफी क्रेज है। हालांकि प्रभास का क्रेज सबसे ज्यादा है।

अगस्त में शुरू हो सकती है डॉन 3 की शूटिंग



बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म डॉन 3 की शूटिंग अगस्त में शुरू हो सकती है। फिल्मकार फरहान अख्तर ने वर्ष 2023 में डॉन की तीसरी किस्त का एलान किया था। साथ ही साथ फरहान अख्तर ने नए डॉन के चेहरे की झलक भी दिखाई थी। फिल्म डॉन 3 में रणवीर सिंह लीड रोल में नजर आएंगे।फिल्म डॉन 3 को लेकर एक नया अपडेट सामने आ रहा है। कहा जा रहा है कि फिल्म डॉन 3 का प्री-प्रोडक्शन अगले महीने मार्च से शुरू होने वाला है। डॉन 3 फिलहाल कास्टिंग स्टेज पर है। वहीं शूटिंग शेड्यूल इस साल अगस्त महीने से शुरू होगा। इससे पूर्व डॉन फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों में शाहरुख खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

नामीबिया के राष्ट्रपति हेज गेनगोब का कैंसर से निधन

विंडहोक। नामीबिया के राष्ट्रपति हेज गेनगोब का 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, गेनगोब ने रविवार को अस्पताल में आखिरी सांस ली। कुछ हफ्ते पहले ही उन्हें कैंसर से पीड़ित पाया गया था।

राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट में उनकी मौत का कारण नहीं बताया। हालांकि, यह बताया गया है कि उनका राजधानी विंडहोक के लेडी पोहाम्बा अस्पता में इलाज चल रहा था। 2014 में प्रधानमंत्री रहने के दौरान गेनगोब ने सार्वजनिक तौर पर बताया था कि वे प्रोस्टेट कैंसर को हरा चुके हैं। इसके अगले ही साल वे नामीबिया के राष्ट्रपति बने थे।

20 साल का हुआ फेसबुक

2 अरब यूजर्स आज भी रोजाना करते हैं प्रयोग

आज जब सोशल मीडिया का नाम लेते हैं तो सामने कई नाम आते हैं, जिसमें इंस्टाग्राम, वॉट्सएप ज्यादा प्रचलित हैं। मगर एक समय ऐसा था जब फेसबुक का ही बोलबाला था। फेसबुक ने लोगों को सोशल मीडिया का एक नया रूप दिखाया जिसके बारे में 2004 से पहले किसी ने सोचा भी नहीं था। 4 फरवरी को फेसबुक को 20 साल पूरे हो गए। 4 फरवरी 2004 में पहली बार फेसबुक की शुरुआत हुई थी। मेटा के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने इसकी शुरुआत की थी। ये वो दौर था जब लोगों के बीच माईस्पेस और ऑरकुट का चलन था। ऐसे समय में फेसबुक के लॉन्च ने इंटरनेट को पलट कर रख दिया था।

मेटा के लिए फायदेमंद

- फेसबुक के आज भी अरबों यूजर्स है, जिसमें से रोजाना 2 अरब यूजर्स इसका इस्तेमाल करते हैं। फेसबुक ने मेटा को मार्केट में एक बड़ा मुकाम हासिल करने में मदद की है।
- इस प्लेटफॉर्म के जरिए कंपनी के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने सोशल मीडिया और टेक इंडस्ट्री में अपना अलग नाम बनाया।
- भले ही अब फेसबुक उतना लोकप्रिय नहीं रह गया हो, लेकिन अभी भी इसकी एक फैन फॉलोइंग है।

कनेक्शन के लिए बेहतरीन जरिया

- फेसबुक के आने के बाद लोगों से जुड़ना और नए लोगों से बातचीत करना काफी आसान हो गया था। आप किसी को भी फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर उनसे बात कर सकते हैं।
- इसके अलावा फेसबुक ने आपको फोटो पोस्ट करने के साथ-साथ अपने दोस्तों को टैग करने का भी विकल्प दिया था, जो उस समय युवाओं के लिए एक अहम और जबरदस्त बदलाव था।
- ये ऐसा समय था, जब स्मार्टफोन का इतना चलन नहीं था और वॉट्सऐप जैसे एप्स भी नहीं होते थे। ऐसे में फेसबुक काफी पसंद किया जाता था।
- फेसबुक का इस्तेमाल अब ज्यादातर प्रचार-प्रसार के लिए होने लगा है। इतना ही नहीं लोग अपने स्मॉल बिजनेस और काम से जुड़ी जरूरतों के लिए भी इसका इस्तेमाल करते हैं।

2004 से 2024 तक ऐसा रहा फेसबुक का सफर

फेसबुक की शुरुआत 2004 में की गई थी, अब इसने पूरे 20 साल का सफर तय कर लिया है। इस सफर के दौरान कंपनी ने कई उतार चढ़ाव देखें। हालांकि फिर भी अपना दबदबा बनाए रखा।

- फेसबुक को मार्केट में लॉन्च करते समय द फेसबुक नाम दिया गया था। ये इस कारण भी खास था क्योंकि इसमें आप फोटो शेयर कर सकते हैं और अपने दोस्तों को टैग भी कर सकते थे।
- इसकी लोकप्रियता लॉन्च के एक महीने में ही सामने आ गई थी, जब एक साल से कम समय में ही कंपनी ने 10 लाख लोगों को अपने परिवार का हिस्सा बना लिया था।
- केवल 9 साल के अंदर इसके यूजर्स की संख्या 1000 गुना बढ़ गई। 2012 तक फेसबुक के 1 अरब यूजर्स हो गए। आपको बता दें कि ये उन देशों में भी काफी लोकप्रिय रहा जो इंटरनेट और कनेक्टिविटी की दृष्टि से पीछे थे।
- ये सफर काफी खास था क्योंकि इसने इंटरनेट और सोशल मीडिया को नई पहचान दी है। इसके साथ ही ये पहला प्लेटफॉर्म था, जो लोगों को पर्सनलाइज्ड एक्सपीरियंस दे रहा था।
- ये आपकी जरूरी जानकारी, आपके खास दिन और आपके दोस्तों से जुड़ी सभी जानकारियों को आपके लिए याद रखने के साथ-साथ आपको इनके बारे में सूचित भी करता है।
- अब आपकी जरूरी जानकारी एक अहम मुद्दा हो गया क्योंकि ये निजता को प्रभावित भी करता है।

4/2/2004 को पहली बार शुरु हुआ था फेसबुक

9 साल के अंदर 1000 गुना बढ़ गई फेसबुक यूजर्स की संख्या

2012 में ही फेसबुक के हो गए थे 1 अरब यूजर्स

एक नजर

श्रीलंकाई नौसेना ने ट्रॉलर समेत 23 भारतीयों को किया गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंका की नौसेना ने जाफना के डेल्फट द्वीप के पास श्रीलंका के जलक्षेत्र में शिकार कर रहे भारतीय मछुआरों के दो ट्रॉलरों के साथ 23 भारतीय नागरिकों को हिरासत में लिया है। श्रीलंका की नौसेना ने रविवार को बताया कि शनिवार रात श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध शिकार कर रहे भारतीय को खदेड़ने के लिए अभियान चलाया गया है। श्रीलंकाई नौसेना ने कहा गिरफ्तार मछुआरों और जब्त किए गए ट्रॉलरों को रविवार को कांकासंथुराई बंदरगाह लाया गया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। बता दें, श्रीलंकाई नौसेना ने 2023 में 343 लोगों को गिरफ्तार किया है।

हमास की मांग, इजराइल 3 हजार फिलिस्तनीयों को करे रिहा

गाजा। हमास ने गाजा में संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपनी अप्रत्यक्ष वार्ता के दौरान इजराइल से 3 हजार फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने की मांग की है। मीडिया के अनुसार, हमास चाहता है कि तीन चरण के संघर्ष विराम में चौथे चरण के रूप में फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई भी शामिल हो। कतर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने शुक्रवार को कहा कि इजराइल ने नवीनतम संघर्ष विराम प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रारंभिक प्रतिक्रिया दी है। जनवरी के अंत में पेरिस में इजराइल, अमेरिका, मिस्र और कतर द्वारा संघर्ष विराम प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गई थी। हमास ने कहा कि उसे एक मसौदा प्राप्त हुआ है और वह इसकी समीक्षा कर रहा है।

गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के 3 गुर्गे गोरखपुर से गिरफ्तार: डीजीपी

चंडीगढ़। पंजाब के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमृतपाल सिंह उर्फ गुज्जर निवासी कलोली, कमलप्रीत सिंह निवासी देवीनगर अबरावां और प्रेम सिंह निवासी अमराला डेराबस्सी के रूप में हुई है। सभी आरोपियों की आपराधिक पृष्ठभूमि है और इनके खिलाफ पंजाब में कत्ल, जबरन वसूली, डकैती और हथियार एक्ट के अंतर्गत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीजीपी ने बताया आरोपियों को संयुक्त टीम ने गोरखपुर से गिरफ्तार किया गया।

हरियाणा: गैंगस्टर राजू भाटी की फरीदाबाद के अस्पताल में मौत

फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद जिले स्थित अस्पताल में इलाज के दौरान सजायाफ्ता गैंगस्टर राजू भाटी की रविवार सुबह मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कई दिनों से अस्पताल में भाटी का उपचार किया जा रहा था और रविवार सुबह दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार मूलरूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के हुसैनी शेरगढ़ गांव के निवासी भाटी (41) के खिलाफ पलवल, फरीदाबाद तथा उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के अन्य जिलों में हत्या, लूट, डकैती और गैंगस्टर अधिनियम के तहत कुल 30 मामले दर्ज थे। बता दें, भाटी 2016 में पलवल पुलिस थाने में दर्ज अपहरण और शस्त्र अधिनियम के मामले में फरीदाबाद की नीमका जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था।

अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा-भारत तय करे, हमें क्या करना है

क्वाड में भारत ड्राइविंग सीट पर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि क्वाड में भारत ड्राइविंग सीट पर है और भारत को तय करना है कि क्वाड का क्या करना है। गार्सेटी ने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के 17वें संस्करण में 'हार्ट ऑफ द मैटर: क्वाड और नया इंडो पैसिफिक विजन' सत्र के दौरान ये बातें कही।

गार्सेटी ने इशारों में समझाते हुए कहा कि भारत, क्वाड में ड्राइविंग सीट पर है और अमेरिका उसके बराबर वाली सीट पर है। मुझे लगता है कि जापान शुरुआत से ही रास्ता बता रहा है और ऑस्ट्रेलिया, क्वाड में ऐसा है, जो कार में सबसे ज्यादा उत्साहित होता है और सभी से खाने-पीने के बारे में पूछता रहता है और ये भी पूछता है कि हम कहां जा रहे हैं।'

क्वाड एक कूटनीतिक साझेदारी है, जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका सहयोगी देश हैं। क्वाड का उद्देश्य सदस्य देशों में आर्थिक, कूटनीतिक और सैन्य सहयोग बढ़ाना है। क्वाड का उद्देश्य हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र को मुक्त रखना है।

गार्सेटी ने कहा 'ये बहुत अच्छा समय है और हम सभी अपनी अलग-अलग भूमिकाओं का आनंद ले रहे हैं। मैं चाहता हूं कि हम भी कई बार कार की पिछली सीट पर बैठकर आराम करें, लेकिन ये भारत को तय करना है कि हम क्वाड से क्या करना चाहते हैं।' गार्सेटी ने ये भी कहा कि 'क्वाड कोई ऐसा संगठन भी नहीं है, जहां सभी किसी एक बात पर सहमत हो जाएं, यह कोई बात करने का ठिकाना नहीं है।

हम हिंद महासागर के बारे में बात कर सकते हैं और इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। साथ ही अंतरिक्ष प्रोजेक्ट पर काम कर सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र से भी ज्यादा सक्षम है क्वाड

गार्सेटी ने कहा कि क्वाड दुनिया के लिए मॉडल बन सकता है। यह बेहद मजबूत और स्थायी है। यह कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों जैसे संयुक्त राष्ट्र आदि से भी ज्यादा प्रभावी है क्योंकि इन संस्थाओं के पास इतनी क्षमता नहीं है, जितनी क्वाड के पास है। भारत अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों पर अमेरिकी राजदूत ने कहा 'द्विपक्षीय संबंध हमेशा आकर्षक होते हैं, लेकिन अगर बात सीधे तौर पर होती है तो ये कई बार नीरस हो जाते हैं।' गार्सेटी ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर हम तीन लोगों को बुलाते हैं तो यह मजेदार होगा और अगर ज्यादा लोग इससे जुड़ जाएंगे तो यह पार्टी हो जाएगी और तब आपको पता चलेगा कि आपके पास कुछ खास है।

चीन का मानना है एशिया का नाटो है क्वाड संगठन

क्वाड यानी क्वाड्रीलैटरल सिक्योरिटी डायलॉग (चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता)। इसका गठन 2007 में हुआ था। हालांकि, तब यह आगे नहीं बढ़ पाया। इसकी प्रमुख वजह क्वाड को लेकर चीन का कड़ा विरोध रहा। चीन क्वाड को एशिया का नाटो कहता आया है। इसी वजह से शुरुआत में भारत ने इसे लेकर हिचकिचाहट भी दिखाई थी। चीनी विरोध की वजह से ही ऑस्ट्रेलिया भी 2010 में क्वाड से हट गया था, हालांकि, वह बाद में फिर इससे जुड़ गया। 2017 में भारत-अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान ने चीन को काउंटर करने के लिए इस गठबंधन को पुनर्जीवित किया।

केरल में भारत माता की जय न बोलने वालों पर गुस्साईं मीनाक्षी लेखी

तिरुवनंतपुरम। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी शनिवार को केरल में एक युवा सम्मेलन में दर्शकों पर अपनी नाराजगी जताई। दरअसल, सम्मेलन के दौरान उनके बार बार कहने पर भी दर्शकों ने भारत मात की जय नहीं कहा। इस दौरान उन्होंने एक महिला को कार्यक्रम स्थल छोड़ने का भी सुझाव दिया। बता दें कि इस कार्यक्रम का आयोजन कुछ दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने किया था।

कार्यक्रम के दौरान अपने भाषण का समापन करते हुए भाजपा नेता मीनाक्षी लेखी भारत माता की जय का नारा लगाया। उन्होंने दर्शकों से इसे दोहराने के लिए भी कहा, लेकिन सामने खड़ी भीड़ ने ऐसा नहीं किया। दर्शकों के इस व्यवहार से मीनाक्षी लेखी नाराज हो गईं। गुस्साईं भाजपा नेता ने कहा कि जिन्हें अपने देश पर गर्व नहीं, उन्हें इस कार्यक्रम में शामिल होने की कोई जरूरत नहीं है।

हम जहां हैं, उसे देखकर अच्छा लग रहा...बाइडन ने जीता पार्टी चुनाव

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ बाइडन ने दक्षिण कैरोलाइना में जीता डेमोक्रेट पार्टी का चुनाव, ट्रंप पर की तीखी टिप्पणी



अमेरिका के डेलावेयर में अपने चुनावी अभियान के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला बोला। बाइडन ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के दावेदार किसी भी चीज के पक्ष में नहीं हैं और हर चीज का विरोध करते हैं।' बाइडन ने डोनाल्ड ट्रंप का सीधे नाम नहीं लिया, लेकिन उनका हमला उन्हीं पर था।

बाइडन ने कहा 'हम जहां हैं, उसे देखकर मुझे अच्छा लग रहा है। हम जिस व्यक्ति के खिलाफ लड़ रहे हैं, वह किसी चीज के पक्ष में नहीं हैं और हर चीज के खिलाफ है। ये बात मैं दिल से कह रहा हूं। यह एक बेहूदा प्रचार है, जिसमें मुझे शामिल होना पड़ रहा है। वह व्यक्ति बीती साल के मुकाबले और भी बुरा व्यवहार कर रहा है। बाइडन ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका के लोग इस बात को समझते हैं कि आगामी चुनाव की क्या अहमियत है। बाइडन ने कहा पिछले चुनाव में प्रचार अभियान के दौरान मैंने इंडिपेंडेंस हॉल में एक भाषण दिया था, जिसमें लोकतंत्र पर बात की थी, लेकिन मीडिया ने उस वक्त इसे बहुत बढ़ा-चढ़ाकर कही गई बात माना था, लेकिन अमेरिका के लोगों ने समझ लिया था कि क्या चल रहा है।

बाइडन ने हालिया क्विनीपियाक पोल का जिक्र किया, जिसमें बाइडन को ट्रंप पर बढ़त दिखाई गई है। पेंसिल्वेनिया के सर्वे में भी बाइडन, ट्रंप से आगे हैं। साउथ कैरोलाइना में हुए डेमोक्रेट प्राइमरी इलेक्शन में जो बाइडन को जीत मिली है। इसके साथ ही वह पार्टी की तरफ से उम्मीदवारी में शीर्ष पर बने हुए हैं।

एआई की मदद से कर्मियों को प्रशिक्षित करेगी सूरत पुलिस

सूरत, एजेंसी

▸▸ साइबर क्राइम के खिलाफ सूरत पुलिस की पहल, पीड़ितों से चैटबॉट के माध्यम से होगा संवाद

साइबर क्राइम पुलिस के लिए बड़ा सिरदर्द बन गया हैं। स्कैमर्स के नए-नए तरीकों से निपटना और लोगों को जागरूक करना पुलिस के लिए अभी भी चुनौती बना हुआ है। ऐसे में अब गुजरात की सूरत पुलिस ने साइबर अपराध को कम करने के लिए एआई तकनीक की मदद से अपने कर्मियों को प्रशिक्षित करने का कदम उठाया है।

इस पहल पर सूरत के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने बताया कि पीड़ितों के लिए एक चैटबॉट बनाया गया है, जिसके माध्यम से वह आसानी से संवाद कर पाएंगे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा, एक चैटबॉट बनाया गया है जो पीड़ितों से उनकी चुनी हुई भाषा में संवाद करेगा। पीड़ित अपने निकटतम पुलिस स्टेशन का पता लगाने के लिए फाइंड माई पुलिस स्टेशन सुविधा का उपयोग कर पाएंगे।

उन्होंने आगे बताया, पब्लिक इंटरफेस एक हेल्पलाइन की तरह काम करेगा और समय की परवाह किए बिना ही पीड़ितों से संवाद करेगा। इससे प्रत्येक क्षेत्र में मामलों की संख्या का पता लगाने में मदद मिलेगा। इसी के साथ शहरों में साइबर अपराध मामलों की पहचान भी होगा।' अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा कि साइबर अपराधों के गिरोहों को पकड़ने के लिए अधिकारियों को एआई का उपयोग करके प्रशिक्षित भी किया जाएगा।

एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी समेत 3 के खिलाफ चार्जशीट

नई दिल्ली। सीबीआई ने एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी, एसएपी इंडिया और आईबीएम के खिलाफ रविवार को आरोप पत्र दायर किया। चार्जशीट 2011 में एयर इंडिया के 225 करोड़ रुपये में सॉफ्टवेयर खरीदने के मामले में कथित अनियमितताओं के संबंध में दाखिल किया गया है। बताया गया कि सीबीआई ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की सिफारिश पर मामला दर्ज किया है। सीवीसी की जांच में पता चला था कि सॉफ्टवेयर की खरीद में अनियमितताएं हैं।

बताया गया कि लगभग छह साल की जांच के बाद सीबीआई ने एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी अरविंद जाधव, आईबीएम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एसएपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और छह अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।

अठखेलियां करते सैलानी...

मनाली : हिमाचल प्रदेश में बढ़ती सर्दी और पहड़ों पर हो रही बर्फबारी से पर्यटक हिमाचल की ओर खींचे चले जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों का लुत्फ उठाने के लिए पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दो दिन के भीतर लाहुल घाटी में ज्यादा संख्या में पर्यटकों ने दस्तक दी। वहीं रविवार को मनाली में सैलानियों ने बर्फ में खूब अठखेलिया की और बर्फ का आनंद उठाया।। ● एजेंसी

रूस: जंग लड़ रहे सैनिकों की पत्नियों ने किया प्रदर्शन

मॉस्को। रूस की राजधानी मॉस्को में विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिए गए लोगों में कई विदेशी पत्रकार भी शामिल हैं। ये प्रदर्शन राष्ट्रपति पुतिन के चुनाव मुख्यालय के बाहर किया गया। यह प्रदर्शन यूक्रेन के मोर्चे पर लड़ रहे रूसी सैनिकों की पत्नियों और अन्य परिजनों ने आयोजित किया। इन महिलाओं की मांग थी कि उनके पतियों, बच्चों को घर वापस लाया जाए।

रूस-यूक्रेन युद्ध को शुरू हुए 500 दिन बीत चुके हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में महिलाएं क्रेमलिन में इकट्ठा हुईं और फिर वहीं पर मौजूद राष्ट्रपति पुतिन के चुनाव मुख्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। हिरासत में लिए गए लोगों में कई विदेशी पत्रकार भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार करीब 27 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

इमरान के करीबी कुरैशी अयोग्य घोषित, नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

इस्लामाबाद, एजेंसी



▸▸ पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी पांच साल तक नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले विपक्ष दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा है। जेल में बंद इमरान की पार्टी के नेताओं पर भी नकेल कसी जा रही है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने इमरान खान के करीबी सहयोगी शाह महमूद कुरैशी को पांच साल के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है।

आयोग के अनुसार, पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी को राज्य की जानकारी लीक करने के मामले में 10-10 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। जिसके चलते वो चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं। 67 वर्षीय कुरैशी की अयोग्यता 8 फरवरी के आम चुनाव से पांच दिन पहले हुई है, जिसमें खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी राज्य की सख्ती के बावजूद और अपने प्रसिद्ध चुनाव चिन्ह बल्ले के बिना चुनाव लड़ रही है। यह घोषणा आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत स्थापित एक विशेष अदालत द्वारा खान के साथ हाई-प्रोफाइल सिफर मामले में कुरैशी को 10 साल कैद की सजा सुनाए जाने के कुछ दिनों बाद आई है।

30 जनवरी 2024 के विशेष अदालत के फैसले का हवाला देते हुए, ईसीपी ने कहा कि संविधान और कानून के अनुसार कोई भी दोषी व्यक्ति चुनाव में भाग नहीं ले सकता है। परिणामस्वरूप, मखदूम शाह महमूद कुरैशी पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 63 (1) (एच) के साथ चुनाव अधिनियम 2017 की धारा 232 के साथ अयोग्य हो गए हैं।

असुरक्षा हिंदू समुदाय के लोगों के मन में भय का माहौल, मंदिर तोड़ मस्जिद बनाने की मिल रहीं धमकी

अयोध्या में राम मंदिर के बाद दहशत में बांग्लादेशी हिंदू

ढाका, एजेंसी

अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से भारत से लेकर दुनिया के कई कोनों में बसे लोगों के मन में आनंद है, लेकिन पड़ोसी देश बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं की स्थिति कुछ अलग है। बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों के मन में भय का माहौल है।

मीडिया के अनुसार, पिछले दिनों चुनावों के दौरान बांग्लादेश के कई हिस्सों में हुई हिंसक घटनाओं से भय का माहौल बना हुआ है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद कई लोग अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए जाना चाहते हैं, लेकिन अपने घर-परिवार को छोड़कर भारत जाने की हिम्मत उनमें नहीं है। मीडिया के मुताबिक, हिंदुओं का कहना है कि हम भी दर्शन करने जाना चाहते हैं, लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं है कि जब एक सप्ताह में दर्शन करके वापस लौटेंगे, तो यहां के हालात सही मिलेंगे। उनका कहना है कि यहां हिंदुओं के घर जलाना और मंदिरों में तोड़फोड़ करना कोई नई बात नहीं है। रमण काली मंदिर बोर्ड के अध्यक्ष उत्पल साहा ने कहा कि, जब प्राण प्रतिष्ठा समारोह चल रहा था, तब मौलानाओं ने यहां शोभायात्रा निकालने से रोक दिया था। यहां लोगों में डर था कि कहीं उनके मंदिर या घर को जला न दिया जाए। साहा का कहना है कि बांग्लादेश में जमात पार्टी हिंदुओं से सबसे ज्यादा नाराज है। उसके लिए हिंदू मंदिरों को तोड़ना आम बात है। साहा कहते हैं कि भारत में इतना बड़ा मंदिर बना है, लेकिन एक बांग्लादेशी हिंदू होने के नाते और एक मंदिर का अध्यक्ष होने के कारण मेरे मन में डर है। यहां रहने वाले लोगों को 1993 में बाबरी विध्वंस के बाद हिंदुओं पर हुए हमले और हिंसा अभी भी याद है। उनका कहना है कि अभी ये हाल है, अगर विपक्षी कट्टरपंथी सरकार में आ गए तो क्या होगा ? स्थानीय निवासी रूहीदास पाल पिछले पंद्रह साल से ढाकेश्वरी और रमण काली मंदिर में काम कर रहे हैं। वे कहते हैं कि राम मंदिर के उद्घाटन के बाद से यहां माहौल सही नहीं है। वे कहते हैं कि मुझे पत्नी और बेटी की सुरक्षा की चिंता है। वे कहते हैं कि मैं मजदूर हूं, अभी हालात ऐसे हैं, कि हम रिश्तेदारों से मिलने के लिए कोलकाता भी नहीं जा सकते हैं।

कट्टरपंथी की धमकियों के बावजूद सरकार मौन

ढाकेश्वरी मंदिर के महासचिव रामेन मंडल ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या बहुत कम हैं, जो हमेशा असुरक्षा में रहते हैं। छात्र संगठन कार्यकर्ता मेघ मल्हार बासु ने कहा कि कई कट्टरपंथी धमकी दे रहे हैं कि हम सत्ता में आए तो मंदिरों को तोड़कर वहां मस्जिदें बनाएंगे, लेकिन इस पर सरकार मौन हैं। उन्होंने कहा कि सरकार यहां के हिंदुओं की नहीं सुनती है।

कश्मीर एकजुटता दिवस का विरोध करने वालों को दी हमले की धमकी

गिलगित बाल्टिस्तान, एजेंसी

▸▸ वीडियो संदेश से दी गई हमले की धमकी, कहा- सुन लो मॉस्को वाले और राम वाले

आज दुनिया भर के कई कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोगों के अधिकारों के लिए आवाज उठाएंगे। बता दें कि इसी दिन कश्मीर एकजुटता दिवस भी है जिसके विरोध में प्रदर्शन किए जाएंगे। इन सबके बीच सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें लोगों को उस दिन विरोध न करने की धमकी दी गई है।

वीडियो में एक व्यक्ति को यह दावा करते हुए देखा जा सकता है कि वह सैकड़ों लोगों के साथ पीओके के इलाके में घूमेगा और प्रदर्शनकारियों पर हमला करेगा और कोई भी उन्हें रोकने में सक्षम नहीं होगा। वीडियो के साथ पोस्ट किए गए विवरण में दावा किया गया है कि यह व्यक्ति पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन से संबंधित है। वीडियो में एक व्यक्ति कहता हुआ नजर आ रहा है कि '5 फरवरी के विरोध में, चाहे वह मॉस्को के लोग हों या कोई अन्य संगठन हो, मैं खुले तौर पर यह घोषणा करता हूं कि मैं अपने सैकड़ों लोगों के साथ शहर में प्रवेश करूंगा और अगर कोई मुझे रोक सकता है तो रोक कर दिखाए।' इस बीच, दुनिया भर के कई कार्यकर्ताओं ने कश्मीर एकजुटता दिवस मनाने का विरोध करने की घोषणा की है। इससे पहले, यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) जैसे राजनीतिक दलों ने संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) के साथ एकजुटता दिखाते हुए तथाकथित 'कश्मीर एकजुटता दिवस' का विरोध करने के लिए लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग पर प्रदर्शन आयोजित करने की घोषणा की थी।